सूर्योदय 6:13 सूर्यास्त 6:38

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.0 न्यू | 24.8 अधि |
| धर्मशाला | 17.7 न्यू | 26.8 अधि |

बाजार

fZ fZ¢ f
73651.35 d‡f MXe

सोना 67,310 | चांदी 76,337

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 30 मार्च, 2024 | 17 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 101, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- सभी मंडीवासी मेरा परिवार, कोई न समझे मुझे स्टार
- शिमला में 35 कमरों का मकान जलकर राख, सात परिवार बेघर

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- पैसे देकर महंगे टेस्ट करवाने को मजबूर मरीज
- आईपीएल मैच व दलाईलामा की टीचिंग से चमकेगा पर्यटन कारोबार

पृष्ठ 3 पर पढ़ें



- अनियंत्रित होकर पुली से नीचे गिरी कार, पांच घायल
- किराया न मिलने पर भवन मालिक ने बैंक के एटीएम पर जड़ा ताला

पृष्ठ 11 पर पढ़ें



- यह संभवत: मेरा सर्वश्रेष्ठ अंतिम ओवर रहा : आवेश
- गब्बर ब्रिगेड का सामना सुपर जायंट्स से

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज का मैच

लखनऊ सुपर जायंट्स vs पंजाब किंग्स

स्थान: लखनऊ, समय : रात 7:30 बजे

# आयकर विभाग ने कांग्रेस को भेजा 1823 करोड़ का रिकवरी नोटिस

## जांच की मांग वाली याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

एजेंसी, नई दिल्ली

**आयकर** विभाग ने एक बार फिर कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका दिया है। विभाग ने पार्टी को 1,823 करोड़ का रिकवरी नोटिस भेजा है। आयकर विभाग का यह नोटिस वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए है। 1,823 करोड़ की राशि में जुर्माना और ब्याज दोनों शामिल हैं।

आयकर विभाग के नोटिस ने लोकसभा चुनाव 2024 के बीच कांग्रेस की परेशानी और बढ़ा दी है। कांग्रेस ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर 2017-2021 के लिए आयकर विभाग के जुर्माने की दोबारा जांच की मांग की थी, लेकिन अदालत ने कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी। इसके बाद आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी को नोटिस भेजा गया है। अब कांग्रेस पार्टी 3 अन्य वर्षों की आय की जांच पूरी होने का इंतजार कर रही है। यह जांच रविवार तक पूरी होगी। कांग्रेस के वकील विवेक तन्खा ने हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान आयकर विभाग की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग की कार्रवाई गैर जरूरी और लोकतंत्र के खिलाफ है।



नई दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कांग्रेस नेता जयराम रमेश, अजय माकन व पवन खेड़ा।

### भाजपा को भी टैक्स नोटिस मिलने चाहिए : अजय माकन

**आयकर** विभाग से मिले नोटिस को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग ने नोटिस जारी किया, लेकिन भाजपा को लेकर आंखें बंद कर ली हैं, जबकि भाजपा पर 4600 करोड़ रुपए का जुर्माना बनता है।

लोकसभा चुनाव से पहले 'कर आतंकवाद' (टैक्स टेररिज्म) के जरिए विपक्ष पर हमला किया जा रहा है। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आरोप लगाया कि जिन मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने के नोटिस दिए गए हैं, उन्हीं के आधार पर भारतीय जनता पार्टी से 4600 करोड़ रुपए से आधिक के भुगतान की मांग करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, '' आयकर विभाग के जिन नियमों की आड़ में कांग्रेस को परेशान किया जा रहा है, उन्हीं नियमों को लेकर भाजपा को छूट दी जा रही है।''

### सीपीआई और टीएमसी को भी भेजे नोटिस

**भारतीय** कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को भी आयकर विभाग से नोटिस मिले हैं। सीपीआई को इस नोटिस के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों के दौरान आयकर रिटर्न दाखिल करते समय पुराने पैन कार्ड का उपयोग करने के लिए 11 करोड़ रुपए का भुगतान करने को कहा गया है। वहीं टीएमसी नेता साकेत गोखेल ने बताया कि उन्हें पिछले 72 घंटों के भीतर आयकर विभाग से 11 नोटिस मिला।

### कभी न कभी भाजपा सरकार भी बदलेगी : राहुल गांधी



राहुल गांधी ने पार्टी को आयकर विभाग की ओर से जारी किए नोटिस के मुद्दे को लेकर कहा, 'सरकारी एजेंसियां अपना काम ईमानदारी से करें तो लोकतंत्र सुरक्षित रहेगा। इसलिए गलत करने वालों को सोचना चाहिए कि कभी न कभी भाजपा की सरकार बदलेगी।'

छात्रवृत्ति घोटाला मामले में सीबीआई जांच पूरी

# 105 लोगों व 20 संस्थानों के खिलाफ चार्जशीट दायर

रविंद्र जस्टा, शिमला

सीबीआई ने हिमाचल प्रदेश में बहुचर्चित छात्रवृत्ति घोटाला मामले में जांच पूरी कर ली है। सीबीआई ने 20 संस्थानों एवं 105 व्यक्तियों, जिसमें उक्त संस्थानों के मालिक तथा हिमाचल प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के कर्मियों, बैंक कर्मियों व अन्य निजी व्यक्तियों के विरुद्ध चार्जशीट दायर की।

जांच के दौरान उच्च शिक्षा निदेशालय, शिमला के कर्मचारियों, शैक्षणिक संस्थानों के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन व निदेशकों तथा कर्मचारियों एवं बैंक कर्मियों को सहित 19 को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने वर्ष 2013 से 2017 के दौरान हिमाचल प्रदेश में कथित 181 करोड़ रुपए के छात्रवृत्ति के फर्जी एवं कपटपूर्ण दावा करने वाले निजी शैक्षणिक संस्थानों के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश सरकार के अनुरोध पर तत्काल मामला दर्ज किया था।

इसके पाश्चत उच्च न्यायालय, हिमाचल प्रदेश ने भी तत्काल मामले की जांच की निगरानी की एवं तदनुसार समय-समय पर स्थिति संबंधी रिपोर्ट दायर की गई। यह मामला भारत सरकार द्वारा एससी, एसटी, ओबीसी श्रेणियों के छात्रों की मदद के लिए शुरू की गई एवं राज्य सरकार के माध्यम से कार्यान्वित, छात्रवृत्ति फीस प्रतिपूर्ति योजना के कथित दुरुपयोग से संबंधित है। (अनंत ज्ञान)





### वर्ष 2019 में दर्ज हुआ था मामला

**सीबीआई** ने तत्कालीन सरकार के अनुरोध पर वर्ष 2019 में मामला दर्ज किया गया था। सरकार ने प्रदेश में निजी शैक्षणिक संस्थानों के खिलाफ छात्रवृत्ति में फर्जीवाड़े की शिकायत की थी। वर्ष 2013 से 2017 के दौरान करीब 181 करोड़ का हेरफेर हुआ था, जो जांच में और बड़ी में तब्दील हुआ। सीबीआई की प्राथमिकी के बाद ईडी भी इस मामले में जांच कर रही है। ईडी ने 2023 में मंडी जिले के बल्ह में एक निजी संस्थान पर रेड मारी थी। छापों के दौरान बैंक खातों में 2.55 करोड़ रुपए की अघोषित नकदी जब्त की गई थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### अफगानिस्तान में 24 घंटे में फिर भूकंप से कांपी धरती

**काबुल।** अफगानिस्तान में 24 घंटे में दूसरी बार भूकंप से धरती कांपी। आज (शुक्रवार) स्थानीय समयानुसार सुबह 5:11 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.6 दर्ज की गई। इससे पहले गुरुवार सुबह स्थानीय समयानुसार 5:44 बजे रिक्टर पैमाने पर 4.2 तीव्रता का भूकंप आया था। उल्लेखनीय है कि भूकंप के लिहाज अफगानिस्तान बेहद संवेदनशील है। अफगानिस्तान में पिछले साल अक्तूबर में आए भूकंप से भारी तबाही हो चुकी है। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.3 मापी गई थी।

### राजू पाल हत्याकांड में छह दोषियों को उम्रकैद की सजा

**लखनऊ।** बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड में लखनऊ की सीबीआई कोर्ट ने सभी सात आरोपियों को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने छह को उम्रकैद और एक दोषी को सात साल की सजा सुनाई गई है। पुलिस हिरासत में मारे गए अतीक अहमद और भाई अशरफ भी राजू पाल हत्याकांड में नामजद थे। सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने इसरार अहमद, रंजीत पाल, जावेद, गुलशन और अब्दुल कवि को हत्या करने का दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। वहीं फरहान को अवैध असलहा रखने के मामले में चार साल की कैद और 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

### माफिया मुख्तार अंसारी की मौत की होगी न्यायिक जांच

**इलाहाबाद।** मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी ने बांदा के जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मांग की है कि उनके पिता का पोस्टमॉर्टम दिल्ली एम्स के डॉक्टरों से कराया जाए। अपने पत्र में उमर अंसारी ने लिखा है कि उनके परिवार को बांदा की चिकित्सा व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। वहीं माफिया मुख्तार अंसारी के परिवार ने आरोप लगाया है कि बांदा जेल में दोपहर के खाने में जहर दिया गया। शासन प्रशासन उसकी हत्या कराना चाहता था, जिसके बाद अब मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

डिजिटल मीडिया

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा के बालूगंज पुलिस थाने में बयान दर्ज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**विधानसभा** के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर दर्ज एफआईआर के चलते शुक्रवार को हमीरपुर से निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा बालूगंज पुलिस के बुलाने पर हाजिर हुए। वहीं कांग्रेस से अयोग्य करार विधायक चैतन्य शर्मा के पिता राकेश शर्मा थाने में नहीं पहुंचे हैं।

उनकी शनिवार को बालूगंज थाने में पहुंचने की उम्मीद है। सुबह जब आशीष शर्मा पुलिस थाना पहुंचे तो पुलिस ने कुछ समय तक उनके बातचीत की, इसके बाद शाम के समय उन्हें आने के लिए कहा। इसके बाद वह 3 बजे फिर से बालूगंज थाने में पहुंचे, जहां पुलिस के अधिकारियों ने काफी समय तक उनसे सवाल जवाब किए। विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि असली फैसला जनता की अदालत में होगा और सब कुछ कानून के समक्ष होगा। सरकार ने उन पर बेबुनियाद आरोप लगाए हैं। इस देश में कोई भी कानून से उपर नहीं है।



### चैतन्य के पिता राकेश शर्मा नहीं हुए हाजिर

रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट

## संदिग्धों पर 10-10 लाख का इनाम

**बेंगलुरु :** रामेश्वरम कैफे में हुए ब्लास्ट की जांच कर रही एजेंसी एनआईए ने दो संदिग्धों का फोटो जारी किया है। ब्लास्ट में इन दोनों के शामिल होने का संदेह है। एनआईए ने दोनों संदिग्धों पर दस-दस लाख रुपए के इनाम का भी ऐलान किया है।

दोनों प्रमुख संदिग्धों की पहचान अब्दुल मतीन अहमद ताहा और मुस्सविर हुसैन शाजिब के रूप में हुई है। एक मार्च को बेंगलुरु के कुंडलहल्ली स्थित रामेश्वरम कैफे में हुए ब्लास्ट में दोनों के शामिल होने की बात कही जा रही है।

## लाहौल में ताजा हिमपात, पर्यटन स्थलों में लौटी रौनक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

**ताजा** बर्फबारी से लाहौल घाटी के पर्यटन स्थल चमक उठे हैं। गत रात दारचा-जिस्पा सहित कोकसर व सिस्सू में बर्फ के फाहे गिरे। पिछले कुछ दिनों से लाहौल के पर्यटन स्थलों में रौनक लौट आई है। अटल टनल के दीदार कर पर्यटक लाहौल घाटी में दस्तक दे रहे हैं। हालांकि बर्फ से ढकी शीत मरुस्थल लाहौल घाटी की रातें अभी सर्द है जिस कारण पर्यटक सुबह जाकर शाम को वापस लौट रहे हैं। समर सीजन के दस्तक देते ही पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। शुक्रवार को अटल टनल के साउथ व नार्थ पोर्टल सहित पर्यटन स्थल सिस्सू में पर्यटकों का मेला लग गया। अधिकतर पर्यटकों ने सिस्सू में ही बर्फ का आनंद लिया जबकि कुछ एक पर्यटक जिस्पा भी पहुंचे।



सिस्सू में बर्फ के बीच अठखेलियां करते हुए पर्यटक।

### एवलांच से श्रीनगर लेह हाईवे बंद

**देश** में 29 मार्च से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से मौसम का मिजाज बदलने लगा है। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी हो रही है। शुक्रवार को राज्य के सोनमर्ग के हंग इलाके में एवलांच हुआ। इससे दो कारें बर्फ में फंस गई। कार में फंसे लोगों का रेस्क्यू किया गया। हालांकि, एवलांच से श्रीनगर-लेह हाईवे बंद हो गया है।

भारतीय मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में 30 मार्च को भी भारी बारिश और बर्फबारी की आशंका जताई है। उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट है। यहां आंधी-तूफान के साथ बारिश हो सकती है।

माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स से बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# एआई पर भरोसा हो सकता है खतरनाक

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इस चर्चा का मुख्य मुद्दा तकनीकी रहा। इसके अलावा इस चर्चा में शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि भी मुख्य विषय रहे। भारत में संपन्न हुए जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि आयोजन से पहले हमने इस पर व्यापक चर्चा की, जिसके सुखद परिणाम रहे।

इस चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के दुरुपयोग की संभावनाएं तब और बढ़ जाती हैं, जब बिना प्रशिक्षण के यह किसी को सौंपी जाती है। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि एआई-जनित सामग्री पर स्पष्ट वॉटरमार्क के साथ शुरुआत करनी चाहिए। ताकि कोई भी इसका दुरुपयोग न कर सके। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में कोई भी डीपफेक का इस्तेमाल कर सकता है। अगर आप आलस्य की वजह से एआई पर भरोसा कर रहे हैं, तो यह गलत है।

इसके जवाब में बिल गेट्स ने कहा कि यह एआई के शुरुआती दिन हैं। जिन चीजों को आप कठिन समझते हैं, यह उनको आसान कर देगा लेकिन जिन्हें आप आसान समझते हैं, वह वहां विफल हो जाएगा।



## जयशंकर से मिले यूक्रेनी विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा गुरुवार को भारत पहुंचे।

यह उनकी भारत की पहली यात्रा है। शुक्रवार को उन्होंने केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। हैदराबाद हाउस में जयशंकर ने यूक्रेनी विदेश मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।

भारत की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आए कुलेबा ने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य रूस-यूक्रेन संघर्ष के समाधान के लिए शांति फॉर्मूला विकसित करना है।

# इसराइल की सीरिया पर एयरस्ट्राइक, 38 की मौत

एजेंसी, यरूशलम

**मिडल** ईस्ट में एक बार फिर से हालात तनावपूर्ण हो रहे हैं। इसकी वजह यह है कि इसराइल ने शुक्रवार देर रात सीरिया में एयरस्ट्राइक की है। अलेप्पो शहर के पास हुई इसराइल एयरस्ट्राइक में सीरिया की सेना के 38 जवानों की मौत हुई है।

इसराइल हमलों में अलेप्पो के दक्षिणी उपनगर जिब्रीन में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला ग्रुप के मिसाइल डिपो को टारगेट किया गया। करीब 2 घंटों तक धमाकों की आवाज सुनाई देती रही। इसी दौरान कुछ आतंकी संगठनों ने भी इदलिब शहर से ड्रोन स्ट्राइक की। हिजबुल्ला ईरान और सीरिया से राजनीतिक, सैद्धांतिक और सैन्य समर्थन हासिल करता रहा है, जिसके चलते इसराइल ईरान के इस संगठन से नफरत करता है।



सावधान | अलग-अलग राज्यों में पड़ने वाले त्योहार और जयंती के अनुसार तैयार हुई हॉलिडे लिस्ट

# अप्रैल में जल्दी निपटाएं काम, 14 दिन बंद रहेंगे बैंक

एजेंसी, नई दिल्ली

**बैंक** महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थानों में से एक है। ऐसे में अगर बैंकों में लंबे वक्त तक छुट्टी होती है तो ऐसे में कई बार लोगों के जरूरी काम अटक जाते हैं। मार्च का महीना खत्म होने वाला है और अब अप्रैल की शुरुआत हो जाएगी। नए वित्त वर्ष के पहले महीने में 30 दिनों में से 14 दिन बैंकों में अवकाश रहने वाला है।

भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा जारी किए गए हॉलिडे लिस्ट के मुताबिक अप्रैल 2024 में बैंक कुल 14 दिन बंद रहेंगे। ध्यान देने वाली बात ये है कि हॉलिडे लिस्ट को अलग-अलग राज्यों में पड़ने वाले त्योहार और जयंती के अनुसार तैयार किया जाता है।





### बैंकों में छुट्टी होने पर इस तरह निपटाएं काम

**बैंकों** में लंबे वक्त तक छुट्टी होने की स्थिति में ग्राहकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन अब तकनीक ने बहुत सी चीजों को आसान कर दिया है। आप घर बैठे एक खाते से दूसरे खाते में पैसों को नेट बैंकिंग या मोबाइल बैंकिंग के जरिए ट्रांसफर कर सकते हैं। यूपीआई के जरिए भी पैसे ट्रांसफर किए जा सकते हैं, वहीं कैश निकालने के लिए आप एटीएम का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### इन दिनों बैंकों में रहेगा अवकाश

**1 अप्रैल :** सालाना क्लोजिंग के कारण।
**5 अप्रैल :** बाबू जगजीवन राम जन्मदिन और जूमत जुमातुल विदा के कारण तेलंगाना, जम्मू और श्रीनगर में बैंक बंद।
**7 अप्रैल :** रविवार के कारण ।
**9 अप्रैल :** गुड़ी पड़वा/उगाड़ी फेस्टिवल/तेलुगू न्यू ईयर और पहले नवरात्रि के कारण बेलापुर, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, इंफाल, जम्मू, मुंबई, नागपुर, पणजी और श्रीनगर में बैंक बंद।
**10 अप्रैल :** ईद के कारण कोच्चि, केरल के बैंकों में अवकाश रहेगा।
**11 अप्रैल :** ईद के कारण चंडीगढ़, गंगटोक, कोच्चि को छोड़कर पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे।
**13 अप्रैल :** दूसरे शनिवार के कारण।
**14 अप्रैल :** रविवार के कारण।
**15 अप्रैल :** बोहाग बिहू और हिमाचल दिवस के कारण गुवाहाटी और शिमला में बैंक बंद रहेंगे।
**17 अप्रैल :** रामनवमी के कारण अहमदाबाद, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, देहरादून, गंगटोक, हैदराबाद, जयपुर, कानपुर,लखनऊ, पटना, रांची, शिमला, मुंबई और नागपुर में बैंक बंद रहेंगे।
**20 अप्रैल :** गरिया पूजा के चलते अगरतला में बैंकों में अवकाश रहेगा।
**21 अप्रैल :** रविवार होने के कराण।
**27 अप्रैल :** चौथे शनिवार के कारण।
**28 अप्रैल :** रविवार के कारण बैंकों में छुट्टी रहेगी।

# श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत

एजेंसी, जम्मू

**जम्मू-श्रीनगर** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैटरी चश्मा के पास पहाड़ी रामबन जिले में गुरुवार देर रात एक वाहन के गहरी खाई में गिरने के कारण 10 लोगों की मौत हो गई।

दुर्घटना गुरुवार देर रात 1.30-2.00 बजे के बीच हुई जब जम्मू की ओर से श्रीनगर की ओर जा रही टवेरा (यात्री कैब) गहरी खाई में जा गिरी। बचावकर्मियों ने अब तक दुर्घटनाग्रस्त वाहन से 10 शव बरामद कर लिए हैं।

मृतकों में वाहन चालक जम्मू के अंब घ्रोथा के बलवान सिंह (47) और बिहार के पश्चिमी चंपारण के विपिन मुखिया भैरगंग शामिल हैं। मृतक मजदूर प्रतीत होते हैं जो काम के लिए श्रीनगर जा रहे थे। फिलहाल अभी तक यात्रियों की सटीक संख्या का पता नहीं चला है।

अभी तक गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर भी नहीं मिल पाया है। बरामद शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत पाए गए। एएसपी रामबन गौरव महाजन ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय रामबन और थाना प्रभारी रामबन की देखरेख में पुलिस दल बचाव कार्य कर रहे हैं। अब तक 10 क्षत-विक्षत शव बरामद किए गए हैं।



### कंगना रणौत ने रोड शो में जनता से कही दिल की बात, भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से किया स्वागत

# सभी मंडीवासी मेरा परिवार, कोई न समझे मुझे स्टार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

मंडी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत शुक्रवार को दिल्ली से वापस अपने घर पहुंची तो उनका भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिलासपुर और सरकाघाट सीमा पर बनोहा में भव्य स्वागत किया। यहां से उनके गांव भांबला तक एक रोड शो भी हुआ, जिसमें हजारों लोग उमड़े। यहां अभिनेत्री कंगना ने जनता तक अपना संदेश भेजने की कोशिश की।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की लीडरशिप में वह बेस्ट करने की कोशिश करेंगी। अपने क्षेत्र के लोगों के लिए वह कोई हिरोइन नहीं हैं, बल्कि उनकी बहन और बेटी हैं। उन्होंने इस रोड शो के दौरान मीडिया से बात की और कहा, आप देख सकते हैं कि कितनी भीड़ उमड़ी है, कितने लोग आए हैं और कितने लोग गर्वित हैं कि मंडी की बेटी और राष्ट्रवादी आवाज इस चुनाव में मंडी को रिप्रजेंट करेगी। मैं कोई हीरोइन या स्टार नहीं, मैं आपकी बहन और बेटी हूं और आप सब मेरा परिवार हो। उन्होंने राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि वे कहते हैं कि हमने हिंदुओं की शक्ति को समाप्त करना है। क्या वे हम मातृ शक्ति को खत्म करना चाहते हैं। देखिए इसी बीच जब मुझे टिकट मिला तो वह कांग्रेस को हजम नहीं हुआ और इनकी एक महिला नेत्री कहती हैं कि मंडी की बेटियों के क्या भाव हैं। क्या वह यहां की बहन बेटियों का भाव लगा रहे हैं। ऐसी सोच इनकी ही हो सकती है। उन्होंने मंडयाली में अपनी बात रखते हुए सबको अपनी ओर आकर्षित किया।


रोड शो करती कंगना रणौत। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

उन्होंने जय श्रीराम और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए और लोगों से समर्थन की अपील भी की। उन्होंने कहा कि मेरे दादाजी यहां विधायक थे और उन्होंने अपना जीवन यहां के लोगों की सेवा में लगा दिया। मैं जीतकर आई तो आपकी सेवा में कोई कमी नहीं छोड़ूंगी।

इस अवसर पर उनके साथ स्थानीय विधायक दलीप ठाकुर भी साथ रहे। उन्होंने यहां स्वागत में जबरदस्त भीड़ जुटाकर कंगना के इरादों में जान फूंक दी।

# सफलता के खोले द्वार

**आर मोहन चौहान, सोलन**

केंद्र सरकार की तरफ से कोचिंग सेंटर के लिए जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए राहुल आईएएस अकादमी स्कूली छात्रों और प्रतियोगिता परीक्षा के अभ्यर्थियों के लिए सफलता के द्वार खोल रही है। अकादमी में न केवल प्रशासनिक, रेलवे, बैंकिंग भर्ती की कोचिंग दी जा रही है, बल्कि अग्निवीर, सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा, जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा और अन्य सभी नौकरियों के लिए अभ्यर्थियों को क्वालीफाई अनुभवी इंस्ट्रक्टर से शिक्षित किया जाता है। यही कारण है कि पिछले तीन वर्षों की अवधि में अकादमी के अधिकतर अभ्यर्थियों को सफलता हासिल हुई है। इसमें चाहे नौकरी की बात हो या फिर प्रवेश परीक्षा की।

खास बात है कि अकादमी के निदेशक राहुल देओ ने स्वयं यूपीएससी की मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण की पर्सनल इंटरव्यू में रह गए पर उन्होंने हार नहीं मानी और भविष्य के प्रतिभागियों को निखारने ठान ली और बिहार (नालंदा) छोड़ हिमाचल के सोलन को अपनी कर्म भूमि चुना। (अनंत ज्ञान)

## युवाओं में गाइडेंस की कमी



**यूपीएससी** परीक्षा की तैयारी के दौरान राहुल हिमाचल घूमने आए। इस बीच में सोलन भी कुछ दिन दोस्त के यहां रुके। उन्होंने पाया कि यहां के युवाओं में कुछ करने का जज्बा तो है पर उन्हें सही गाइडलाइन नहीं मिल पाती है। युवाओं की प्रतिभा को निकालने के लिए राहुल ने सोलन में ही अपनी कोचिंग अकादमी शुरू करने का निर्णय लिया। परिणाम स्वरूप वे अब तक दर्जनों अभ्यर्थियों का भविष्य संवार चुके हैं।

## अभ्यर्थियों ने हासिल किए मुकाम



**राहुल** की गाइडेंस में 2021 यूपीएससी परीक्षा में श्रेया ने 71वां स्थान और सोनिया कटारिया ने 115 रैंक हासिल किया था। राहुल आईएएस अकादमी में कोचिंग ले चुकी अभ्यर्थी हाल ही में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त हुई। इसी तरह शैक्षिणिक वर्ष में आर्यन चौहान, हिमेश और मनीष ने अकादमी से कोचिंग कर अग्निवीर परीक्षा उत्तीर्ण की। कृतिका शर्मा ने एमबीए की परीक्षा में प्रवेश पाया। इसके अलावा अखिल भारतीय सैनिक स्कूल परीक्षा में भी अकादमी के तीन छात्र अमित, वैभव दीवान और पुष्पांजलि ने प्रवेश पाया है। अकादमी के निदेशक राहुल देव को उम्मीद है कि अकादमी में हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कर रहे हैं। एक दर्जन से अधिक अभ्यर्थियों के परीक्षा परिणाम बेहतर आएंगे। उनका कहना है कि स्कूली बच्चों का सही मार्गदर्शन और उनकी काबिलियत को पहचान बेहद जरूरी है। इसी तरह कॉलेज पास आउट कर चुके विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम के साथ-साथ कौन से विषयों और सिलेबस को पढ़ना है, इसकी जानकारी होना जरूरी है। यह कोचिंग क्लासेस से ही संभव है।

## पूर्व विधायक जगजीवन पाल व परस राम की कांग्रेस में वापसी

**शिमला।** कांगड़ा जिले की सुलह सीट से पूर्व विधायक जगजीवन पाल और कुल्लू जिले के आनी में पार्टी का चेहरा रहे परस राम की कांग्रेस में वापसी हो गई है। हिमाचल प्रदेश में मौजूदा सियासी उठापटक और लोकसभा चुनाव के बीच इन दो नेताओं की वापसी कांग्रेस के लिए राहत की बात हो सकती है। गौरतलब है कि 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान टिकट न मिलने पर ये दोनों नेताओं ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ताल ठोकी थी, जिसके बाद पार्टी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए दोनों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया था। जगजीवन पाल कांगड़ा जिले में कांग्रेस का चेहरा रहे हैं वह कांग्रेस की टिकट पर सुलह सीट से दो बार विधायक भी रहे हैं। उन्होंने साल 1998 में पहली बार चुनाव लड़ा था, लेकिन सफलता 2003 के विधानसभा चुनाव में मिली थी, जब जगजीवन पाल ने बीजेपी उम्मीदवार विपिन परमार को हराया था। इसके बाद 2007 में उन्हें विपिन परमार से हार मिली, जबकि 2012 में जगजीवन पाल ने अपनी हार का बदला लिया और दूसरी बार विधायक बने। इसके बाद जगजीवन पाल को 2017 और 2022 में भी हार का सामना करना पड़ा था। जगजीवन पाल वीरभद्र सरकार में सीपीएस भी रहे हैं।

कुल्लू जिले की आनी सीट पर प्रभावशाली कांग्रेस नेता परस राम का भी निष्कासन रद्द हो गया है। 2017 के विधानसभा चुनाव में परस राम कांग्रेस की टिकट पर आनी विधानसभा से चुनाव लड़े थे, हालांकि वह चुनाव हार गए थे। 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने बंसी लाल को आनी से उम्मीदवार बनाया तो परस राम ने भी बगावत का झंडा बुलंद करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ा था। चुनाव बीजेपी ने जीता, लेकिन परस राम दूसरे और कांग्रेस उम्मीदवार बंसी लाल तीसरे स्थान पर रहे थे। हालांकि 2017 विधानसभा चुनाव में आनी से कांग्रेस ने सिटिंग विधायक खूबराम का टिकट काटकर परस राम को दिया था, हालांकि वह तब भाजपा के किशोरीलाल से हार गया थे, लेकिन 2022 में आनी से कांग्रेस के बंसीलाल को टिकट दिया गया। इसके चलते परसराम ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था। इस कारण उनको पार्टी से बाहर निकाल दिया गया था।

# शिमला में 35 कमरों का मकान जलकर राख, सात परिवार बेघर

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, प्रशासन ने की रहने की व्यवस्था

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू**

जिला शिमला के रोहड़ू उपमंडल के टिक्कर इलाके में भीषण अग्निकांड हुआ है। यहां की ग्राम पंचायत शरोंथा के गांव ब्रेष्टू में वीरवार शाम चार मंजिला मकान जलकर राख हो गया। लकड़ी के बने इस मकान में 40 कमरे थे और सात परिवार रह रहे थे।

अग्निकांड की इस घटना से कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कई परिवार बेघर हो गए हैं। प्रभावित परिवारों के पास तन पर पहने कपड़ों के अलावा कुछ भी नहीं बचा है। स्थानीय प्रशासन की ओर से प्रभावितों को फौरी राहत प्रदान की गई है। प्रारंभिक जांच में आग की वजह शार्ट सर्किट सामने आई है। अग्निकांड की सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि सात परिवारों के आशियाने को जलने से नहीं बचाया जा सका। राजस्व विभाग की टीम अग्निकांड का आकलन कर रही है। पुलिस के मुताबिक इस घटना में एक करोड़ से अधिक की संपत्ति नष्ट हुई है। रोहड़ू के डीएसपी रविंद्र नेगी ने बताया कि आग से राख हुए बहुमंजिला मकान में लगभग 35 से 40 कमरे थे। इस मकान में सात संयुक्त परिवार रह रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रभावितों में दयानंद शर्मा, यशवंत शर्मा, सुरेश शर्मा, मनमोहन शर्मा, राम गोपाल शर्मा, पुष्पा देवी और अंजू का परिवार शामिल है।

उनका कहना है कि मकान के पूरी तरह से लकड़ी से बने होने के कारण आग तेजी से फैली और इसे नियंत्रित करना मुश्किल हो गया था। उन्होंने कहा कि आग लगने की इस घटना में एक करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। प्रशासन की ओर से प्रभावितों के रहने की व्यवस्था की गई है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया आग लगने की वजह शार्ट सर्किट सामने आई है।


घर से निकलतीं आग की लपटें।

## राज्यपाल ने बगलामुखी मंदिर में नवाया शीश

**देहरा।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने वीरवार शाम को अपनी पत्नी सहित मां बगलामुखी के दरबार में पहुंचकर शीश नवाया। मंदिर पहुंचने पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मां के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मां के दर्शन करने के बाद राज्यपाल ने सुख-शांति के लिए हवन भी किया। मंदिर प्रबंधन की तरफ से राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल तथा उनकी पत्नी को माता की फोटो भेंट की गई। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल भी मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मां बगलामुखी के दर्शन किए। डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे बगलामुखी मां के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।


बगलामुखी मंदिर में धर्मपत्नी के साथ माता के दर्शन करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

हैप्पी बर्थडे



मंडी की युविशका ठाकुर को जन्मदिन पर अनंत शुभकामनाएं।

**बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# राजेंद्र राणा ने धूमल से बंद कमरे में की मंत्रणा

## पूर्व सीएम बोले- प्रत्याशियों की जीत के लिए करेंगे काम, राणा ने कहा- मैनें अपनी अंतरात्मा की सुनीं

**संजीव चैहान, टौणी देवी**

कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा व बड़सर के पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल अपने समर्थकों के साथ समीरपुर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल का आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर प्रो. धूमल के साथ लगभग एक घंटा बंद कमरे में मंत्रणा की, जिसमें भाजपा के जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा व मंडल अध्यक्ष विक्रम राणा भी उपस्थित रहे। उसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रो. धूमल ने दोनों पूर्व विधायकों का पार्टी में स्वागत किया और कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, इससे जुड़ना एक सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि बढ़ता हुआ परिवार देखकर प्रसन्नता होती है, इन दोनों विधायकों का भी स्वागत है। इससे भाजपा को शक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा की प्रदेश में वर्तमान स्थिति चिंता जनक है, क्योंकि कांग्रेस सरकार से उसके ही चुने हुए विधायक नाराज होकर पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में भाजपा पूरे तन मन से इन प्रत्याशियों को जिताएगी । प्रो. धूमल ने पंचायत से लेकर लोकसभा तक के चुनाव एक साथ करवाने की मांग की है, जिससे सभी चुनाव एक दिन एक साथ होने चाहिए और इससे समय भी बचेगा और पैसा भी। इस अवसर पर राजेंद्र राणा ने कहा कि उन्होंने हिंदू विरोधी विचारधारा रखने वाले मुख्यमंत्री को कई बार आगाह किया, उन्हें राम मंदिर उद्घाटन में जाने से रोका गया, क्षेत्र के विकास कार्य रोके गए, विधायकों को अपमानित किया गया और अपने मित्रों की ही बात सुनी। राज्यसभा चुनाव में बाबरी मस्जिद का पक्ष रखने वाले हिंदू विरोधी को प्रत्याशी बनाया, तब उन्होंने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी और हिमाचल के व्यक्ति को राज्यसभा के लिए चुना। उन्होंने कहा कि मैंने घर वापसी की है, ताकि ऐसी मानसिकता वाले लोगों को सत्ता से हटाया जा सके और मोदी के नेतृत्व में प्रदेश को आगे बढ़ाया जा सके। उनके साथ आज लेख राज, कैप्टन ज्योति प्रकाश, राजीव ठाकुर, अभिषेक राणा सहित दो दर्जन से अधिक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने धूमल से आशीर्वाद लिया। (अनंत ज्ञान)


पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल को फूलों का गुलदस्ता भेंट करते राजेंद्र राणा।

## ठियोग में पकड़ी पांच लाख की हेरोइन हरियाणा के दो तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला की ठियोग पुलिस ने मादक पदार्थ हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पांच लाख रुपए की कीमत की हेरोइन बरामद हुई है। दोनों आरोपी हरियाणा के रहने वाले हैं और कार में सवार होकर हेरोइन बेचने की फिराक में थे।

ठियोग पुलिस को सूचना मिली थी कि हरियाणा नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार में सवार दो लोग नशे की तस्करी में संलिप्त हैं और कुफरी से ठियोग की तरफ जा रहे हैं। इस पर पुलिस ने फागु के पास नाका लगाकर कार (एचआर26सीजी-1183) को निरीक्षण के लिए रोका और तलाशी के दौरान कार सवार दो युवकों से 49 ग्राम हेरोइन बरामद किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत पांच लाख रुपए है।

तस्कर इस हेरोइन को छोटी-छोटी मात्रा में आगे बेचने की फिराक में थे। ठियोग के डीएसपी सिद्धार्थ शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि हेरोइन के साथ गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनोज कुमार (32) निवासी भवानी हरियाणा और अनिल कुमार (41) निवासी हिसार हरियाणा के रूप में हुई है। इनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। दोनों अभियुक्तों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष





# अपने हिस्से का आसमान खुद तय करें महिलाएं



**एक आदर्श समाज की कल्पना हो और उसमें महिलाओं की भागीदारी न हो ऐसा मुमकिन नहीं है। आज के तेजी से बदलते समाज में महिलाओं की भूमिका भी बदल रही है, आज महिलाएं किचन ओर बच्चों की परवरिश से ऊपर उठ५कर अपनी एक अलग पहचान बना रही हैं। महिलाएं आज देश के राष्ट्रपति से लेकर हर सरकारी और गैर सरकारी विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी निभा रही हैं। वहीं, विदेश में भी महिलाएं अपनी सफलता के झंडे गाड़ रही हैं। इसी कड़ी में आज महिलाओं की भागीदारी के बारे में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं से रू-ब-रू होते हैं।**

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

## समाज में बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी



**समाज** में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है और पूरी उम्मीद है कि आगे भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ती जाएगी। महिलाओं को अपने लिए मौके खुद ही बनाने होंगे, ताकि वे बिना किसी पर निर्भर रहे आगे बढ़ सकें। पंचायत में जब प्रधान के तौर पर मैंने काम शुरू किया तो पहले थोड़ी दिक्कत हुई थी, मगर कुछ ही समय में काम करते-करते पंचायत के सभी काम सीख गई। इसलिए दूसरी महिलाओं को भी अपने डर को पीछे छोड़ आगे आना होगा। महिलाएं सब काम कर सकती हैं और समाज को बेहतर बनाने में पूरा योगदान दे सकती हैं। सरकार को भी महिलाओं की सुविधा और असुविधाओं के बारे में विचार करते हुए महिलाओं की क्षमता को देखते हुए और भी मौके उपलब्ध करवाने होंगे। महिलाओं का शिक्षित होना बहुत ही जरूरी है, ताकि कोई भी महिलाओं की अज्ञानता का अनुचित लाभ न उठा सके। इसके साथ ही महिलाओं को अपने मंजिल तक रास्ता खुद ही तय करना होगा और सबसे जरूरी खुद पर और स्वयं लिए गए फैसलों पर पूरी तरह से विश्वास करना होगा, तभी आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

**रजनी, प्रधान ग्राम पंचायत डुगीलग।**

## समाज में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण



**हमारे** समाज में महिलाओं की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे समाज की पोषक, देखभाल करने वाली और योगदानकर्ता हैं। हर तरह की चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, महिलाएं अपने व्यक्तित्व, करुणा और दृढ़ संकल्प के साथ हमारे समुदाय को प्रेरित, सशक्त और समृद्ध करना जारी रखती हैं। महिलाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती समान अवसरों की कमी है। महिलाओं को समान अवसर नहीं मिलते हैं। उन्हें हमेशा पितृसत्तात्मक समाज द्वारा दरकिनार किया जाता है और उनकी असाधारण क्षमताओं के बावजूद उनके साथ भेदभाव किया जाता है। वे ऐसी हैं, जो जरूरत पड़ने पर हर बार त्याग करती हैं। अब समय आ गया है कि हमारा समाज महिलाओं को प्रोत्साहित करे, उनका सम्मान करे और उनके द्वारा इस दुनिया को दिए जा रहे योगदान के लिए उनका आभार माने। सरकार से मैं सिर्फ समानता की उम्मीद करती हूं। अवसरों के मामले में समानता, वेतन के मामले में समानता।

**रक्षंदा ठाकुर, प्रभारी, चंद्रआभा मेमोरियल स्कूल फॉर द ब्लाइंड कुल्लू हिप्र।**

## अपना रास्ता-अपनी दिशा खुद तय करें महिलाएं



**समाज** में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए महिलाओं को खुद डिसीजन मेकिंग में आगे आना होगा और अपने विचारों और पक्ष को सही समय पर सही तरीके से रखना होगा, ताकि उस पक्ष की अनदेखी न हो। इसके साथ ही अपनी कमजोरियों की पहचान कर उन्हें अपनी ताकत बनाना होगा। मुझे लगता है कि महिलाओं की अपनी दिशा खुद ही तय करनी चाहिए, हमें किसी के हिसाब से चलने की जरूरत नहीं है। जब तक हम सही हैं और सही राह पर हैं, तब तक हमें अपने फैसले खुद ही लेने होंगे, क्योंकि अपने बारे में हम खुद ही बेहतर जानते ओर समझते हैं। बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि आज के समय में भी महिलाओं के उत्थान में एक बड़ी बाधा बनने का काम महिलाएं ही कर रही हैं। मुझे जब साइकोलॉजी कंसल्टेंसी के दौरान बहुत से ऐसे मामलों से रू-ब-रू होना पड़ा, जहां पर महिलाओं ने दूसरी महिला की राह में रोड़ा बनने का कार्य किया। इसलिए महिलाओं को चाहिए कि वे दूसरी महिला का सहयोग करें, ताकि महिलाएं अपने हिस्से का आसमां खुद तय कर सकें।

**कांता देवी, मॉडल करियर सेंटर की नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय करियर सेवा संस्थान में आंतरिक संकाय, श्रम और रोजगार मंत्रालय दिल्ली।**

## महिलाओं के बिना सभ्य समाज की कल्पना असंभव



**किसी** भी समाज को सजाने-संवारने का कार्य व संस्कारित करने का कार्य जिस बेहतरी के साथ एक महिला कर सकती है, वह अतुलनीय है। महिलाओं के बिना एक सभ्य और स्वस्थ समाज की कल्पना करना ही असंभव है। एक महिला अपनी हर जिम्मेदारी को निभाते हुए बच्चों को सही दिशा-निर्देश देकर सकारात्मक शिक्षा देकर स्वस्थ समाज के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। आज एक महिला के मार्ग की बहुत बड़ी बाधा तब सामने आती है, जब समाज की संकीर्ण मानसिकता उस के प्रयासों को शक की नजर से देखने लगती है, जिस कारण महिलाओं को मिलने वाला सहयोग अर्थहीन होकर रह जाता है, जिस कारण उन्हें कभी भी वह पर्याप्त सहयोग और साथ नहीं मिल पाता, जिसकी वह हकदार होती है। सरकार द्वारा संचालित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान को केवल औपचारिक अभियान न बना कर ठोस अमलीजामा पहनाया जाना आवश्यक है, ताकि एक ऐसे सुंदर समाज का निर्माण हो सके, जहां पर महिलाओं की भागीदारी शत-प्रतिशत हो सके।

**शकुंतला शकुन, सेवानिवृत्त प्राध्यापिका व हिमाचली लोक गायिका।**

# चारों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी कांग्रेस : सुदर्शन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि कांग्रेस इस मरतबा चारों की चारों लोकसभा सीटों पर जोरदार जीत दर्ज करने जा रही है।



वहीं, प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू जी के नेतृत्व में छह विधानसभा क्षेत्रों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। पत्रकारों के प्रशन पर बोलते हुए प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने बताया कि लोकसभा की बीजेपी ने चार उम्मीदवार मैदान में उतार दिए है, लेकिन कांग्रेस ने अभी तक एक भी उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारा। इसका जवाब देते हुए कांग्रेस पार्टी की आलाकमान द्वारा लंबी प्रिक्रिया से गुजरना पड़ता है। इसमे सीडब्ल्यूसी द्वारा अभी सशक्त उम्मीदवारों का अंतिम निर्णय लिया जाएगा। निजी उम्मीदवारी के प्रशन का उत्तर देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि आलाकमान द्वारा कांगड़ा चम्बा लोकसभा क्षेत्र के लिए आवेदन मांगे थे। इसके लिए एक कार्यकर्ता के रूप में आवेदन किया है। इस पर अभी तक आलाकमान की तहकीकात चल रही है कुछ दिनों में सशक्त उम्मीदवार की फेहरिस्त जारी कर दी जाएगी। मंडी लोकसभा क्षेत्र से कंगना रनौत की उम्मीदवारी के प्रशन का उत्तर देते हुए प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने बताया कि कंगना रनौत हिमाचल की बेटी है हम उनके चुनाव का स्वागत करते है। उन्होंने कहा कि मंडी से प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा देवी चार बार मंडी लोकसभा क्षेत्र का बतौर सांसद नेतृत्व कर चुकी है व एक सशक्त उम्मीदवार होने के साथ साथ। एक निष्ठावान राष्ट्रीय नेता का निर्वहन कर रही है।

# पैसे देकर महंगे टेस्ट करवाने को मजबूर मरीज

## टांडा अस्पताल में नहीं हो रहे सभी फ्री टेस्ट; रोगियों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना, जल्द मांगा समाधान

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा महाविद्यालय टांडा अस्पताल में मुफ्त वाले पूरे टेस्ट नहीं हो रहे हैं। एक ओर जहां सरकारी अस्पतालों में मुफ्त के इलाज का अलाप बड़े जोर-शोर से किया जाता है, लेकिन धरातल पर तस्वीर कुछ और बयां कर रही है, क्योंकि सभी मुफ्त के टेस्ट नहीं हो रहे हैं। मरीजों को कुछ टेस्टों को कैश पेमेंट देकर बाहर की प्राइवेट लैब्स में करवाना पड़ रहा हैं। सीबीसी, टी 3, टी 4, टी 5 एच, एलएच, एसएफएच, प्रोलेटिन, सी ए-125, फिरिटिन, पीएसए, एंटी टीपीओ, पीटीआईएनआर जैसे कीमती टेस्ट मरीजों को बाहर करवाने को मजबूर होना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा मुश्किल बुजुर्ग, महिला व अपंग मरीजों को झेलनी पड़ रही है।

जाहिर सी बात है कि जब मरीज उपचार के लिए अस्पताल आता है, तो उसके कुछ न कुछ टेस्ट अवश्य लिखे जाते हैं, लेकिन जब एमर्जेंसी में रात को आए मरीज को यह कहा जाता है कि यह टेस्ट बाहर से करवाकर लाने को कहा जाता है। उस समय मरीज व उसके साथ आए तीमारदारों की सांसें फल जाती हैं कि अब रात को इन टेस्टों को अकेले बाहर से कैसे करवाएं। कुछ टेस्टों की कीमत तो हजारों में होती हैं, जिन्हें गरीब मरीजों को देना बहुत मुश्किल होता है और मरीज सोचने पर मजबूर हो जाता है कि यह मुफ्त की सुविधा है या आफत।



टांडा अस्पताल में टेस्ट करवाने के लिए लाइनों में लगे मरीज।

### अस्पताल में नहीं मिलती मुफ्त की सारी दवाइयां

**बात** अगर दवाइयों की करें तो पूरी दवाइयां मुफ्त में नहीं मिलती हैं और मरीजों को हजारों खर्च कर दवाइयां खरीदनी पड़ती हैं। जब सरकार ने मुफ्त के टेस्टों का पैनल बनाया है, तो फिर पूरे टेस्ट क्यों नहीं किए जाते हैं यह चिंतनीय व पूर्ण किए जाने योग्य तथ्य हैं, जिनके बारे गंभीर विचार किया जाना चाहिए।

### टांडा अस्पताल पर निर्भर हैं आधे हिमाचल के मरीज

**प्रदेश** के दूसरे बड़े अस्पताल में छह जिलों चंबा, मंडी, ऊना, हमीरपुर, कुल्लू और 15 लाख की आबादी वाले सबसे बड़े जिले कांगड़ा के मरीज हजारों की संख्या में यहां इलाज करवाने के लिए पहुंचते है। सरकारें मुफ्त के इलाज का अलाप बार-बार लोगों को महसूस करवाती रहती हैं। जैसे की मरीज का एक रुपया भी खर्च नहीं हो रहा हो, लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही है। जैसे सीटी स्कैन को कहा जाता है कि सरकारी अस्पतालों में मुफ्त में होता है, लेकिन इसके साथ इंजेक्शन व ड्रिप वायर के लिए मरीज को अलग से पैसे-पैसे खर्च करने पड़ते हैं, इसके बारे में कोई भी कुछ नहीं बोलता है।

# सरकार को गिराने का ही षड्यंत्र रचते रहे सुधीर शर्मा : देवेंद्र जग्गी

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

कांग्रेस ने सम्मान नहीं दिया और जलील किया, यह बात कहना सुधीर शर्मा को शोभा नहीं देती। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें विधायक बनाया फिर मंत्री बनाया, 2019 के उप-चुनावों में जब पार्टी को उनकी जरूरत थी तो उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया, फिर लोकसभा चुनावों में भी लड़ने से भी मना कर दिया। जब पार्टी को उनकी जरूरत थी तो सुधीर शर्मा ने पार्टी को पीठ दिखाई। 2022 में पार्टी ने फिर भी उन पर भरोसा जता कर उन्हें पार्टी टिकट दी लेकिन सुधीर शर्मा ने पार्टी को बदले में धोखे के अलावा क्या दिया। इस बात का जवाब सुधीर शर्मा दें।




धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते पूर्व महापौर देवेंद्र जग्गी व अन्य कांग्रेस नेता।

कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए सुधीर शर्मा पर यह तीखा प्रहार धर्मशाला में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में पूर्व महापौर, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं कांग्रेस पार्टी टिकट के प्रबल दावेदारों में शामिल देवेंद्र सिंह जग्गी ने किया है। जग्गी ने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा में लोगों को राहत देने में लगी रही लेकिन सुधीर शर्मा सरकार को गिराने के षड़यंत्र रचते रहे। उन्होंने कहा कि अपमान व जलील होना उसे कहते हैं, जो उन्होंने धर्मशाला की जनता को किया है। घर में शादी का कार्ड तक देने वाले लोगों के लिए सुधीर शर्मा घर का गेट नहीं खोलते थे, सुधीर शर्मा बताएं कि क्या वह लोग जलील नहीं होते थे। बकौल जग्गी, सुधीर शर्मा अपनी अति महत्वकांक्षाओं के चलते भाजपा में गए हैं। उन्हें एक आम परिवार से निकला व्यक्ति मुख्यमंत्री पद पर हजम नहीं हो रहा है। सुधीर शर्मा मुख्यमंत्री पर किस आधार पर आरोप लगा रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने तो आपदा में अपनी जीवन भर की जमा पूंजी दान कर दी लेकिन सुधीर शर्मा बताएं आपदा के दौरान उन्होंने क्या सहयोग किया। ऐसे मुख्यमंत्री के खिलाफ बोलना उन्हें शोभा नहीं देता। देवेंद्र जग्गी ने कहा कि सुधीर शर्मा बार-बार कांग्रेस पार्टी को धोखा देते आए हैं और इस बार तो उन्होंने सारी सीमाएं लांघ दी हैं। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनीत धीमान, मौजूदा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरभजन सिंह भज्जी, धर्मशाला नगर निगम महापौर नीनू शर्मा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश कुमार पप्पी, हिमाचल कांग्रेस सचिव पुनीत मल्ली व युवा कांग्रेस अध्यक्ष जिला कांगड़ा पंकज कुमार सहित विभिन्न कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# राज्यपाल ने किया 'नुआला' पुस्तक का विमोचन

## राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र के दौरान केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में की शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग एवं भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के संयुक्त तत्वावधान द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में भट्टियात जनपद के गांव भौंट से स्थायी निवासी डॉ. भरत सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'नुआला' का विमोचन हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल महोदय शिव प्रताम शुक्ल एवं कुलपति आचार्य सत प्रकाश बंसल जी के करकमलों से हुआ। डॉ. भरत सिंह की पीएचडी हिमाचल प्रदेश केंद्रीय धर्मशाला से पूर्ण हुई है। इनके लोकविषयक अभी तक दो पुस्तकें और 25 से अधिक शोध आलेख देश-विदेश की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं।




पुस्तक 'नुआला' का विमोचन करते हुए राज्यपाल शिव प्रताम शुक्ल व अन्य।

गौरतलब है कि नुआला विशेष रूप से चंबा-कांगड़ा के गद्दी समुदाय का एक विशेष लोकोत्सव है। इसमें सृष्टि निमायक महादेव और कालब्रह्म कि आराधना की जाती है। यह विशेष आराधना ऐंचली गीतों के माध्यम से सृष्टि की उत्पत्ति, शिव-विवाह, रामायण, महाभारत सहित अन्य देवी-देवताओं के आख्यान गाए जाते हैं जिसका क्रमबद्ध विवेचन और विश्लेषण डॉ. भरत सिंह ने अपनी पुस्तक में किया है। विवेच्य पुस्तक में लेखक ने दो वर्षों तक शोध किया और चंबा-कांगड़ा के विभिन्न जनपदीय क्षेत्रों में जानकर नुआला संबंधी जानकारियां एकत्रित करके शोधपरक कार्य किया है जो लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संबर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य करेगा। इस अवसर पर डॉ. भरत सिंह ने कहा कि संस्कृतियों के आपसी संक्रमण एवं विदेशी सभ्यता और संस्कृति का अंधानुकरण करने से लोग अपनी संस्कृति से कटते जा रहे हैं जो नितांत चिंता का विषय है। आजकल लोक संस्कृति भी बाजार बन चुका है। सस्ते मनोरंजन और धन लिप्सा में आकर कुछ लोग पारंपरिक ऐंचलियों के मौलिक स्वरूप को विकृत कर रहे हैं जो भविष्य से लिए अच्छा नहीं हैं। सरलता, सहजता और अकृत्रिमता गद्दी लोक संस्कृति का मूल भाव है। नुआला पुस्तक की भूमिका हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के माननीय कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा ने लिखी है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार तथा अन्य आचार्य, सह-आचार्य, सहायक आचार्य, शोधार्थी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सांस्कृतिक इतिहास को दुनिया के सामने लाने की जरूरत : राज्यपाल

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक इतिहास की अनंत सम्भावनाओं से परिपूर्ण है। आवश्यकता केवल व्यवस्थित अनुसंधान कर उसे दुनिया के सामने लाने की है। यह बात हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के इतिहास विभाग व भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली की ओर से प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए कही। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के धार्मिक स्थान आज भी अनेकों ऐतिहासिक घटनाओं के माध्यम से न केवल समृद्ध सांस्कृतिक विरासत समेटे हुए है बल्कि जीवंत इतिहास भी छिपा हुआ है। इसलिए इस पर बहुत काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने मौके पर उपस्थित इतिहासविदों का आह्वान करते हुए कहा कि इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी मे इस बात का गहन चिंतन मनन होना चाहिए कि कैसे इतिहास, लोक संस्कृति, ऐतिहासिक पुरावशेष का भंडार कहे जाने वाले हिमाचल प्रदेश मे शोध व निरन्तर अध्ययन के माध्यम से इसके सांस्कृतिक इतिहास को फिर से लिख कर प्रदेश को संमृद्ध किया जा सकता है। हिमाचल प्रदेश का सांस्कृतिक इतिहास विषय पर बोलते हुए मुख्य वक्ता डॉ. बाल मुकुंद पांडेय ने कहा कि अब स्थितियां बदल गई हैं। अब महाराणा प्रताप, शिवाजी, आहोम राजाओं सहित उन गौरवशाली राजाओं और घटनाओ का इतिहास पढ़ाया जा रहा है जो भारत के गौरवशाली अतीत का स्मरण करवाएंगे।

# मनोज ठाकुर ने कांग्रेस टिकट के लिए ठोंका दावा

## 2012 में टिकट मिलने के दो दिन बाद टिकट काटकर सुधीर शर्मा को दे दी थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांग्रेस के दिग्गज नेता मनोज कुमार ने धर्मशाला से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर टिकट की मांग रखी है।

धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि टिकट का पहला हक उनका है क्योंकि वर्ष 2012 में धर्मशाला से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर उन्हें टिकट मिला था और दो दिन बाद कट गया। टिकट मिलने पर एक जनसैलाव उनके साथ जुड़ गया था, लेकिन दो दिन बाद टिकट काट कर सुधीर शर्मा को दे दिया गया। टिकट कटने के बावजूद उन्होंने पार्टी का साथ नहीं छोड़ा और नए प्रत्याशी का चुनावों में पूरा साथ देकर उन्हें जीत दिलवाई। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी उन पर भरोसा जताती है तो वह भारी मतों से जीत दर्ज करवा कर यह सीट कांग्रेस की झोली में डालेंगे। मनोज कुमार ने कहा कि वह गद्दी समुदाय से संबंध रखते हैं और अपने समुदाय सहित अन्य सभी समुदायों से उन्हें भरपूर सहयोग मिल रहा है। सभी लोगों से विचार-विमर्श कर के ही वह टिकट की दावेदारी जता रहे हैं।



### 13,500 एमएल अवैध शराब बरामद, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत दो जगहों से अवैध शराब बरामद की गई है। धर्मशाला के अंतर्गत सकोह में कुलदीप चंद निवासी वार्ड-नौ की दुकान से 7,500 एमएल अवैध देसी शराब बरामद की गई। इसके अतिरिक्त टीकावनी में गगन सहानी निवासी टीकावनी योल की दुकान से 6,000 एमएल अवैध शराब बरामद की गई। दोनों मामलों की पुष्टि करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस को उक्त दोनों दुकानों में अवैध शराब की बिक्री की शिकायत मिली थी, जिसके आधार पर जब दुकानों में छापेमारी की गई तो पुलिस को अवैध शराब बरामद करने में सफलता हासिल हुई। उन्होंने बताया कि दोनों मामलों को हिमचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# एक सप्ताह में जमा करवा दें अपने लाइसेंसी हथियार : गुरदेव सिंह

**अनंत ज्ञान, गरली**

लोकसभा चुनावों की घोषणा होते ही जिला प्रशासन पूर्ण रूप से हरकत में आ गया है। वहीं, इसी के तहत प्रदेश भर में आचार संहिता लगते ही प्रत्येक पुलिस थाने मे लाइसेंसी हथियार जमा करने के भी सख्त दिशा निर्देश जारी हो चुके है।

वहीं, डीएसपी ज्वालामुखी के तहत पुलिस थाना रक्कड़ प्रभारी गुरदेव सिंह ने सोमवार को सख्त फरमान जारी करते हुए कहा कि यहां क्षेत्र भर के तमाम बंदूक धारी अपनी अपनी लाइसेंसी बंदूकें व अन्य हथियार अगामी एक सप्ताह के भीतर पुलिस थाना रक्कड़ कार्यलय मे जमा करवा दें। वरना चैकिंग के दौरान जिस किसी के पास से भी हथियार बरामद हुआ तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। थानेदार गुरदेव सिंह ने कहा कि पहले विधानसभा चुनावों के दौरान भी पुलिस थाना रक्कड़ मे 344 लाइसेंसी हथियार जमा हुए थे। वहीं एसएचओ गुरदेव सिंह ने साफ तौर पर कहा है कि अगामी एक सप्ताह के भीतर जिस भी किसी के पास हथियार है वह जमा करवा दे।



एसएचओ गुरदेव सिंह।

अन्यथा पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं, लोकसभा चुनावों की घोषणा होते ही जिला प्रशासन पूर्ण रूप से हरकत में आ गया है।

# पेड़ की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

## पबाड़ा में पेड़ काटते समय पेश आया हादसा, छानबीन में जुटी पुलिस

**अनिल छांगू, जवाली**

पुलिस थाना फतेहपुर के अंतर्गत पंचायत बरुणा के गांब पबाड़ा में एक पेड़ की चपेट में आने के कारण एक युवा व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई है।

प्राप्त जानकारी अनुसार युद्धबीर सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र बाबू राम निवासी बड़ियाली तहसील फतेहपुर अपने साथियों के साथ पंचायत बरुणा के गांब पबाड़ा में कटान का कार्य कर रहा था। वहीं, कटान करते समय एक पेड़ की चपेट में आने से काम पर लगे युवक युद्धवीर सिंह गंभीर अवस्था में घायल हो गया। कटान के काम पर लगे अन्य मजदूरों ने उसे बाहर निकाला। बाहर निकालते ही उसे तुरंत सिविल अस्पताल फतेहपुर पहुंचाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। (अनंत ज्ञान)



फतेहपुर अस्पताल में रखा मृतक का शव।

### पीड़ित परिवार के लिए लगाई मदद की गुहार

**वरुणा** के पंचायत प्रधान जगरूप सिंह ने बताया उक्त युवक दिहाड़ी मजदूरी लगाकर परिवार का पालन पोषण करता था तथा अति गरीब परिवार से सबंध रखता था। उन्होंने व अन्य लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

### शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**थाना** प्रभारी फतेहपुर राजिंद्र कुमार ने बताया कि फतेहपुर अस्पताल की तरफ से मिली सूचना पर पुलिस ने मृतक के साथियों के ब्यान दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिबिल अस्पताल नूरपुर भेज दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट और धमकी देने पर मामला दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत को बसोट में प्रवीण, विट्टी देवी व पूजा सभी निवासी बसोट डाकघर कुठारना तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा ने रवि कुमार निवासी बसोट के साथ इसके घर में जान से मारने की धमकी दी और गाली-गलौज व मारपीट की। पुलिस ने इस संदर्भ में भारतीय दंड सहिंता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### भवारना में चरस और देहरा में चिट्टा बरामद

**धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस ने नशे के खिलाफ छेड़ी मुहीम के तहत शुक्रवार को दो मामलों के तहत चरस व चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की है। इसमें एक मामला भवारना का है और दूसरा देहरा का। पुलिस थाना भवारना के तहत खवली मैदान, बसकेहड़ में विकास कुमार निवासी बोदा व अंकित कुमार निवासी बंदई हैंजा भवारना से 207 ग्राम चरस बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर जब उक्त व्यक्तियों तालाशी ली गई तो उनके पास से पुलिस को चरस बरामद हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि उक्त मामले को विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दूसरे मामले में, पुलिस थाना देहरा के तहत करनैल ढ़ाबा से जतिंद्र निवासी वार्ड नंबर तीन नगरोटा बगवां के पास से 16 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस को उक्त व्यक्तियों द्वारा चिट्टे के व्यापार की गुप्त सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर जब उनकी तलाशी ली गई तो पुलिस को चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि उक्त मामले को विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**पर्यटन** मैक्लोडगंज में धर्मगुरु दलाईलामा की दीर्घायु के लिए तीन अप्रैल को होगी विशेष प्रार्थना, पर्यटन को लगेंगे पंख

# आईपीएल मैच व दलाईलामा की टीचिंग से चमकेगा पर्यटन कारोबार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल में शुमार मैक्लोडगंज-धर्मशाला पर्यटन कारोबार को अब एक बार फिर धर्मशाला स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैच और दलाईलामा की टीचिंग से पटरी पर लौटने की आस बंधी है।

इसके साथ ही बौद्धनगरी मैक्लोडगंज में धर्मगुरु दलाईलामा की दीर्घायु के लिए होने वाले विशेष प्रार्थना सभा और टीचिंग को लेकर पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जगी है। इसके साथ ही भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच के बाद पांच और नौ मई को एचपीसीए स्टेडियम में होने वाले टाटा आईपीएल मैच को लेकर पर्यटन कारोबार को पंख लगने की उम्मीद है। तिब्बतियों के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाईलामा की दीर्घायु के लिए तीन अप्रैल को विशेष प्रार्थना सभा और 19 से 20 अप्रैल तक होने वाले टीचिंग को लेकर आने वाले दिनों में एक बार फिर पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ ही पहाड़ पर पर्यटन कारोबार भी उड़ान भरेगा। पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज स्थित चुगलाखंग बौद्ध मठ में तिब्बतियों के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाईलामा की दीर्घायु के लिए तीन अप्रैल को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा।

प्रार्थना सभा का आयोजन विभिन्न तिब्बती समूहों द्वारा किया जा रहा है। इस प्रार्थना सभा का लाइव वेबकास्ट भी किया जाएगा। इस वेबकास्ट को न केवल भारत बल्कि चीन, जर्मन, वियतनाम, मंगोलियन तथा ताईवान व रशियन भाषा में भी उपलब्ध करवाया जाएगा। प्रवचन और दीर्घायु प्रार्थना कार्यक्रम का तिब्बती, चीनी, जापानी, हिंदी, स्पैनिश, फ्रेंच नेपाली, लद्दाखी, नेपाली सहित अन्य भाषाओं में लाइव प्रसारण किया जाएगा। प्रवचन कार्यक्रम में हिस्सा लेने के इच्छुक अनुयायी दलाईलामा टीचिंग वेबसाइट पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। अब मौसम में परिवर्तन होने के साथ वीकेंड पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में इजाफा होने लगा है। वहीं होटल कारोबारियों की मानें तो आने वाले समय में इस संख्या में इजाफा हो सकता है।



धर्मशाला ग्राउंड का फाइल फोटो।

### होटलों के लिए एडवांस बुकिंग शुरू

**कारोबारियों** ने बताया कि पर्यटन नगरी मकलोडगंज में होटल कारोबार धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा है। अप्रैल माह में होने वाली दलाईलामा की टीचिंग को लेकर देश-विदेश के पर्यटकों की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। वहीं, कारोबारियों ने बताया कि कारोबार मंदा चल रहा था पर अब कारोबार के बढ़ने की उम्मीद है।

# पेट्रोल न होने से रुके पशुपालन विभाग की एंबुलेंस के पहिये



ताल में पार्क की गईं पशुपालन विभाग की एंबुलेंस।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के उपचार के लिए हाल ही में शुरू की गई एंबुलेंस सेवा का लाभ जिला हमीरपुर के पशुपालकों को मिलना बंद हो गया है। इसका मुख्य कारण यही माना जा रहा है कि विभाग के पास एंबुलेंस में पेट्रोल डलवाने तक के पैसे नहीं हैं। इसके चलते एंबुलेंस चालकों ने एंबुलेंस के पहिए रोक दिए हैं और इन एंबुलेंस को ताल स्थित पशुपालन विभाग के भेडू फार्म में पार्क कर दिया है।

गौर रहे कि हमीरपुर जिला के साथ प्रदेश के अन्य क्षेत्र में यह सुविधा करीब दो सप्ताह से पशु मालिकों को मिलनी शुरू हो गई थीं जिसे अब रोक दिया गया है। ये एंबुलेंस सुजानपुर, भोरंज, बड़सर और नादौन के लिए स्वीकृत हुई हैं। पशु पालकों को एंबुलेंस सेवा की शुरुआत मुख्यमंत्री सुक्खू ने शिमला हरी झंडी देकर की थी, जिसका ठेका एक निजी कंपनी को दिया गया है। जिला हमीरपुर में 14 मार्च को कंपनी द्वारा नवनियुक्त कर्मचारियों को विभाग ने बुलाकर के इन एंबुलेंसों को सौंपा था उसके बाद यह एंबुलेंस गंतव्य की ओर चली गईं, उसी दौरान उन्हें वापस बुलाकर खड़ा करवा दिया गया, जिस पर सवाल खड़ा हो गया है। अब दो सप्ताह से यह एंबुलेंस ताल में खड़ी हैं।

इस संबंध में पशुपालन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अजय का कहना है कि गाड़ियों के चलने के लिए पेट्रोल तक के पैसे नहीं है इसलिए कुछ नहीं कहा जा सकता।

## न्यूज ब्रीफ

### हार बाग में मारपीट का मामला दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना देहरा के तहत हार बाग भजनाथ में कुलदीप कुमार निवासी हार बाग भजनाथ डाकघर परागपुर तहसील देहरा जिला कांगड़ा ने अक्षय निवासी हार बाग भजनाथ के साथ रास्ते में गाली गलौच व मारपीट की। पुलिस ने इस मामले का भारतीय दंड सहिंता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 31 मार्च से पांच अप्रैल तक बंद रहेगी सड़क

**जयसिंहपुर।** आलमपुर हारसीपत्तन सड़क मार्ग पर लोअर लंबागांव बाजार में टाइल्स डालने के कार्य के चलते यह सड़क मार्ग 31 मार्च से 5 अप्रैल तक सामान्य यातायात के लिए बंद रहेगा। इस बारे में जानकारी देते हुए लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता बलदेव चौधरी ने बताया कि इस बीच जयसिंहपुर से टिक्करी, जलेट संद्रोआं होते हुए अप्पर लंबागांव सड़क मार्ग को वैकल्पिक मार्ग के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।

### यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम आठ अप्रैल से

**लंबागांव।** ब्राह्मण कल्याण परिषद जयसिंहपुर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आठ व नौ अप्रैल को परशुराम भवन सकोह में यज्ञोपवीत संस्कार करवाया जाएगा। ब्राह्मण कल्याण परिषद के अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि ब्राह्मण समुदाय के जो भी लोग अपने बच्चों को यज्ञोपवीत संस्कार धारण करवाना चाहते हैं वह 31 मार्च से पहले अपना पंजीकरण संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देशराज शर्मा (जयसिंहपुर) सचिव सतीश शर्मा (कुटाहण ) दौलत राम सदस्य (लाहट) देशराज शर्मा जोन अध्यक्ष (जैंद) मंगल व्यास संयुक्त सचिव (खैरा) प्रवेश शर्मा उपाध्यक्ष (थूरल) मदन लाल जोन अध्यक्ष (आलमपुर) रमेश शर्मा उपाध्यक्ष (धार छटोंत्रियां) प्रीतम कंठबाल उपाध्यक्ष (अपर लंबागांव) बिहारी लाल शुक्ला कोषाध्यक्ष (सकोह) कमलेश शर्मा आडिटर (गंदड़) के पास करवा दें।

### जमा राशि प्राप्त करने को 31 मार्च तक करें दावा पेश

**जयसिंहपुर।** दी लंबागांव मंडल एचपीएसईबी कर्मचारी वेतन भोगी वचत एवं ऋण सह सभा को लंबे समय से कार्य न करने के कारण विघटन में डाला गया है। सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वह 31 मार्च से पहले सभा में जमा अपनी राशि को प्राप्त करने हेतु दावा पेश कर सकते है। वहीं, अगर 31 मार्च के बाद अगर कोई दावा पेश करता है तो वह मान्य नहीं होगा।

# सत्ता के लोभी के रूप में याद किए जाएंगे नेता प्रतिपक्ष : चंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि नेता विपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा के अन्य नेता घर में लगी आग का जश्न मनाने में लगे हैं। जयराम ठाकुर बागियों का स्वागत कर रहे हैं। जबकि उनकी एंट्री से नाराज भाजपा नेताओं ने बगावत कर दी है। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर मुख्यमंत्री की कुर्सी के लालच में घर में लगी आग को अनदेखा कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के इतिहास में जयराम ठाकुर को लोग सत्ता के लोभी के रूप में याद करेंगे, क्योंकि लालच में आकर ही उन्होंने एक चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश रची। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने ही धन-बल का इस्तेमाल कर राज्य सरकार को अस्थिर करने का षड्यंत्र किया, जोकि असफल हुआ है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह के नेतृत्व में लोकप्रिय सरकार जनकल्याण के लिए समर्पित भाव के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश की जनता भाजपा नेताओं को उनके लालच का जवाब अवश्य देगी। प्रदेश की जनता अवसरवादी और धन-बल की राजनीति को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है। चंद्र कुमार ने कहा कि बागियों को टिकट देने से भाजपा की पूरी साजिश जनता के सामने आ चुकी है। अब लोग जान चुके हैं क्यों भाजपा नेता ने बागियों को महंगे फाइव स्टार होटलों ने ठहराया, क्यों उन्हें चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर की सैर कराई और क्यों एक महीने तक उन पर करोड़ों रुपए खर्च किए। आज बागी उस भाजपा के साथ खड़े हैं, जो युवा, महिला और हिमाचल विरोधी हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने मात्र सवा साल के कार्यकाल में कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन को बहाल किया। महिलाओं, अनाथ बच्चों और समाज के हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाई और उन्हें लागू किया। हिमाचल प्रदेश में 30 वर्ष में दूध खरीद मूल्य केवल 18 रुपए बढ़ा, जबकि वर्तमान राज्य सरकार ने गाय के दूध में 13 रुपए की ऐतिहासिक वृद्धि करते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य 45 रुपए किया, जबकि भैंस के दूध का ख़रीद मूल्य बढ़ाकर 55 रुपए प्रति लीटर किया। इसके साथ ही मनरेगा मजदूरी में 60 रुपए की बढ़ौतरी की तथा प्राकृतिक खेती के गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 40 रुपए तथा मक्की का रेट 30 रुपए तय किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने अब तक के छोटे से कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई प्रयास किए हैं। जबकि पिछली भाजपा सरकार ने अपने ऐशो-आराम के लिए सरकारी खजाने का दुरुपयोग किया और हिमाचल प्रदेश को कर्ज के दलदल में धकेल दिया। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू पूरी ताक़त के साथ हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास कर रहे हैं और उनके ईमानदार प्रयासों से ही राज्य सरकार के ख़ज़ाने में 2200

# अब तक 30 लोगों को अपना शिकार बना चुकी है कुतिया

## लंबागांव की पंचायत गंदड़ के बाजार में पिछले डेढ़ महीने से लोगों को काट रही कुतिया, प्रशासन से समस्या का हल करने की लगाई गुहार

**प्रवीण मिश्रा, जयसिंहपुर**

विकास खंड लंबागांव की पंचायत गंदड़ के बाजार में रह रही लावारिस कुतिया डर का सबब बन चुकी है। कुतिया अब हर दूसरे या तीसरे दिन एक न एक व्यक्ति को काट रही है।

करीब डेढ़ महीने के अंतराल में अब तक 30 लोगों को काट चुकी है। कुतिया का खौफ इस कदर हावी हो चुका है कि बड़े लोग भी बाजार की तरफ आने से कतरा रहे हैं व लोग डर के मारे बच्चों को अकेले बाजार नहीं भेज रहे हैं। सुबह-शाम घूमने निकलने बाले लोग भी बिना डंडे के नहीं चल रहे हैं। बरड़ाम चौक व डाकघर के आसपास ही लोगों पर हमला कर रही है, जिससे लोगों में डर का वातावरण बना हुआ है। हालांकि अभी तक 30 लोगों को काटे जाने के बावजूद भी न तो संबंधित पंचायत, विभाग और न ही बाजार कमेटी इसे गंभीरता से नहीं ले रही है और लोगों को कुतिया के भय से निजात दिलाने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। हालांकि कुछ युवक साहस का परिचय देते हुए जैसे-तैसे इसे पकड़ कर दूर सुनसान जगह पर छोड़ आए थे लेकिन अगले ही दिन यह वापस यहां पहुंच गई। इससे जहां एक तरफ लोगों में भय व्याप्त है। वहीं, कुतिया के काटने के पीछे की कहानी भी काफी रोचक है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि कुछ समय पहले इस कुतिया ने पिल्लों को जन्म दिया था। छोटे पिल्ले जब चलने लग पड़े तो वह चलते हुए सड़क के बीचोंबीच आ जाते थे। इस बीच अकसर लोग कहीं पिल्लों को किसी वाहन से नुकसान नहीं पहुंच पाए उठा कर सड़क से दूर कर देते थे।



कुतिया इसे दूर से देखती रहती थी। वहीं, कुछ समय बाद कुतिया के बच्चों को कोई ले गया या किसी के द्वारा उनको कहीं दूर छोड़ दिया गया या फिर कुछ मर गए। ऐसे में कुतिया बच्चों के प्यार में तड़प रही है और इससे गुस्से से कुतिया हमलावर हो जाती है। दूसरा यह कि कुतिया कभी आगे से अटैक नहीं करती है। यह कुतिया चुपचाप खड़ी या बैठी रहती है और अचानक पीछे से चुपचाप हमला कर देती है।

इससे व्यक्ति को संभालने का मौका ही नहीं मिलता और हमले का पता चलने तक यह काट कर भाग चुकी होती है। चाहे जो भी हो लेकिन लोगों में एक खौफ जरूर बन गया है व लोग पशुपालन विभाग व अन्य संस्थाओं से इसके भय से निजात दिलाने की मांग कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# अब पार्टी के खिलाफ काम किया तो होगी कड़ी कार्रवाई : रविंद्र राव

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

बैजनाथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं बैजनाथ ब्लॉक युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रविंद्र राव ने सयुंक्त प्रेसवार्ता के दौरान कहा की बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में कुछ एक छुटभैया नेता जो अपने नाम के साथ कांग्रेस पार्टी का नाम लगाकर भाजपा के लिए कार्यरत थे। इनको लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बैजनाथ ने सारे विषयों की जानकारी को पार्टी हाईकमान को रिपोर्ट बनाकर सौंप दिया है।



प्रेस वार्ता करने जाते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्य।

वहीं, उन्होंने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी विधायक किशोरी लाल के नेतृत्व में एकजुट है। लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर भी बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकर्ता कार्यरत हैं। उन्होंने कहा की पार्टी के विरोध में जो भी कार्य करेगा उनके खिलाफ उचित कार्रवाई अम्ल में लाई जाएगी। इस मौके पर महासचिव रमेश चड्ढा, प्रवक्ता मोहिंद्र डोहरी, महासचिव सैलभ अवस्थी, सचिन अवस्थी, विकास राणा, मुनीश शर्मा, रजिंद्र परमार, सुरेश ठाकुर एवं अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### डाडासीबा में भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 को

**डाडासीबा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सोशल ऑर्गेनाइजेशन द्वारा डाडासीबा में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष रजिंद्र द्वारा की गई। बैठक के दौरान कार्यक्रम से संबंधित हर पहलू पर चर्चा की गई। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती डाडासीबा पेबल होटल में मनाई जाएगी। इस अवसर पर पूर्वप्रधान धर्मचंद, सेवानिवृत्त हेड मास्टर गुरदास राम, सेवानिवृत्त हेड मास्टर रतन चंद कौडल, मास्टर गुरवतन सिंह, रोशन लाल, मिलखी राम, मास्टर गिरधारी लाल, लाजपत राय, मास्टर यशवंत, जसविंद्र सिंह, अशोक कुमार, नरेश कुमार, भजन दास, नवजीत भाटिया, गुरमीत, पवन कुमार, सोहन लाल आदि लोगों ने बैठक में भाग लिया।

# लोगों ने सुनी श्रीकृष्ण की लीलाएं

## धर्मशाला में साध्वी भाग्य भारती ने संगत को किया निहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित श्री कृष्ण कथा के तृतीय दिवस साध्वी भाग्य भारती ने बताया कि जब वह ईश्वर इस धरती पर अवतार धारण करता है तो उनकी क्रियाओं को लीला शब्द से संबोधित किया जाता है। लीला अर्थात दिव्य खेल, दिव्य क्रीड़ा। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने अवतरण काल में अनेकों ही दिव्य लीलाएं की। ब्रज की कुंज गलियां, कंस के अत्याचारों से पीड़ित मथुरा भूमि, कुरूक्षेत्र का महास्मरांगण, हर क्षेत्र में इनकी अलौकिक लीलाओं का प्रकाश जगमगाया। ये दिव्य क्रीड़ाएं तत्समय तो सप्रयोजन थी ही, आज युगोंपरांत भी हमारे लिए प्रेरणा दीप है।





धर्मशाला में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित संगत।

साधारण प्रतीत होते हुए भी असाधारण संदेशों की वाहक हैं। एक-एक लीला में गूढ़ आध्यात्मिक रहस्य संजोया व पिरोया हुआ है। जैसे ग्वालिनों की मटकी से माखन चुराकर खाना। नटखट कान्हा अपनी ग्वाल, बालों की टोली के संग किसी भी ग्वालिन के घर में चोरी छिपे प्रवेश कर जाता करते थे। अवसर पाते ही माखन की मटकी छींके से उतार लाते। फिर सब सखाओं के संग खूब छक कर माखन खाते। नंदनंदन माखन चोर की यह लीला अत्यंत सांकेतिक है। यह इशारा कर रही है कि संसार द्वैतात्मक है। इसमें माखन रूपी साथ एवं छाछ रूपी अंसार दोनों ही विद्यमान हैं।

माखन चुराकर प्रभु यही समझा रहे हैं कि इस संसार में परम साथ तत्व अर्थात ईश्वर का वर्ण करो सार हीन माया का नहीं। इसी प्रकार कंकड़ मारकर मटकी फोड़ना, मनमोहनी बांसुरी की तान छेड़ना आदि सभी लीलाएं अत्यंत प्रेरणात्मक हैं। दिव्य एवं अलौकिक हैं। किंतु विडंबना है कि वर्तमान में इन कृष्ण लीलाओं के संदर्भ में अनेकों भ्रांतियां फैली हुई हैं। आज का बुद्धिजीवी वर्ग इन पारलौकिक लीलाओं को अपनी संकीर्ण लौकिक बुद्धि के तराजू में तोलने की चेष्टा कर रहा है। परिणामतः वह इन दिव्य लीलाओं पर ऊल-जुलूल प्रश्नचिन्ह लगा बैठता है। इसलिए भगवान की लीलाओं को कभी भी अपनी बुद्धि के द्वारा समझने का प्रयास न करें। क्योंकि वह ईश्वर मन बुद्धि वाणी से परे का विषय है। उसे केवल ज्ञान के द्वारा समझा जा सकता है। आज तृतीय दिवस में ज्योति प्रज्वलन हेतू नीनू शर्मा (मेयर धर्मशाला), तजिंद्र कोर (उपमेयर), संतोष शर्मा (पार्षद), सुरेश कुमार (प्रधान), भारत भूषण रैना, डॉक्टर अरुण (योल खंड कार्यवाह) उपस्थित रहे।

# सलियाणा मेले में सांस्कृतिक संध्याएं आज से

## नाटी किंग कुलदीप शर्मा, इशांत भारद्वाज और हार्मनी ऑफ पाइनस पुलिस बैंड होंगे मुख्य आकर्षण

**अजय पॉल, पंचरुखी**

एसडीएम पालमपुर एवं अध्यक्ष मेला समिति नेत्रा मेती ने बताया कि राज्य स्तरीय छिंज मेला सालियाणा में तीन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन 30 से पहली अप्रैल तक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 30 मार्च को आयोजित होने वाली प्रथम सांस्कृतिक संध्या में नॉटी किंग कुलदीप शर्मा और 31 मार्च को इशांत भारद्वाज। जबकि पहली अप्रैल को हार्मनी ऑफ पाइनस हिमाचल पुलिस बैंड मुख्य आकर्षण रहेंगे। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक संध्याओं में अन्य कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को खूब नचाएंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रथम सांस्कृतिक संध्या के मुख्यातिथि निर्देशक हिमालयन जैव विविधता प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर डॉक्टर सुदेश कुमार यादव रहेंगे। 31 मार्च की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में कुलपति चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर डॉ. डीके वत्स जबकि एक अप्रैल को आयोजित होने वाली अंतिम सांस्कृतिक संध्या में अतिरिक्त उपायुक्त कांगड़ा सौरभ जस्सल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि बड़ी माली आयोजन दो अप्रैल को किया जाएगा और इसी दिन मेले का समापन होगा। (अनंत ज्ञान)





# इस बार सलियाना छिंज मेले में नहीं लगी कृषि विभाग की प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

राज्य स्तरीय सलियाना छिंज मेले में कृषि विभाग ने अपना प्रदर्शनी स्टाल नहीं लगाया। इसके चलते किसान वर्ग अपनी उगाई फसल का प्रदर्शन नहीं कर पाए।

किसान पूरा साल मेले का इंतजार करते है, ताकि वह अपनी उगाई बेहतर सब्जियों का प्रदर्शन कृषि विभाग के स्टॉल के माध्यम से कर सकें। लेकिन इस बार कृषि विभाग द्वारा स्टॉल न लगा कर किसानों को निराश कर दिया। कृषि विभाग स्ताक मे विभिन्न कृषि उपकरण रख कर व महत्वपूर्ण दवाइयों की जानकारी देकर किसानों जागरूक करता था। विकसित तकनीकों को मेला मे लगाए स्टॉल के माध्यम से हितधारकों, उद्यमियों और किसानों के बीच पहुंचाया जाता है। किसान मेला वैज्ञानिकों और किसानों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। लेकिन इस बार सलियाना छिंज में कृषिं विभाग द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल न लगाना विभाग सहित मेला कमेटी पर सवालिया निशान खड़ा करता है।





**जवाली।** भगवान श्रीहरि का सृष्टि के कण-कण में वास है तथा कण-कण में विराजमान श्री हरि के दर्शन करवाने वाले चक्षु हमारे पास नहीं हैं। यह प्रवचन खरोटा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में कथावाचक शास्त्री साई दास ने कही। कथावाचक शास्त्री साई दास ने कहा कि भगवान हरि के दर्शन करवाने का मार्ग संतों की संगत में जाने से मिलता है। उन्होंने कहा कि हमें संगत में जाकर भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए तथा संगत में जाने से हम पापों से मुक्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि मानव योनि सब योनियों से श्रेष्ठ है तथा 84 लाख योनियों को भोगने उपरांत मानव योनि मिलती है। उन्होंने कहा कि इंसान को ध्यान रखना चाहिए वह इस दुनिया में अकेला नग्न अवस्था में आया है।

# बागियों ने हिमाचल को किया शर्मसार : डॉ . पुष्पेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू के खिलाफ नौ पूर्व विधायक आरोप लगा रहे हैं कि उनके विधानसभा क्षेत्रों में विकास के काम नहीं हो रहे हैं, जिसके कारण उन्हें अपने क्षेत्र की जनता के सामने नजरें झुकानी पड़ रही थीं।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने प्रेसवार्ता में कहा कि सुक्खू ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने अपनी बचत जनता की सेवा के लिए लगा दी। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायकों का जनता को मजबूरी में स्वागत करना पड़ा, जबकि जनता उन्हें स्वीकार नहीं कर रही है। ऐसे नेताओं के जाने से कांग्रेस में सफाई हो रही है। उन्होंने कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों ने इस्तीफे क्यों दिए इसकी जांच होनी चाहिए, क्योंकि उनकी वजह से उनके विधानसभा क्षेत्रों में एक और उपचुनाव करवाए जा रहे हैं जिसका बोझ आम जनता पर भी पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक आशीष शर्मा यह कह रहे हैं कि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्य नहीं हो रहे, जबकि 40 करोड़ रुपए के कार्य उनके भाई की कंपनी के पास चले हुए हैं, जबकि लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग और अन्य विभागों में कार्य चले हुए हैं। हमीरपुर में नार्थ इंडिया का सबसे बड़ा 200 करोड़ रुपए का कैंसर अस्पताल बन रहा है यह सब विधायक को नहीं दिखा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश में एक समान विकास करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा की चारों सीटें और विधानसभा की सभी नौ सीटें कांग्रेस अपना परचम लहराएगी।

**काम की बात** — अस्पताल में तीन कार्डियोलॉजिस्ट दे रहे मरीजों को 24 घंटे इमर्जेंसी सेवाएं

# फोर्टिस कांगड़ा हृदय रोग से निपटने में अव्वल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में हार्ट से संबंधित इमर्जेंसी के लिए तीन कार्डियोलॉजिस्ट की टीम जिनमें डॉ. अतीत गावलकर, डॉ. अभिनव श्रीवास्तव एवं डॉ. मयंक यादव तथा दो कैथलैब उपलब्ध हैं।

साथ ही फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा क्षेत्रवासियों के लिए हिमकेयर, ईसीएचएस, हेल्थ इंश्योरेंस, टीपीए के अलावा एचपी गवर्नमेंट रिइंबरसमेंट की सुविधा उपलब्ध है। क्षेत्र के लोगों के दिल को स्वस्थ रखने के लिए फोर्टिस कांगड़ा में एक और हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. मयंक यादव ने अपनी सेवाएं देनी शुरू कर दी हैं। एक और स्पेशलिस्ट के आ जाने से अब फोर्टिस की हृदय रोग सेवाएं और भी सुदृढ़ हो गई हैं। डॉ. मयंक यादव ने हार्ट अटैक के लक्षणों एवं बचाव पर जानकारी देते हुए कहा कि हार्ट अटैक के दौरान आमतौर पर लक्षण आधे घंटे या इससे ज्यादा समय तक रहते हैं और आराम करने या दवा खाने से आराम नहीं मिलता।

लक्षणों की शुरुआत मामूली दर्द से होकर गंभीर दर्द तक पहुंच सकती है। डॉ. मयंक ने कहा कि कुछ लोगों में हार्ट अटैक का कोई लक्षण सामने नहीं आता, जिसे हम साइलेंट मायोकार्डियल इन्फ्रेक्शन यानी एमआई कहते हैं। ऐसा आमतौर पर उन मरीजों में होता है, जो डायबीटीज से पीड़ित होते हैं। जिन लोगों को हार्ट अटैक की आशंका है, वे बिलकुल देर न करें। फौरन आपातकालीन मदद लें, क्योंकि हार्ट अटैक में फौरन इलाज बेहद जरूरी है। इलाज जितनी जल्दी होगा, मरीज के पूरी तरह ठीक होने की संभावना उतनी ही ज्यादा होगी। डॉ. मयंक यादव ने कहा कि फोर्टिस कांगड़ा के कार्डियोलॉजी विभाग में हार्ट अटैक का इलाज, दिल की बंद नसों का इलाज, दिल की असामान्य धड़कन का इलाज, दिल की समस्त बीमारियों का इलाज, हार्ट फेल्यर का इलाज एवं एंजियोग्राफी, पेसमेकर, ईको, टीएमटी तथा होल्टर की सुविधाएं उपलब्ध हैं। फोर्टिस अस्पताल, कांगड़ा के मैनेजमेंट रिप्रेजेंटेटिव दीपक लट्ठ ने कहा कि क्षेत्र के लोग अब हिमकेयर के तहत अस्पताल में उपलब्ध बेहतरीन सुविधाओं का निशुल्क लाभ उठा रहे हैं।



फोर्टिस अस्पताल में प्रेस वार्ता करते हुए चिकित्सक।

उन्होंने कहा कि फोर्टिस अस्पताल, कांगड़ा का लक्ष्य प्रदेश में बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना है, ताकि मरीजों को बाहरी राज्यों का रूख न करना पड़े और उन्हें अत्याधिक आर्थिक हानि से भी बजाया जा सके। दीपक लट्ठ ने कहा कि फोर्टिस अस्पताल, कांगड़ा में हिमकेयर के तहत निशुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध है।

### शैक्षणिक संस्थानों में मॉक ड्रिल चार को

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला में आपदा प्रबंधन को लेकर सभी शैक्षणिक संस्थानों में चार अप्रैल को मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए जिलाधीश हेमराज बेरवा ने बताया कि इस बाबत सभी उपमंडलाधिकारियों, शिक्षा उपनिदेशक उच्च शिक्षा तथा प्रारंभिक शिक्षा को मॉक ड्रिल के आयोजन को लेकर दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिलाधीश ने बताया कि कांगड़ा जिला में चार अप्रैल 1905 को भूकंप के कारण 20 हजार लोगों ने जान गंवाई थी। जबकि एक लाख से भी ज्यादा भवन क्षतिग्रस्त हुए थे इस तरह की आपदा की स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन पर विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि आपदा की स्थिति में नुकसान को कम किया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार को गिराने की नाकाम कोशिश : कालिया

**बिझड़ी।** हिमाचल की जनता के दिलों में बसने वाले मुख्यमंत्री का पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। बड़सर की जनता आने वाले उपचुनावों में उन्हें बड़सर से चलता जरूर कर देगी। जिला महासचिव पवन कालिया ने कहा कि पिछले कल बड़सर में लखनपाल ने ऐसे एंट्री मारी जैसे पांच सितारा होटलों में रहकर कोई जंग लड़कर बड़सर आए हों। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक पांच सितारा होटलों से हेलिकॉप्टर में बैठकर भाजपा के साथ मिलकर सुक्खू सरकार को गिराने में पूरी तरह असफल हुए। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक का कहना है कि मुख्यमंत्री मेरे काम नहीं करते थे, इसलिए जनता उनसे बार-बार सवाल पूछ रही थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए कई काम किए हैं, जबकि पूर्व विधायक बड़सर क्षेत्र के मूलभूत कार्यों को करवाने में नाकाम रहे हैं, जिसका खामियाजा आज बड़सर की जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार को भाजपा से मिलकर गिराने की, कोशिश की इस पर बड़सर की जनता लखनपाल को माफ नहीं करेगी।

### धमरोल के पल्ही गांव में दंगल दो अप्रैल को

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत ग्राम पंचायत धमरोल के पल्ही गांव में दो अप्रैल को दंगल का आयोजन किया जा रहा है। दंगल कमेटी की बैठक का आयोजन प्रधान इंद्र राम की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें सदस्यों को दंगल की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस मौके पर कमेटी के उपप्रधान रमेश, कोषाध्यक्ष संदीप, सचिव अनिल चौधरी, योग राज, मनोज आदि ने भाग लिया।

### बटाली में व्यक्ति से 12 बोतल शराब पकड़ी

**नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत पुलिस ने बड़ा क्षेत्र के गांव लोअर बटाली के चमन लाल से ऊना नंबर वन शराब की 12 बोतल बरामद की है। पुलिस टीम ने जब उससे इस शराब का बिल लाइसेंस मांगा तो वह प्रस्तुत नहीं कर पाया, जिसके चलते पुलिस ने अवैध शराब के आरोप में एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सरकारी स्कूलों में पहुंचाई मुफ्त दी जाने वाली किताबें


शिक्षा खंड नादौन के स्कूलों में पुस्तकें आवंटित करते हुए नरेश मलोटिया व अन्य।

**नादौन।** हिमाचल सरकार के निर्देशानुसार हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड के द्वारा प्रदेश के हर विद्यार्थी को प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिवर्ष मुफ्त पाठ्यक्रम पुस्तकें विभाग द्वारा सभी स्कूलों को आवंटित कर दी हैं। शिक्षा खंड नादौन की बीपीओ व कन्या विद्यालय नादौन की प्रिंसिपल मंजू रानी ने बताया कि स्कूल के संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया को ही कार्यवाहक प्रभारी नियुक्त किया गया था। उन्होंने बीआरसी कार्यालय की क्लर्क मोनिका, विजय कुमार, डॉ. अमित कुमार, संजीव कुमार, नरेश कुमार आदि अध्यापकों के सहयोग से वितरित कर दी हैं। उन्होंने बताया कि छठी से दसवीं कक्षा तक पढ़ने वाले लगभग 3000 बच्चों के लिए मुफ्त पाठ्यक्रम पुस्तकों बोर्ड डिपो से लाकर स्कूलों में पहुंचा दिया है ताकि नए सत्र के प्रारंभ से ही स्टूडेंट्स में वितरित की जा सकें।

### डॉ. धीमान को प्राइवेट एजुकेटर टीचर एसो. की कमान



नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष के साथ सामूहिक चित्र में।

**नादौन।** हिमाचल प्रदेश प्राइवेट बीएड टीचर एजुकेटर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक शुक्रवार को नादौन में संपन्न हुई, जिसमें संगठन की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें एसोसिएशन के वरिष्ठ नेता डॉ. राजकुमार धीमान को सर्वसम्मति से एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया जबकि डॉ. देवेंद्र शर्मा को सचिव चुना गया। चुनाव अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि अध्यक्ष व सचिव के अलावा डॉ. अनामिका शर्मा उपाध्यक्ष, डॉ. सोमेंद्र वर्मा ट्रेजर, डॉ. राजेश वर्मा सहसचिव, अनिल कुमार प्रेस सचिव, विजय कुमार और मदन कुमार को सोशल मीडिया प्रभारी, डॉ. ओम प्रकाश भारद्वाज को विशेष सलाहकार चुना गया। बैठक में प्राइवेट बीएड टीचरर्स की समस्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

### अंतरजातीय शादियों के लिए प्रेरित करें संस्थाएं : सेन

**हमीरपुर।** प्रदेश की सभी समाजसेवी संस्थाएं सामूहिक तौर पर सर्वसाधारण को जात-पात के बंधनों से बाहर निकलकर बच्चों की अंतरजातीय शादियां करने के लिए प्रेरित करें, जिससे बच्चों की शादियों के प्रति सभी जातियों में जो असंतुलन बना हुआ है, वह संतुलित हो जाए। यह बात प्रभात सुधार सभा के अध्यक्ष प्रकाश चंद सेन ने यहां जारी प्रेस बयान में कही। सेन का कहना है कि पूर्व में बच्चे अधिक पैदा करने का जो प्रचलन था, उससे सभी जातियों में कोई भी लड़का तथा लड़की कुंवारी नहीं रहती थी, मगर जब से एक या दो बच्चे पैदा करने का जो प्रचलन शुरू हुआ है, उससे सभी जातियों में लड़कों के लिए लड़कियां तथा लड़कियों के लिए लड़के नहीं मिल रहे हैं। जिससे कई परिवारों की वंश वृद्धि रुक गई है, जो कि चिंतनीय विषय है, इसका हल निकालना अत्यंत आवश्यक है।

## मैदान के चारों तरफ फुटपाथ और सीढ़ियों पर लगे शराब बोतलों व गंदगी के ढेर

# शरारती तत्वों ने फाड़े खिलाड़ियों के पोस्टर

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



ब्वॉयज स्कूल मैदान की दीवारों पर लगे पोस्टर जो कि शरारती तत्वों ने फाड़ दिए।

शहर के बीचोंबीच स्थित बाल स्कूल खेल मैदान को सुंदर बनाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। मैदान के चारों तरफ लोगों को पैदल चलने के लिए सुंदर फुटपाथ बनाया गया है, वहीं मैदान में अब कोरियन ग्रास लगाने का काम शुरू किया गया है, ताकि खेल मैदान की सुंदरता में चार चांद लगाए जा सकें।

यही नहीं मैदान की दोनों दीवारों पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के अलावा हमीरपुर जिला के ऐतिहासिक स्थलों व मंदिरों के पोस्टर लगाकर सुंदर बनाया गया था, ताकि मैदान की दीवारें देखने में भी सुंदर दिखें, हालांकि शरारती तत्वों को खेल मैदान की सुंदरता रास नहीं आ रही है। यही कारण है कि कुछेक शरारती तत्व रात के अंधेरे में खेल मैदान की सुंदरता पर ग्रहण लगा रहे हैं। शरारती तत्वों ने जहां मैदान की रेलिंग को जगह-जगह से तोड़ दिया है, वहीं मैदान की दीवारों पर लगाए गए अधिकतर पोस्टरों को फाड़ दिया है या फिर दीवारों से निकाल फेंक दिया है।

बताया जा रहा कि मॉर्निंग वॉक करने वालों को सुबह-सुबह मैदान में यह सब देखने को मिल रहा है, हालांकि खेल मैदान में स्पोर्ट्स विभाग हमीरपुर द्वारा दो सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। फिर भी शरारती तत्व अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। यही नहीं मैदान में सीसीटीवी कैमरे के बोर्ड तक उखाड़ कर फेंक दिए गए हैं। बुद्धिजीवी वर्ग का कहना है कि इन शरारती तत्वों की सीसीटीवी फुटेज निकालकर उनके खिलाफ कड़ा संज्ञान लेना चाहिए, ताकि वह दोबारा ऐसी हरकत न कर सकें। जिला प्रशासन जहां खेल मैदान को सुंदर बनाने का भरसक प्रयास कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

> **खेल** मैदान को सुंदर बनाने का काम जारी है, लेकिन कुछेक शरारती तत्व अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और मैदान को नुकसान पहुंचाने में लगे हुए हैं। अगर कोई भी व्यक्ति दीवारों को नुकसान करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> -नीना ठाकुर, प्रधानाचार्य, शहीद कैप्टन -मृदुल शर्मा, रावमापा बाल हमीरपुर।

## बच्चों के दाखिले के लिए अभिभावकों को जागरूक कर रहे हैं अध्यापक

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाना जीतना जरूरी है, उतना ही लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट के लिए जागरूक करना आवश्यक हैं। इस कार्य को भोरंज उपमंडल के अधीन आने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ के अध्यापक बाखूबी से कर रहे हैं।

प्रधानाचार्य देशराज कमल के आदेश पर समस्त स्कूल स्टॉफ बच्चों को भुक्कड़ स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए गांव-गांव जाकर जागरूक करने का कार्य में लगे हुए है। इसमें लोगों को सरकारी स्कूलों में बच्चों को सुविधाओं से अवगत करवाया जा रहा है। इस दौरान मनोज शर्मा ने कहा कि अध्यापक, अभिभावक और बच्चे शिक्षण संस्थान की उन्नति के लिए बहुत जरूरी है। ऐसे में सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए अभिभावकों को अपने बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ाने चाहिएं। इसके साथ ही उन्होनें ग्रामीणों को वोट के महत्व से समझाते हुए कहा कि लोकसभा के चुनावों में सभी लोग अपने वोट का प्रयोग करें तथा घर से बाहर रहने वाले लोगों को भी वोटिंग-डे से सूचित करें ताकि शत-प्रतिशत के लक्ष्य को पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर अशोक गुलेरिया, बलदेव सिंह, डॉ. संजीव, नील कमल व अन्य उपस्थित रहे।


भुक्कड़ स्कूल के अध्यापक मतदान के लिए जागरूक करते हुए।

# कृषि विभाग के पास पहुंचे हाइब्रिड सब्जियों के बीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर कृषि विभाग के पास गर्मियों के मौसम में उगाए जाने सब्जियों के हाइब्रिड बीज पहुंच गए हैं। बीज को ब्लॉकों में भेजने का काम शुरू हो गया है, ताकि कोई भी किसान बीज से वंचित न रह सके।


सब्जियों के बीज लेने पहुंचे किसान।

विभाग के पास अब तक भिंडी, फ्रांसबीन, डानी, करेला, लाल मिर्च, घीया तोरी, कद्दू और खीरे का बीज उपलब्ध हैं, बीज ब्लॉकों को डिमांड के मुताबिक भेजा जा रहा है, ताकि किसानों को घरद्वार के नजदीक बेहतर क्वालिटी के बीज मिल सकें। किसानों को सभी बीज पर 50 फीसदी अनुदान दिया जा रहा है, ताकि किसानों को बीज बाजार में महंगें दामों पर न खरीदना पड़े। ब्लॉकों में बीज पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर मुहैया करवाया जा रहा है, हालांकि किसान सब्जियों के बीज की लंबे समय से डिमांड कर रहे थे, ताकि समय पर सब्जियों की बिजाई की जा सके।

वहीं कृषि विभाग हमीरपुर के उपनिदेशक डॉ. सुरेश धीमान का कहना है कि ब्लॉकों में सब्जियों के बीज पहुंच गए हैं। किसान डिमांड के मुताबिक सब्जियों के बीज खरीदना सुनिश्चित करें।

# भोरंज एससी मोर्चा का सम्मेलन अप्रैल में

**अनंत ज्ञान भरेड़ी**


बैठक में उपस्थित भाजपा नेता।

भोरंज भाजपा एससी मोर्चा का सम्मेलन तरक्वाड़ी में अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह होगा। इसमें प्रदेश, जिला व ब्लॉक स्तर के भाजपा नेता भाग लेंगे। मंडल स्तरीय एससी मोर्चा के सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को मुंडखर में मोर्चा अध्यक्ष भागीरथ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं जिला हमीरपुर प्रभारी संजीव डोगरा, प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष राज कुमार व प्रदेश एससी मोर्चा सचिव व संगठनात्मक जिला देहरा और सुंदरनगर प्रभारी दिनेश भाटिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि बैठक में एससी मोर्चा सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए विस्तार से पांच बिंदुओं पर चर्चा करके रूपरेखा तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही भोरंज विधानसभा एससी मोर्चा लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत चार सेक्टरों में बांटा जाएगा और जल्द ही सेक्टर प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। सेक्टर प्रभारी अपने-अपने ग्राम केंद्रों पर सहप्रभारी नियुक्त करेंगे, ताकि चुनावों में अहम भूमिका निभा सकें। प्रदेश सचिव दिनेश भाटिया ने कहा कि एससी मोर्चा प्रदेश की लोकसभा की चारों सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए 10 प्रतिशत अधिक वोट भाजपा की झोली में डालेगा।

### उपभोक्ता 31 तक जमा करवाएं बिजली का बिल : अक्षय

**नादौन।** विद्युत उपमंडल नादौन के जिन बिजली उपभोक्ताओं ने अभी तक बिजली का बिल जमा नहीं करवाया है वे 31 मार्च तक अपने बिजली के बिल को जमा करवाएं। अन्यथा बिजली के बिल का भुगतान निर्धारित समय पर न करने पर बिजली का कनेक्शन बिना पूर्व सूचना के काट दिया जाएगा और उसके बाद उपभोक्ता को पुनः बिजली का कनेक्शन लेने के लिए 250 रुपए अतिरिक्त शुल्क देना होगा। यह बात विद्युत उपमंडल नादौन के एसडीओ अक्षय कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अपना बिजली का बिल विभाग के कैश काउंटर,लोक मित्र केंद्र अथवा ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

### थाने में हथियार करवाएं जमा अन्यथा होगी कार्रवाई

**नादौन।** लोकसभा चुनाव व विधानसभा के उपचुनावों को लेकर आदर्श आचार संहित लागू हो चुकी है, इसलिए कोई भी व्यक्ति अपने पास बंदूक या हथियार नहीं रख सकता है। नादौन थाना प्रभारी ने लोगों को हिदायत दी है कि जिन लोगों ने अभी तक अपने हथियार जमा नहीं करवाए हैं वे तुरंत पुलिस थाने में जमा करवाएं।

### 10 प्रतिशत छूट के साथ 31 मार्च तक जमा करवाएं हाउस टैक्स : सोनी

**नादौन।** नादौन नगर पंचायत के जिन लोगों ने अभी तक हाउस टैक्स जमा नहीं करवाया हैं वे 31 मार्च तक नगर पंचायत के कार्यालय में जमा करवाएं। नगर पंचायत का कार्यालय रविवार को भी खुला रहेगा। इसलिए रविवार को भी बिजली का बिल जमा करवाया जा सकता है। यह जानकारी नगर पंचायत के अध्यक्ष शम्मी सोनी व सचिव रमन शर्मा ने देते हुए बताया कि हाउस टैक्स 31 मार्च तक जमा करवाने वालों को 10 प्रतिशत छूट दी जाएगी। उन्होंने नगर पंचायत के सभी वार्डों के सभी लोगों से आग्रह किया है कि वे इस योजना का लाभ उठाएं।

### शुक्रवार को बाबा बालक नाथ में चढ़ा 21,89,52 का चढ़ावा

**बिझड़ी।** बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में चैत्र मास के मेलों के चलते शुक्रवार हुई चढ़ावे की गणना पर बाबा के भक्तों ने 21,89,52 रुपए का चढ़ावा चढ़ाया, वहीं 136 ग्राम 470 मिलीग्राम चांदी तथा विदेशी मुद्रा के रूप में इंग्लैंड के 765 पौंड, यूएसए के सात, कनाडा के 385 डॉलर, यूएई के 10 दिरहम, मलेशिया 10 तथा 10 यूरो, बाबा की सेवा में अर्पित किए। गौरतलब है कि इन दोनों सिद्ध पीठ में बाबा जी के चैत्र मास के मेले चल रहे हैं और हर दिन देश-विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा की गुफा में नतमस्तक हो रहे हैं। ऐसे में सिद्ध नगरी में श्रद्धालुओं की खूब भीड़ देखने को मिल रही है।

### जमीनी विवाद को लेकर मारपीट, महिला घायल

**नादौन।** पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत बदारन गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट व झगड़ा हुआ है, जिसमें सीता देवी पत्नी हजारा सिंह को गंभीर चोटें आई हैं जो मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में उपचाराधीन है। पीड़िता सीता देवी ने गांव बदारन ने अपने पड़ोसी बिशन दास व उसके परिवार पर आरोप लगाया है कि उन्होंने लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे गंभीर चोटें आई हैं। उधर, बिशन दास गांव बदारन की पत्नी निर्मला देवी ने भी पुलिस को शिकायत की है, जिसमें उसने सीता देवी के पति हजारा सिंह पर गाली-गलौज व मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

## किरवीं गांव में व्यक्ति ने लगाया फंदा, मौत

**हमीरपुर।** सदर थाना हमीरपुर के तहत गत रात राकेश कुमार उर्फ पिंकू (39) पुत्र महेंद्र सिंह ग्राम किरवीं ने अपने घर पर फंदा से आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार राकेश कुमार मजदूरी का काम करता है और उसके दो बच्चे एक बेटा व एक बेटी हैं। पुलिस थाना हमीरपुर में शुक्रवार सुबह सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का निरीक्षण किया गया। मृतक के पिता के बयान दिया है कि उसके बेटे ने गत शाम शराब का सेवन किया था, अपनी पत्नी से बहस बाजी करने के बाद अकेला दूसरे कमरा में सोने चला गया। शुक्रवार सुबह देखा तो कमरे में फंदे से लटका हुआ था, जिससे उसकी मौत हो गई। एएसपी राजेश सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।



## पठानिया ने कांग्रेस के बागियों पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**


प्रेस वार्ता में उपस्थित कुलदीप पठानिया व अन्य।

कांग्रेस के पूर्व विधायक और केसीसी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने पार्टी से बागी विधायकों और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से बागी विधायकों का भाजपा इस तरह से स्वागत कर रही जैसे कोई अच्छा कार्य किया हो। उन्होंने यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह का प्रकरण करने वालों की भी भाजपा में पूजा की जाती है। यह बात आज मालूम हुई है।

विधायकों के प्रकरण से पूरे हिमाचल प्रदेश की जनता आहत हुई है। इसका जवाब इन लोगों को उपचुनाव में जनता द्वारा दिया जाएगा। वहीं पठानिया ने कहा कि कांग्रेस के बागी विधायक अब भाजपा में शामिल होकर बिना मतलब की बयानबाजी करके लोगों को गुमराह कर रहे हैं। पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री की कार्यशैली की शांता कुमार भी तारीफ कर चुके हैं।

वहीं लखनपाल के बयानों पर पलटवार करते हुए पठानिया ने कहा कि 40 वर्ष तक लखनपाल कांग्रेस पार्टी का गुणगान करते रहे और अचानक से पार्टी छोड़कर अब भाजपा में चले गए हैं तो मुख्यमंत्री के खिलाफ झूठी बयानबाजी करके लोगों को बहकने का काम कर रहे हैं, लेकिन जनता भलीभांति जानती है कि सच क्या है। उन्होंने कहा कि मैं टिकट और पार्टी को भी मजबूत करने की दौड़ में हूं, मैं पार्टी का एक सिपाही हूं।

# राष्ट्र स्तरीय होली मेले में उमड़ रही लोगों की भीड़

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर में जारी राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला में लोगों द्वारा जमकर खरीददारी की जा रही है। चौगान में लगे होली मेला में लोग पहुंच कर मेले का आनंद ले रहे हैं, जहां लोग बच्चों की भीड़ झूलों की तरफ है, वहीं लोग जमकर खाने-पीने का आनंद भी ले रहे हैं। चौगान में राजस्थानी व्यंजन के स्टाल लगाए गए हैं। इसके अलावा गोहाना से नाथूराम हलवाई की देसी घी की जलेबी बरबस लोगों को आकर्षित कर रही है। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के विभिन्न प्रदेशों के व्यंजन यहां पर उपलब्ध हैं।



बीकानेरी जलेबी के स्टाल पर उमड़ी लोगों की भीड़।

होली मेला यूं तो 26 मार्च को आधिकारिक रूप से समाप्त हो चुका है। चार दिनों तक चलने वाले इस मेले के समाप्त होने के बाद भी लोगों का मेले ग्राउंड में आना जारी है।

> **खाने-पीने के स्टॉलों पर लोगों की भीड़**
>
> **होली** मेला में इन दिनों विभिन्न प्रदेशों से आए खाने-पीने के स्टाल में लोगों की भीड़ जमकर उमड़ रही है। जहां लोग कुल्लू के सीडडू और कचोरी का स्वाद, राजस्थान से आए स्टॉल में राजस्थानी स्वाद का आनंद लेने के लिए भी उनके स्टालों में लोगों की जमकर भीड़ उमड़ रही है। गोहाना से आए मातु राम हलवाई की जलेबी की दुकान में भी लोग देसी घी की जलेबी का आनंद ले रहे हैं।

# ...नहीं तो लोकसभा चुनावों का होगा बहिष्कार!

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

- पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा हुआ संघर्षरत, पार्टियों को लिखा पत्र
- ओआरओपी मुद्दे को करें चुनावी घोषणा पत्र में शामिल

पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा वन रैंक-वन पेंशन के मुद्दे को लेकर संघर्षरत हो गया है। मोर्चा ने भाजपा व कांग्रेस पार्टी के अध्यक्षों को पत्र लिखकर इसे चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने का आह्वान कर डाला है। मोर्चा ने यह भी चेताया है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो पूर्व सैनिक आने वाले चुनावों का बहिष्कार करने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

यह बात संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा, महासचिव लेफ्टिनेंट रमेश तपवाल एवं सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान ने यहां जारी संयुक्त बयान में कही। मोर्चा के सदस्यों का कहना है कि भूतपूर्व सैनिक पूरे देश में गत एक वर्ष से अधिक से वन रैंक-वन पेंशन स्कीम के भाग-दो से उत्पन्न हुई विसंगतियों को ठीक करवाने के लिए लगातार सरकार से संवैधानिक तरीके से मांग उठा रहे हैं, लेकिन सरकार की तरफ से अभी तक किसी भी प्रकार का आश्वासन नहीं दिया गया है।

इसके साथ ही कोई भी राष्ट्रीय टीवी चैनल भी इस मुद्दे को नहीं उठा रहा है। संगठन की तरफ से भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर मांग की गई है कि वह वन रैंक- वन पेंशन के इस मुद्दे को जिसमें कई विसंगतियां हैं, उनको दूर करने के बारे में अपने चुनावी घोषणा पत्र में लिखें और आश्वासन दें कि चुनाव के बाद जो भी सरकार सत्ता में आती है, वह इस ओआरओपी की स्कीम को भगत सिंह कोश्यारी कमेटी की सिफारिश के मुताबिक लागू करेगी।

उनका कहना है कि संगठन किसी व्यक्ति विशेष व पार्टी विशेष के विरुद्ध नहीं है, लेकिन अगर पूर्व सैनिकों के वन रैंक-वन पेंशन के मुद्दे को घोषणा पत्र में नहीं जोड़ा गया, तो चाहे वह सहस्त्र सेनाओं का सेवानिवृत्ति अधिकारी भी होगा, तो संगठन उसका भी विरोध करेगा।

**प्रतियोगिता**

## बैडमिंटन के महिला के एकल वर्ग का फाइनल मुकाबला सलोनी व समृद्धि के बीच

# कबड्डी में सराज-गौतम कॉलेज में होगा फाइनल मुकाबला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन सभी खेलों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जूडो के पुरुष वर्ग के 66 किलोग्राम में राजकीय फार्मेसी कॉलेज नगरोटा बगवां के अमित कुमार ने प्रथम, 71 किलोग्राम भार वर्ग में सराज के अनिरुद्ध ने प्रथम, गौतम कॉलेज हमीरपुर के मोहित ने द्वितीय स्थान हासिल किया। 81 किलोग्राम वर्ग में गौतम कॉलेज हमीरपुर के अभय प्रथम, रक्कड़ कॉलेज के पीयूष जसवाल द्वितीय, नगरोटा बगवां के विशाल शर्मा तृतीय स्थान पर रहे।

90 किलोग्राम में गौतम कॉलेज हमीरपुर के संदीप ठाकुर विजेता रहे। 100 किलोग्राम भार वर्ग में टीसी अभिलाषी नेरचौक के अजय कुमार प्रथम, नगरोटा बगवां के अमित कुमार द्वितीय रहे। वहीं, महिला वर्ग के 63 किलोग्राम में नगरोटा बगवां फार्मेसी कॉलेज की प्रिया ठाकुर प्रथम स्थान पर रही। जूडो में गौतम कॉलेज हमीरपुर ओवरऑल विजेता में प्रथम, सराज और टीआर अभिलाषी संयुक्त रूप से द्वितीय और नगरोटा बगवां कॉलेज तृतीय स्थान पर रहा।


प्रतियोगिता में खिलाड़ी प्रदर्शन करते हुए।

महिला वर्ग का कबड्डी का पहला सेमीफाइनल मुकाबला राजकीय फार्मेसी कॉलेज सराज और इंजीनियरिंग कॉलेज प्रगति नगर शिमला के बीच खेला गया, जिसमें सराज की टीम ने एक अंक से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल गौतम कॉलेज हमीरपुर और एचआईईटी शाहपुर के मध्य खेला गया, जिसमें गौतम कॉलेज विजेता बना। अब शनिवार को कबड्डी का फाइनल मुकबला सराज और गौतम कॉलेज में होगा। दोपहर बाद खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया जाएगा।

# 80 हजार के हार व 20 हजार की नकदी चोरी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

उपमंडल सरकाघाट में एक ही दिन में चार मामले चोरी और अवैध शराब के दर्ज हुए हैं ।

जानकारी अनुसार सरकाघाट की ग्राम पंचायत समैला के गांव पारगी से सबंध रखने वाले कमलेश कुमार पुत्र शंकर दास ने पुलिस थाना सरकाघाट में शिकायत दर्ज करवाई है कि डबरोग में मेरी ईशु कास्मेटिक नाम से दूकान है रात को कोई व्यक्ति मेरी दुकान से करीब 70 हजार के नोट लगे हार चूरा कर ले गया है और करीब 10 हजार रुपए नगद ले उड़ा है।

वहीं डली में भी इसी रात को एक दुकान से दस हजार के हार व नगदी चोर ले उड़े है। पुलिस ने दोनों मामलों में नामालूम व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## बैरू व लुहाखर में 35 बोतल अवैध शराब बरामद



उधर, उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत थौना के गांव लुहाखर से संबंधित सुदर्शन कुमार पुत्र सादर सिंह की दुकान से 23 बोतल शराब मार्का ऊना नं. 1 बरामद कर सुदर्शन कुमार के खिलाफ धारा 39 आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया है वहीं इसी पंचायत के गांव बैरू से संबंधित ओमप्रकाश पुत्र लक्ष्मण दास के घर से पुलिस ने सर्च के दौरान 12 बोतल अंग्रेजी शराब मार्का रौयल चैलेंज बरामद कर ओमप्रकाश के खिलाफ मामला पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने बताया कि चारों मामलों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

# नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए टीम रवाना



नेशनल चैंपियनशिप में हिमाचल की टीम रवाना होने से पूर्व सामूहिक चित्र में।

अनंत ज्ञान, नेरचौक

16वीं नेशनल डोज बॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए हिमाचल के धनोटू से 16 सदस्यी खिलाड़ियों की टीम रवाना हो गई है। हिमाचल प्रदेश डोजबॉल एसोसिएशन के प्रधान बृजलाल ने बताया कि इस वर्ष 16वीं नेशनल डोज बॉल चैंपियनशिप पंजाब यूनिवर्सिटी में करवाई जा रही है, जिसमें हिमाचल प्रदेश से 16 सदस्य खिलाड़ी लड़के व लड़कियों की टीम भाग लेकर अपने जौहर दिखाएंगे।

पांच दिवसीय इस नेशनल चैंपियनशिप में हिमाचल के अर्पिता, अजय, मोहित, रोहित, संजय, उधम, अरुण, अक्षित, आकाश, अभिषेक, अभय व गुनगुन कोच अमी चंद की देखरेख में भाग लेंगे।

# सेपक टाकरा प्रतियोगिता के लिए पहुंचे खिलाड़ी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

27वीं जूनियर राष्ट्रीय सेपक टाकरा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश की टीम पहुंच चुकी हैं।

इस प्रतियोगिता में समस्त भारतवर्ष से 28 टीमें भाग ले रही है जिसमे लगभग 700 खिलाड़ी लड़के व लड़कियां भाग ले रहे है। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश ने बेहतरीन प्रदर्शन दिखा कर डबल इवेंट में सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब सेमीफाइनल में हिमाचल प्रदेश की टीम उत्तराखंड से भिड़ेगी।

इस डबल इवेंट टीम में अंतरिक्ष राठौर, चमन वर्मा, दिशांत ठाकुर, और मनीष कुमार टीम कोच, विशाल टीम मैनेजर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे है जोकि मंडी जिला से संबंध रखते है।

इस दौरान प्रधान राज्य संघ पी एन आजाद, प्रदेश कार्यकारी सचिव हेम राज, मंडी जिला महासचिव अंजू शर्मा, पूर्ण चंद, रवि कुमार, नरेश कुमार, हरि कृष्ण, मनी लाल, लूदर चंद, विकास शर्मा ने हिमाचल प्रदेश की टीम को अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।





टीम कोच और खिलाड़ी सामूहिक चित्र में ।

## न्यूज ब्रीफ

### सन्नी बने सोशल मीडिया आईटी सेल के जिला महासचिव



**मंडी।** इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस ने सन्नी ईपन को सोशल मीडिया आईटी सेल का जिला महासचिव व वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया है। बता दें कि इंटक देश का सबसे बड़ा ट्रेड यूनियन फेडरेशन है। सन्नी ईपन कई सामाजिक संगठनों के साथ जुड़े हैं तथा गरीबों और मजदूरों के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। सन्नी ने इंटक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे, प्रदेशाध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और इंटक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष का आभार प्रकट किया।

### गोड़ा गागल में पीएनबी ने लगाया प्रशिक्षण शिविर





**नेरचौक।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर सेटी) मंडी स्थित सनयार्ड द्वारा ग्राम पंचायत गोडा गागल (ब्लॉक बल्ह) में बांस व केन क्राफ्ट बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। यह प्रशिक्षण 9 अप्रैल तक चलेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पंजाब नेशनल बैंक आर सेटी निदेशक देवेंद्र कुमार द्वारा किया गया।

### संपर्क मार्गों की नीलामी 31 मार्च को : एसडीएम

**जोगिंद्रनगर।** एसडीएम जोगिंद्रनगर मुनीश चौधरी ने बताया कि एक से 5 अप्रैल तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला के लिए संपर्क मार्गों के स्थानों की नीलामी 31 मार्च को की जाएगी। उन्होंने बताया कि एसडीएम कार्यालय के समीप हॉस्पिटल गेट से लेकर तहसील कार्यालय तक यह नीलामी की जाएगी। संपर्क मार्गों में प्लाट लेने के इच्छुक लोग 31 मार्च को प्रातः 11 बजे से इस नीलामी प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

### चुनावों में मीडिया की भूमिका पर कार्यशाला आज

**मंडी ।** स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव करवाने में मीडिया की महत्त्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसको लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय पर प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया को जारी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इन्हीं निर्देशों से अवगत करवाने के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में शनिवार को को 11.30 बजे उपायुक्त कार्यालय भवन के हॉल में मीडिया कार्यशाला एवं पत्रकार वार्ता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया से जुड़े पत्रकारों को आमंत्रित किया गया हैं।

### देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाएगा संघ

**मंडी ।** आगामी 31 मई को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मनाई जाएगी। उनके जीवन पर व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। बता दें कि देवी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन भारतीय इतिहास का एक स्वर्णिम पर्व है। अहिल्याबाई का जन्म एक साधारण ग्रामीण परिवार में हुआ था, लेकिन उनकी जीवन यात्रा आज भी समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी हुई है। उनके इन बृहद कार्यों के कारण उन्हें पुण्यश्लोक की उपाधि भी मिली। श्री शंकर आज्ञेवरून इस राजमुद्रा से चलने वाला उनका शासन हमेशा भगवान शंकर के प्रतिनिधि के रूप में ही काम करता रहा। उनके लोक कल्याणकारी शासन भूमिहीन किसानों, भीलों जैसे जनजाति समूहों के हितों की रक्षा करने वाला एक आदर्श शासन था।

### नागेश गुलेरिया के लिए किया स्वागत समारोह

**मंडी ।** वन विभाग के अतिरिक्त प्रधान मुख्य अरण्यपाल एवं जाइका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जिसके चलते हिमाचल प्रदेश पैंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन के मंडी व शिमला के पदाधिकारियों व सदस्यों ने जाइका वानिकी परियोजना कार्यालय पहुंचकर नागेश कुमार गुलेरिया को सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में और अपनी दूसरी पारी शुरू करने की शुभकामनाएं देते हुए स्वागत समारोह आयोजित किया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आत्माराम शर्मा, जिला मंडी के अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश शर्मा समेत यहां पहुंचे सभी पदाधिकारियों ने नागेश कुमार गुलेरिया को गुलदस्ता, टोपी, शाल, स्मृति चिन्ह भेंट कर फूलों की मालाएं पहनाई। समारोह में मंडी सदर इकाई के अध्यक्ष रेवतीराम शर्मा, प्रदेश के कोषाध्यक्ष संतराम सांडिल, शिमला सिटी के प्रधान जीवन ठाकुर, ऑफिस सेक्रेटरी बेलीराम आजाद, मंडी जिला मीडिया प्रभारी कुलदीप गुलेरिया, प्रेस सचिव वाईपी सरोज, मुख्य संगठन सचिव सूरज ठाकुर, सदस्य अशोक शर्मा, रामनरेश, प्रमोद कुमार, परियोजना निदेशक जायका श्रेष्ठानन्द सहित अनेक गणमान्य लोग व जायका वानिकी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# निगम ने रुकवाया मस्जिद निर्माण

## बिना नक्शा पास हुए विवादों में घिरी मस्जिद, नोटिस जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

अवैध निर्माण के थपेड़ों से जूझती छोटी काशी मंडी आज एक बड़ी कार्रवाई की मांग कर रही है। अवैध निर्माण के खिलाफ शहर की कई स्वयं सेवी संस्थाओं ने मंडी प्रशासन का दरवाजा भी खटखटाया है।

इसी के बीच एक और अवैध निर्माण का मामला सामने आया है, जिसको लेकर नगर निगम मंडी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया है।

बता दें कि मंडी के जेल रोड में बन रही मस्जिद बिना नक्शा पास हुए विवादों में घिर गई है। एक सोसायटी के तहत इस मस्जिद का निर्माण कार्य किया जा रहा है। गौर करने वाली बात है कि सोसायटी ने निर्माण की अनुमति के लिए नगर निगम मंडी में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों के विपरीत नक्शा तैयार कर सबमिट किया और नियमों को धत्ता बताते हुए निर्माण कार्य बिना अनुमति के ही शुरू कर दिया। इसको लेकर शहर के लोगों ने आपत्ति जताते हुए प्रशासन से उचित कार्रवाई अमल में लाने की मांग की है।





टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों के विपरीत है नक्शा

वहीं मामले की भनक लगते ही नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट ने निगम के एसडीओ एससी जसवाल को मौके पर भेजा। घटनास्थल पर पहुंचने उपरांत पाया कि निर्माण कार्य बिना अनुमति किया जा रहा है, जिस पर कार्रवाई करते हुए नगर निगम ने नोटिस जारी कर काम बंद करवाया।

### संगठन बोले- नहीं होने देंगे निर्माण

**शहर** के कई संगठन इस बात को लेकर उग्र हो गए हैं, श्याम, कृष्ण मुरारी, विजय, मोती लाल, सुंदर सिंह आदि लोगों ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि बिना अनुमति के चोरी छुपे मस्जिद का निर्माण करना संदिग्ध लग रहा है, इसकी गहनता से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति और संगठन को नियमों के दायरे में निर्माण करने का अधिकार है, लेकिन नियमों को तोड़ बिना अनुमति निर्माण करना कहीं न कहीं संदिग्ध है इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

> मामला ध्यान में आया है, संबंधित को नोटिस जारी कर स्थिति को देखते हुए जवाब मांगा है। इसके साथ ही नगर निगम प्रबंधन ने मौके पर जाकर काम रुकवा दिया है।
>
> -वीरेंद्र भट्ट, महापौर, नगर निगम मंडी।

> जानकारी मिली है, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग व नगर निगम मंडी के ध्यान में मामला लाया है। इसके साथ ही शनिवार को मंडी प्रशासन को एक ज्ञापन भी दिया जाएगा, ताकि मामले पर उचित कार्रवाई की जा सके।
>
> -डॉ. अनुपम टंडन, बीएचपी जिलाध्यक्ष मंडी।

# दुधारू गाय के निधन पर हरिद्वार में किया पिंड दान

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

गाय को माता का दर्जा तो हर कोई देता है लेकिन एक ऐसा परिवार जिन्होंने अपनी दुधारू गाय के निधन के बाद पूरे हिन्दू रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया व पिंड दान करने हरिद्वार पहुंचे।

धर्म पर अटूट विश्वास रखते हुए शायद अपने इस तरह का मामला पहले नहीं देखा होगा। आज के समय में कुछ लोग अपने मृत बुजुर्ग लोग का पिंड दान करने से भी परहेज करते हैं लेकिन बिलासपुर जिला के घुमारवीं उपमंडल के गांव लेठवीं में जगदीश शर्मा ने एक अलग तरह की मिसाल पेश की है। पंडित जगदीश शर्मा ने घर में एक गाय पाल रखी थी ।

गौ को माता का दर्जा देते हुए खूब सेवा करते थे। लेकिन फरवरी माह में गाय अचानक गायब बीमार हो गई । 4 मार्च को गाय ने बछड़ा दिया और बीमारी के चलते 19 मार्च को अचानक गाय का निधन हो गया। जगदीश शर्मा ने बताया कि गाय को विधिवत रूप से दफनाया गया और पिंड दान किया गया इतना ही नहीं कुछ दिनों बाद पूरा परिवार मृत गाय का पिंड दान करने हरिद्वार गया।

हरिद्वार में हरकी पैड़ी पर गाय का पिंड दान किया गया जगदीश शर्मा ने बताया आज जहां लोग गाय को पालते हैं और उनको सड़कों पर छोड़ देते हैं ।

गाय दर दर की ठोकरें खाती हैं वह पाप है। गाय को पूरे हिन्दू रीति रिवाज के साथ उसका अंतिम संस्कार करना एक मिशाल बन गया है। धर्म के नाम पर गाय की पूंछ पकड़कर पूजा अर्चना तो लोग करते हैं। लेकिन इस तरह का कार्य करना ही असली धर्म ओर पूजा है।



पिंड दान करने पहुंचे परिवार के सदस्य।

# वुशू प्रतियोगिता में दो खिलाड़ी फाइनल-सेमीफाइनल में पहुंचे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

जम्मू-कश्मीर विश्वविद्यालय में चल रही 17वीं सब जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में हिमाचल के खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन जारी है। हिमाचल प्रदेश वुशू खेल संघ के महासचिव पीएन आजाद ने बताया कि 27 से 21 मार्च तक चल रही प्रतियोगिता में खिलाड़ी शिवांश चौहान ने 24 किलोग्राम भार वर्ग की प्रतियोगिता में सैमीफाइनल में मिजोरम राज्य के खिलाड़ी को हराकर फाइनल में जगह बना ली है, इससे हिमाचल को गोल्ड या फिर सिल्वर मेडल मिलना पक्का हो गया है।



शिवांश चौहान फाइनल में पहुंचा।

इसी तरह 27 किलोग्राम भार की प्रतियोगिता में आदर्श ने सेमीफाइनल में पहुंच कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। एक अन्य मुकाबले में अक्षय कुमार 60 किलोग्राम भार में अच्छा प्रदर्शन करते हुए क्वाटर फाइनल में पहुंच गए है।

# तीन पार्षदों ने थामा भाजपा का दामन

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार से सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी धीरे-धीरे दूर होते जा रहे हैं, कई कार्यकर्ताओं द्वारा हाईकमान को पत्र भी लिखे गए पर कांग्रेस हाईकमान द्वारा इस पर कोई कार्यवाही नहीं की। वहीं लोकसभा चुनावों का बिगुल बजने के बाद अब मंडी संसदीय क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र जोगिंद्रनगर में बगावत के स्वर उठाना शुरू हो गए हैं । जोगिंद्रनगर नगर परिषद के तीन पार्षद अजय धरवाल, ममता कपूर व शीला देवी ने शुक्रवार को कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा है।

ममता कपूर महिला ब्लॉक कांग्रेस की अध्यक्षा भी रही हैं। लोकसभा चुनावों से पहले जोगिंद्रनगर नगर परिषद के तीन पार्षदों को भाजपा में शामिल होना कांग्रेस के लिये धक्का है। बताया जा रहा है कि उक्त पार्षद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होते हुए भी इन्हें दरकिनार किया जा रहा था और इनके कार्यों पर सरकार बिलकुल भी ध्यान नहीं दे रही थी जिससे परेशान होकर इन्होंने भाजपा का दामन थामा हैं।

वहीं प्रदेश प्रवक्ता पंकज जम्वाल सहित विधायक प्रकाश राणा मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी ने इन्हें भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया।



भाजपा में शामिल होते पार्षद व साथ हैं अन्य पदाधिकारी।

# कांग्रेस ने जोगिंद्रनगर को दिया कर्ज : प्रकाश

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

विधायक प्रकाश राणा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को हिमाचल की जनता ने 5 साल के लिए जनादेश दिया और वह एक साल बड़ी मुश्किल से निकल पाई है। यह हिमाचल के इतिहास में पहली बार हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी से अपना परिवार ही नहीं संभल रहा, तो प्रदेश कैसे संभालेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू कहते हैं कि उनके पास धन नहीं है। कांग्रेस द्वारा जो झूठी घोषणाएं की गई थी वही घोषणाएं पार्टी के ऊपर भारी पड़ गई है जो विधायक कांग्रेस पार्टी को छोड़कर जा रहे हैं उनका विकास तो हुआ नहीं, लेकिन जब वह जनता के पास जाते हैं तो सारे उनको झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा कि



जोगिंद्रनगर विधायक प्रकाश राणा के साथ मौजूद अन्य ।

## सरकार को विकास विरोधी के नाम से किया जाएगा याद

इस सरकार को झूठ बोलने तथा विकास विरोधी के नाम से याद किया जाएगा।

प्रदेश सरकार ने जोगिंद्रनगर क्षेत्र के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है । कांग्रेस सरकार ने जोगिंद्रनगर को अगर कुछ दिया है तो केवल कर्ज दिया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता कंगना रनौत के लिए जो बात कर रहे हैं यह एक बहुत गलत बात है ऐसे शब्दों का प्रयोग करना एकदम निंदनीय है ।

# डीसी ने किया शेम्फोर्ड लिटल स्टार स्कूल का शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

शहर में एक नए स्कूल शेम्फोर्ड लिटल स्टार का शुभारंभ किया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने शिरकत की। स्कूल प्रबंधन ने इस दौरान उपायुक्त अपूर्व देवगन का स्वागत किया। अपूर्व देवगन ने कहा कि इस प्रकार के स्कूल बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। शेम्फोर्ड ग्रुप ऑफ स्कूल के फ्रेंचाइजी हेड अमनदीप पुंज ने बताया कि यह स्कूल पिछले 34 सालों से देशभर में कार्य कर रहे हैं।



उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन द्वारा नई किट का शुभारंभ करते हुए।

**राजनीतिक** पूर्व मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में कहा यह लोकसभा नहीं प्रदेश में नई सरकार चुनने का अवसर

# जयराम का दावा, चार जून को बनेंगी दो सरकारें

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

हिमाचल प्रदेश की जनता अगामी चार जून को एक नहीं दो सरकारें चुनने जा रही है। यह मात्र लोकसभा का चुनाव नहीं हिमाचल के इतिहास में ऐसा पहली बार होने जा रहा है कि जनता 14 महीनों की सरकार को चलता कर नई सरकार चुनेगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जितना मर्जी जोर अपनी सरकार बचाने के लिए लगा लें लेकिन ये झूठी सरकार टिकने वाली नहीं है, क्योंकि आज से ठीक एक माह पहले ही ये कांग्रेस सरकार अपना बहुमत खो चुकी है। अपने गृह क्षेत्र सराज के थुनाग में आयोजित भाजपा त्रिदेव सम्मेलन में ये दावा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं सराज के विधायक जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू के कारण ही ये परिस्थितियां बनी है।



मौजूद भाजपा कार्यकर्ता व सम्मेलन में संबोधित करते जयराम ठाकुर।

उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्यसभा चुनाव के बाद विधानसभा अध्यक्ष को इस पूरे मामले में तटस्थ रहना चाहिए था और ऐसी हम उम्मीद करते थे लेकिन तीन निर्दलीय विधायकों ने भी इस सरकार से तंग आकर एक सप्ताह पहले इस्तीफा अपनी सदस्यता से दे दिया है लेकिन विस अध्यक्ष ने उसे स्वीकार नहीं किया है।

अब पता चला है कि सरकार बचाने के लिए वे भी विदेश भाग गए हैं जबकि इधर इस्तीफे स्वीकार होने की निर्दलीय विधायक राह देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम न्यायालय में इस मामले को ले जा रहे हैं।

### मोदी का प्रधानमंत्री बनना दीवार पर लिखी इबारत

**जयराम** ने कहा कि एक दशक में हुए ऐतिहासिक कार्यों के आधार पर कह सकता हूं कि कोई ताकत ऐसी नहीं है जो मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोक सके क्योंकि ये दीवार पर लिखी हुई इबारत है। सराज भाजपा के कार्यकर्ता समर्पण भाव के साथ बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल करने की क्षमता रखते हैं। मेरी गैर मौजूदगी में भी मेरे कार्यकर्ता साथी अपेक्षा से अधिक कार्य करके दिखाते हैं। मुझे विश्वास है कि सराज भाजपा का पूरा परिवार आगामी लोकसभा चुनाव में भी पार्टी की जीत के लिए अहम भूमिका निभाएगा।

# गर्मी बढ़ने पर आइसक्रीम विक्रेता मालामाल

पुष्पराज, मंडी

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव कि समाप्ती के दौरान पड्डल मैदान में व्यापारी पहले तो कम खरीदारी के चलते परेशान थे लेकिन अब व्यापारियों ने राहत की सांस भरी है। वहीं शुक्रवार को गर्मी का भी स्तर बढ़ता दिखाई दिया। ऐसे में आइसक्रीम विक्रेताओं के स्टॉल पर भारी भीड़ देखी गई और व्यापारी काफी खुश नजर आए।

आइसक्रीम विक्रेता संजीव कुमार ने बताया कि गर्मी के चलते ग्राहक काफी संख्या में आइसक्रिम का लुत्फ उठा रहें है।

वहीं कपड़ों के स्टॉल लगाए विनीत नायक ने बताया कि अभी ग्राहक भारी संख्या में आ रहे है। उन्होंने बताया कि 95 हजार का स्टॉल मिला था पहले तो उम्मीद नहीं थी पर अब लग रहा है कि दो से ढाई लाख का मुनाफा कमा लेंगे।



स्टॉल पर आइसक्रीम का लुत्फ उठाते लोग।



मेला समाप्ति के दौरान ग्राहकों की बढ़ती भीड़।

वहीं सहारनपुर से आए अजीज ने बताया कि मंडी शिवरात्रि में पिछले कई सालों से स्टॉल लगाते है पर पिछली बार के मुकाबले इस बार 20 से 25 हजार महंगा स्टॉल मिला है। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा के पास नेता, नीयत व नेतृत्व है और सामने डूबती कांग्रेस : श्रीकांत

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बिंदल बोले- 43 विधायकों वाली कांग्रेस आज 34 पर पहुंची

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाजपा प्रदेश एवं संसदीय क्षेत्र चुनाव प्रबंधन समिति बैठक का शुभारंभ जिला ऊना मुख्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में हिमाचल के चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, प्रदेश महामंत्री संगठन सिद्धार्थन, महामंत्री प्रो सिकंदर कुमार, बिहारी लाल शर्मा उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक घटनाक्रम जारी है, 43 विधायकों वाली कांग्रेस आज 34 पर पहुंच गई है यह बहुत बड़ी बात है। यह केवल मात्र इसलिए संभव हुआ हैं क्योंकि हिमाचल की कांग्रेस सरकार में घुटन का माहौल है। अभी 6 या 9 उपचुनाव आने वाले है और इस बैठक में हम संकल्प लेते है कि हम 9 के 9 विधानसभा



ऊना में भाजपा की उच्च स्तरीय बैठक में उपस्थित प्रमुख नेता

उपचुनाव जीतेगें।

बैठक में बिंदल ने चुनावी कैलेंडर के बारे में जानकारी भी दी जिसमें एससी मोर्चा, महिला मोर्चा, प्रधान उपप्रधान, विधायक, ओबीसी, अल्पसख्यिक सम्मेलन, बूथ विजय, लाभार्थी संपर्क अभियान, स्थापना दिवस, नव वर्ष, राम नवमी, अंबेडकर जयंती जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम शामिल है। उन्होंने कहा कि सभी संसदीय क्षेत्र के संयोजक पूर्व में ही नियुक्त हो चुके हैं, और अब उपचुनावों की दृष्टि से प्रत्येक विधानसभा का संयोजक भी नियुक्त किया जाएगा। प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, सह संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल और पायल वैद्य होंगे। चुनाव कार्यालय प्रमुख पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पुरषोत्तम गुलेरिया, कॉल सेंटर प्रमुख प्रदेश सचिव संजय ठाकुर, कार्यालय प्रबंधन प्रमुख प्रदेश प्रवक्ता विनोद ठाकुर, अतिथि विभाग प्रमुख सह मीडिया प्रभारी प्यार सिंह कंवर, मीडिया विभाग प्रमुख मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा व बूथ नियोजन हेतु सुमीत शर्मा होंगे। ऐसे प्रदेश में 38 विभाग बनाए गए हैं। भाजपा संघठन महामंत्री सिद्धार्थन ने कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स दिए और कहा कि आगामी एक सप्ताह के अंतर्गत सभी लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक अपने-अपने संसदीय चुनाव कार्यालय में होगी। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है की देश के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा शक्तिशाली नेतृत्व है। भाजपा के कट्टर विरोधी भी पीएम मोदी पर एक भी दाग नहीं लगा पाए यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा की कांग्रेस का देश और प्रदेश से सुपड़ा साफ होना तय है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के पास नेता, नीयत और नेतृत्व है और सामने डूबती हुई कांग्रेस है।

वहीं भाजपा सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा कि भाजपा ने काम किया है और काम करेगी। भाजपा अपनी उपलब्धियों को महासंपर्क अभियान के अंतर्गत घर-घर पहुंचने का काम करेगी।

## शराब की 60 बोतलें बरामद

**ऊना।** पुलिस ने संतोषगढ़ रोड पर स्थित रामपुर गांव में एक व्यक्ति की कार से अवैध शराब की 60 बोतलें बरामद की हैं। पुलिस को जानकारी मिली थी कि उक्त व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर कहीं जा रहा है। पुलिस ने यातायात चेकिंग के बहाने जब उसकी तालाशी ली तो उसकी कार से संतरा ब्रांड की 60 बोतल देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने अरोपी त्रिभूवन नाथ द्विवेदी पुत्र जगदीश राम निवासी बसंत बिहार रक्कड़ क्लोनी के विरुद्ध आवकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## अंब में रास्ता रोककर युवक से मारपीट

**ऊना।** अंब में गत दिवस कुछ लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट की। जानकारी के अनुसार आदर्श नगर निवासी पवन कुमार पुत्र ओम प्रकाश ने पुलिस थाने में दी शिकायत में दावा किया है कि कुठेड़ा खैरला गांव के रुस्तम खान पुत्र खुशी मोहम्मद ने उसके बेटे का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की है। मारपीट में उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# देवेंद्र भुट्टो बोले- जो सरकार काम ही न करे उसमें विधायक रहने का क्या फायदा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी और पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बंगाणा में फिर से हिमाचल में हुए सियासी घटनाक्रम को लेकर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि जब 2022 में पहली बार विधायक बनकर विधानसभा पहुंचे, तो कुटलैहड़ के लोगों को उनके प्रति बहुत आशा थी कि हमारे काम होंगे, लेकिन एक काम के लिए बार बार सीएम साहब को बोलना और फिर भी काम न होना हमारे लिए सबसे बड़ा सिरदर्द बन गया था।

भुट्टो ने कहा कि 14 माह के कार्यकाल में हमें केवल जलीलता के अलावा कुछ नहीं मिला। जब भी सूबे के मुख्यमंत्री से मिलकर कार्य बताने जाते तो केवल आश्वासन ही मिलते। भुट्टो ने कहा कि ने हमें 14 माह में कुटलैहड़ में कोई इंडस्ट्री लगी, न कुटलैहड़ के किसी युवा को रोजगार मिला और न ही भाजपा सरकार के समय के कार्यों के लिए कोई धन स्वीकृत हुआ। उन्होंने कहा कि जो सरकार काम ही न करे उसमें विधायक रहने का क्या फायदा। जब 14 माह बाद 27 फरवरी को राज्यसभा सांसद के



बंगाणा में पत्रकारों को संबोधित करते पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो, साथ हैं अन्य।

लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा एक ऐसा उम्मीदवार मैदान में उतारा, जो भगवान श्री राम मंदिर निर्माण विरोधी रहे हैं। हमने राज्य के छः कांग्रेस विधायक और तीन आजाद विधायकों ने सोचा कि यही मौका है और हमने राज्यसभा चुनाव में भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार को दिखाकर बोटिंग की है। जब दोनो तरफ 34-34 बराबर का मतदान हुआ तो पर्ची द्वारा भाजपा सांसद की जीत हुई।

भुट्टो ने कहा कि सत्य कभी पराजित नहीं हो सकता ह और यह सूबे के मुख्यमंत्री ने देख लिया है। भुट्टो ने कहा कि चुनावी समय में दी गई गारंटियों को पूरा करने के लिए हमने कई बार सीएम से चर्चा की, लेकिन हमारी एक न सुनी गई। इन्ही झूठी गारंटियों और जलीलता के कारण हमने कांग्रेस को सदा के लिए अलविदा कहा है। भुट्टो ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। और हम भी मिलकर कुटलैहड़ में विकास की नई गाथा लिखेंगे।

भुट्टो ने कहा कि हमारा कुटलैहड़ विस क्षेत्र में किसी प्रकार का कोई मतभेद नहीं है। इस बार हमीरपुर लोकसभा सीट से 5वीं बार बड़े भाई और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को पांच लाख की बढ़त से जिताएंगे। यही नहीं कुटलैहड़ के उपचुनाव को भी बढ़ी बढ़त से जिताकर भाजपा की झोली में डालेंगे। इस मौके पर पूर्व प्रधान चंद्र कुमार, सुदर्शन शर्मा, राजेंद्र मलांगड़, अरुण मनकोटिया मौजूद रहे।

# कुटलैहड़ कांग्रेस सेवादल के महासचिव भूषण ने भुट्टो के समर्थन में पद से दिया त्याग पत्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ कांग्रेस सेवादल के महासचिव भूषण शर्मा ने अपने महासचिव पद से त्याग पत्र दे दिया है। अरलू पंचायत के उपप्रधान भूषण शर्मा ने कहा कि मैंने अपना त्याग पत्र जिलाध्यक्ष को भेज दिया है और फोन के माध्यम से सूचित भी कर दिया है।

भूषण शर्मा ने कहा कि हमने लगातार 17 वर्ष कांग्रेस पार्टी की सेवा की है, लेकिन अब हमारा पूरा समर्थन भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो को है। कुटलैहड़ से पूर्व में विधायक रहे और वर्तमान में भाजपा के प्रत्याशी बने देवेंद्र भुट्टो के विधायक के रूप में 14 माह के कार्यकाल से प्रभावित होकर हमने यह फैसला लिया है।

भूषण ने कहा कि देवेंद्र भुट्टो कुटलैहड़ विस क्षेत्र के जननायक के रूप में जाने जाते हैं और 14 माह के कार्यकाल में जो देवेंद्र भुट्टो ने कुटलैहड़ की जनता के लिए किया ह, अपनी निजी आय से कुटलैहड़ के गरीब परिवारों की आर्थिक मदद, बच्चों की पढ़ाई का खर्च, विधवा बहनों को प्रति माह आर्थिक सहायता एवं कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में बराबर की हिस्सेदारी निभाकर देवेंद्र भुट्टो ने हर कुटलैहड़ के व्यक्ति का दिल जीत लिया है। भुट्टो की इस कार्य कुशलता को देखते हुए उन्होंने उन्हें बढ़ी बढ़त से जिताने की ठान ली है।

भूषण ने दावा किया है। कि देवेंद्र कुमार भुट्टो को कुटलैहड़ की जनता पहले से चार गुणा बढ़त से जिताकर विधानसभा भेजेगी। शर्मा ने कहा कि देवेंद्र कुमार भुट्टो एक अलग समाजसेवी है। जो केवल जनता की सेवा करने पर विश्वास रखते हैं।

## कुटलैहड़ भाजपा मंडल एवं बूथ मोर्चा प्रकोष्ठ की बैठक आज

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के भाजपा मंडल की बैठक शनिवार को कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा की अध्यक्षता में होटल करणराज में होगी। इस बैठक में कुटलैहड़ भाजपा मंडल, भाजपा मोर्चे प्रकोष्ठ, अनुसूचित जाति मोर्चा,महिला मोर्चा बूथ अध्यक्ष पालक एवं सभी पदाधिकारी मौजूद होंगे। वहीं कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो भी बैठक में शिकरत करेंगे। कुटलैहड़ भाजपा मंडल प्रवक्ता ने बताया कि दस बजे कुटलैहड़ भाजपा मंडल की बैठक शुरू होगी और 11 बजे होटल कर्णराज में कुटलैहड़ के सभी 118 पोलिंग बूथों की बैठक भी कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा की अध्यक्षता में होगी।

प्रवक्ता ने कहा कि इस बैठक में लोकसभा चुनावों के साथ-साथ कुटलैहड़ विस क्षेत्र के होने वाले विस चुनाव पर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में सभी बूथ अध्यक्ष बूथ पालक एवं बूथ सदस्य एवं कुटलैहड़ भाजपा मंडल के सभी सदस्यों का उपस्थित होना अनिवार्य है।

# आहार शुद्धि के बिना भजन करना आसान नहीं : जितेंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

क्षेत्र के धुंदला बंडा में साप्ताहिक भागवत कथा के प्रथम दिन प्रसिद्ध ब्रह्मवेत्ता संत जितेंद्र मोहन ने बताया कि वह सात दिन में जीवन के लिए महत्वपूर्ण सात विषयों पर कथा का वाचन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रेरक कथा का सार्थक भाव आम लोगों के जीवन को प्रभावित करता है।

शुक्रवार को प्रथम दिवस पर प्रथम विषय आहार शुद्धि के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि आहार शुद्धि के बिना भजन मनन करना आसान नहीं है। आहार शुद्धि न हुई तो सत्वगुण नहीं बनेगा और उसके बगैर ज्ञान दृढ़ नहीं होगा।

वहीं भगवान गणेश को तत्व से बताते हुए उन्होंने कहा कि गणेश के कान ज्यादा से ज्यादा सुनने सूंड अंवेषण करने, आशीर्वाद हाथ सेवा का,एक दंत एक बात, पेट सुने ज्ञान को पचाने का प्रतीक है। इस



धुंदला बंडा में साप्ताहिक भागवत कथा के प्रथम दिन कथा सुनते लोग।

तरह जीवन में गणेश तत्व को उतार कर आपकी श्रेष्ठ बुद्धि बनेगी जिससे आपको सुनना आ जाएगा और बोलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कथा आयोजक रमेश चंद शर्मा ने बताया कि कथा का विश्राम तीन अप्रैल को होगी जिसके चलते हररोज कथा के बाद भंडारे व अंतिम दिन बड़े भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। अतः सब भगतों को आमंत्रण है कि वह इस तात्विक कथा का आनंद लें।

कथा में प्रवक्ता विवेक शर्मा, अरविंद शर्मा, अश्वनी शर्मा, मुनीश शर्मा, लकी शर्मा, प्यारे लाल शर्मा, गोलडी शर्मा, सुरेश कुमार के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मेला ड्यूटी में शानदार कार्य करने वाले पुलिस कर्मी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

पुलिस समाज में शांति और व्यवस्था की रखवाली करती है और कानून के रखवालों की भूमिका निभाती है, ताकि हरेक व्यक्ति हर कदम पर कानून का पालन करे। इसी कड़ी में रोड सेफ्टी क्लब व दौलतपुर चौक प्रेस क्लब के सौजन्य से दौलतपुर चौक में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में दस दिन चलने वाला बाबा बडभाग सिंह होला मोहल्ला मेले में महिला पुलिस कांस्टेबल नेहा ठाकुर, मधु, शीतल, प्रवीण कुमारी, दुर्गा दास व पवन कुमार को मेले के दौरान दौलतपुर चौक बाजार में शानदार ड्यूटी के लिए सम्मानित किया गया।



सुरक्षा कर्मियों को सम्मानित करते हुए सामूहिक चित्र में।

इस अवसर पर रोड सेफ्टी क्लब के प्रधान राजेश डोगरा ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात 6 पुलिस कर्मियों को मैड़ी मेले के दौरान दौलतपुर बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान इन 6 पुलिस कर्मियों ने दौलतपुर बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से रखा और जाम नहीं लगने दिया। रोड सेफ्टी क्लब के मुख्य सलाहकार कैप्टन सुशील कुमार ने कहा कि मेले के दौरान ट्रैफिक बढ़ जाती है और बाजार में जाम की लगने की बनी रहती है। पुलिस कर्मियों ने अपनी ड्यूटी को अच्छे तरीके से निभाते हुए अपनी ईमानदारी और अपने कर्तव्य का पालन करने की इस मिसाल पेश की है।

इस मौके पर दौलतपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश कुमार, उपाध्यक्ष राजिंद्र पंडित, कोषाध्यक्ष गुरदेव कुमार, मुख्य सलाहकार दविंद्र ठाकुर, सुखविंदर आदि उपस्थित रहे।

### होनहार बेटी ने मां की अधूरी इच्छा को बनाया संकल्प

# माता चिंतपूर्णी का आशीर्वाद लेने हरोली से पैदल यात्रा पर निकलीं डॉ. आस्था

## पिता मुकेश अग्निहोत्री भी साथ, आस्थामयी यात्रा में जुड़ते गए हजारों लोग

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्वर्गीय प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की अधूरी इच्छा को संकल्प बनाकर उनकी बेटी डॉ. आस्था अग्निहोत्री अपने पिता प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के साथ माता चिंतपूर्णी का आशीर्वाद लेने हरोली से पैदल यात्रा पर निकलीं। गुड फ्राइडे के दिन उन्होंने गोंदपुर जयचंद में अपने निवास से सुबह करीब 8 बजे चिंतपूर्णी मंदिर के लिए यह पैदल यात्रा आरंभ की और देखते ही देखते हजारों की तादाद में लोग उनके साथ सहयात्री हो गए।

बता दें, प्रो. सिम्मी माता चिंतपूर्णी की अनन्य भक्त थीं। अपने पति प्रदेश के उपमुख्यमंत्री की हर चुनावी जीत के बाद वे घर से पैदल माता के दरबार माथा टेकने जाती थीं। उन्होंने 12 फरवरी को हरोली में अपने घर पर माता चिंतपूर्णी का जगराता रखा था। इसी सिलसिले में हेग अकादमी ऑफ लॉ से उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहीं उनकी इकलौती बेटी डॉ. आस्था अग्निहोत्री भी घर आई थीं। मगर



डॉ. आस्था अग्निहोत्री की माता चिंतपूर्णी पदयात्रा में शामिल उपमुख्यमंत्री और अन्य।

दुर्भाग्य से जगराते से दो दिन पहले फरवरी महीने की 9 तारीख को प्रो. सिम्मी का अकस्मात निधन हो गया। उनकी अधूरी इच्छा को अपनी प्रेरणा बनाकर उनकी होनहार बेटी डॉ. आस्था अपने पिता के साथ भावुकता से भरी इस आस्थामयी पैदल यात्रा पर निकलीं हैं।

पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार, पूर्व विधायक राकेश कालिया समेत राजनीतिक जगत के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र के हर तबके के लोग भी इस यात्रा में शामिल हुए।

इन भावुक क्षणों में डॉ. आस्था अग्निहोत्री ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मां प्रो. सिम्मी अग्निहोत्रा खुशी-खुशी माता के दरबार पैदल यात्रा करती थीं। पर हम गम में यात्रा कर रहे हैं। उनकी इच्छा थी कि घर में माता का जगराता हो और सभी को माता का आशीर्वाद मिले। पर वो इच्छा अधूरी रह गई। हम उसी अधूरी इच्छा को पूरा करने और सभी के लिए माता का आशीर्वाद लेने के लिए जा रहे हैं।

शुक्रवार को आस्था कुंज गोंदपुर जयचंद से आरंभ हुई पैदल यात्रा गोंदपुर बुल्ला, भड़ियारा, दुलेहड, हीरानगर, हीरा, हलेडा, पुबोवाल, ठाकरा, पालक्वाह, भदौड़ी, हरोली, समनाल, रोड़ा, सैंसोवाल, धर्मपुर, कांगड़, बढेडा, सलोह, घालूवाल, भदसाली, ईसपुर, पंडोगा होते खड्ड पहुंची। खड्ड में रात्रि ठहराव के बाद शनिवार को यात्रा यहां से आगे बढ़ेगी।

# भाजपा नेता खुद डाका डाल मचा रहे शोरः रायजादा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राज्य कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने कहा कि राज्य की जनता बखूबी समझ रही है कि विधायकों को खरीदने के पीछे किसका हाथ था। भाजपा के नेता खुद डाका डालकर शोर मचा रहे हैं। बेईमान कौन है? इसका माकूल जवाब जनता देने को तैयार बैठी है।

सतपाल रायजादा ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश में पुरानी पेंशन को बहाल करने और महिलाओं को पंद्रह सौ रुपए सम्मान निधि योजना से भाजपा को अपना जनाधार खिसकता नजर आ रहा था। पूरे देश में बदले और सत्ता की भूख के लिए खरीदो-फरोख्त की जा रही है। हिमाचल जैसे शांत देवभूमि को भी मिशन लोटस के नाम से करोड़ों में विधायकों को खरीदकर सत्ता को हथियाने का प्रयास किया, लेकिन हिमाचल के सच्चे लोगों ने इस मिशन को फेल कर दिया। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ में एक पूर्व विधायक को लेकर जयराम ठाकुर पहुंचे थे, लेकिन वहां इधर-उधर से भीड़ जमा करने का प्रयास किया जाता रहा। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता ने इस रैली में कांग्रेस को बेईमान बताया था, लेकिन वे ये भूल गए कि हिमाचल के लोग पूरा ड्रामा देख चुके हैं कि सत्ता के लोभ में भाजपा किस हद तक जा सकती है।

सतपाल ने कहा कि भाजपा नेता महज प्रधानमंत्री के सामने मूकदर्शक बने रहते हैं। प्रदेश में इतनी बड़ी त्रासदी हुई, लेकिन केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के मुंह से एक शब्द भी नहीं निकला। अपने प्रचार के लिए क्रिकेट सितारों को लाया जा रहा है, लेकिन वे अपने प्रदेश से किसी हुनर को उस मुकाम तक नहीं पहुंचा पाए। महज स्वार्थ की राजनीति से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र का भला नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि अगर वे उम्मीदवार घोषित होते हैं और जीत हासिल करते हैं तो संसद में क्षेत्र के हित की आवाज को बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस सरकार स्थिर है, और चार जून के बाद भाजपा को पता चल जाएगा कि हिमाचल की जनता भ्रष्टाचार का विरोध करती है और ईमानदारी का समर्थन करती है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**ऊना।** सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार पंजाब के बरनाला निवासी मिंटू सिह पुत्र यशपाल सिंह की शिकायत पर पुलिस ने सोहारी के चौली गांव की रहने वाली अमीषा पुत्री भजन लाल के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

मिंटू का आरोप है कि अमीषा झलेड़ा की ओर से तेज गति से कार चलाते हुए सीधे मोटरसाइकिल को टक्कर मार देती है। टक्कर से मोटरसाइकिल सवार गिर जाता है और उसे काफी चोट भी आई है। मिंटू का दावा है कि यह हादसा अमीषा द्वारा लापरवाही से गाड़ी चलाने के चलते हुआ है। पुलिस आगामी जांच में जुट गई है।

# लोभ, मोह व अहंकार त्यागने से होता है जीवन सफल : जोशी

**अनंत ज्ञान, अंब**

नगर पंचायत अंब के वार्ड नं.-8 अंदोरा रोड सिद्धिविनायक मंदिर के पास चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक कृष्ण कन्हैया जोशी ने श्रद्धालुओं को बताया कि हमें सपने में भी परमात्मा को नहीं भूलना चाहिए। अगर ज़िंदगी को बेहतर ढंग से जीना है तो काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार को त्यागना पड़ेगा। हमारे आध्यात्मिक मार्ग पर चलने में यही रोड़ा बनते हैं। जोशी ने जोशी ने कहा कि परमात्मा से मिलने के लिए हमारे अंदर आस्था होनी चाहिए। चाहे हमारे जीवन में सुख आए या दुख, हमें परमात्मा की भक्ति को कभी नहीं छोड़ना चाहिए।

इस मौके पर आयोजकों में गौरव शर्मा, मुनीश शर्मा, सुभाष चंद, पवन दत्ता, विजय शर्मा, विवेक शर्मा, पुनीत शर्मा, रॉकी शर्मा सहित सैकडों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



सिद्धिविनायक मंदिर के पास चल रही कथा में कथा का श्रवण करती संगत ।

**राजनीति** कांग्रेस के कई नेता चुनाव लड़ने को सक्रिय; हाईकमान को प्रत्याशी देना असमंजस भरा, स्थानीय को ही टिकट देने की मांग

# गगरेट विधानसभा क्षेत्र में एक अनार सौ बीमार की स्थिति

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

जहां गगरेट और अन्य 5 विधानसभा सीट पर भाजपा ने अपने प्रत्याशियों को घोषित कर दिया है, वहीं कांग्रेस के लिए अब इन विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी देना असमंजस भरा हो गया है। गगरेट विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस में एक अनार सौ बीमार वाली स्थिति पैदा हो गई है, परंतु साथ ही यहां के स्थानीय को ही पार्टी का टिकट देने की मांग जोर पकड़ रही है। गगरेट विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस अब अपना हर कदम फूंक-फूंक कर रख रही है वहीं कांग्रेस के अनेक नेता चुनाव के लिए सक्रिय हो गए हैं।

इनमें पहला नाम कुलदीप कुमार का है जो कि गगरेट में तीन बार जीत अपनी हैट्रिक मार चुके हैं। उनको यहां से सशक्त उम्मीदवार माना जा रहा है। हालांकि वे इस क्षेत्र के आरक्षित होने पर कांग्रेस के मजबूत चेहरे रह चुके हैं। यहां दूसरा नाम राकेश कालिया का गगरेट से चुनाव लड़ने के लिए सामने आया है। इससे पहले कालिया ने गगरेट से एक बार चुनाव जीत चुके हैं।

बता दें कि 2022 में कालिया ने कांग्रेस की टिकट न मिलने पर कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा से हाथ मिला लिया था, लेकिन अब 15 महीने बाद जब चुनावों की घोषणा दोबारा हुई तब कालिया ने भाजपा को छोड़ कांग्रेस के टिकट के लिए सक्रिय हो गए हैं। कालिया का नाम जरुर उजागर हुआ, लेकिन पिछले चुनाव में उनका विरोध भी कोई असर नहीं दिखा पाया था।

यहां तीसरा नाम कांग्रेस के जिला ऊना अध्यक्ष रणजीत राणा का है। राणा ने भी अपने बयानों में यह कहा है कि अगर प्रदेश कांग्रेस उन्हें यह मौका देती है तो वह चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं ,लेकिन गगरेट से अधिक उनकी सक्रियता हरोली में रही है जिसके चलते इस क्षेत्र में उनके नाम पर सहमति बनने पर अभी सवालिया निशान लगा हुआ है। गगरेट क्षेत्र के संबंध रखने वाले ऐसे चेहरे भी सामने हैं, जो जिला परिषद से लेकर विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। इनमें कुछ ऐसे हैं जिन्होंने कांग्रेस के लिए और प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू के साथ एनएसयूआई और कुलदीप पठानिया के साथ युवा कांग्रेस संगठन में कार्य किया है। अधिवक्ता विकास कश्यप का नाम भी टिकट की दौड़ में शामिल है।

कश्यप ने चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू की भी 2022 में हुए चुनावों में काफी सहायता की थी। इनके साथ-साथ प्रदेश कांग्रेस के सचिव रमन जसवाल नाम भी चर्चा में है। कई नेता है जो बाहरी क्षेत्र से गगरेट क्षेत्र में चुनाव लड़ने के लिए सक्रिय हैं, लेकिन ब्लॉक कांग्रेस गगरेट ने अपने बयान में स्पष्ट किया है अगर प्रदेश कांग्रेस ने किसी पैराशूट कैंडिडेट को टिकट दिया हो गगरेट कांग्रेस सामूहिक त्याग पत्र देगी यह देखना भी रोमांचिक होगा कि अगर प्रदेश कांग्रेस किसी बाहरी चेहरे को गगरेट के लिए टिकट सौंपती है तो क्या ब्लॉक कांग्रेस क्या रोल निभाती है ? अब आगे गगरेट की राजनीति में क्या होता है कांग्रेस किसी पुराने चेहरे को सामने लाती है या किसी नय चेहरे को मौका देती है यह आने वाले दिनों में स्पष्ट हो जाएगा।

## पूर्व विधायक राजेश ठाकुर को टिकट नहीं मिली तब भी नहीं छोड़ा संगठन का साथ

**अक्सर** देखा जाता है कि जिस राजनेता को पार्टी टिकट नहीं देती वह पार्टी का विरोध करना शुरू कर देता है और अपनी पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी ज्वाइन कर लेता है। इस प्रथा ने आया राम गया राम का युग शुरू कर दिया है जो प्रजातंत्र के लिए खतरनाक है। सहनशीलता की भावना खत्म होती जा रही है, लेकिन गगरेट के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने नया इतिहास रचा है। वह गगरेट से भाजपा टिकट के सशक्त दावेदार थे, उन्हें टिकट नहीं मिला लेकिन उन्होंने एक बार भी इसका विरोध नहीं किया। गगरेट के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को त्याग की परिभाषा बताकर अनुकरणीय कार्य किया है। आया राम गया राम की राजनीति से ऊपर उठकर संगठन को सर्वोपरि बताने वाले राजेश ठाकुर लोगों के दिलों में और अपनी पार्टी में अपना स्थान बना गए हैं। उन्होंने संगठन को सर्वोपरि बताया है, जिसकी आम जनमानस द्वारा प्रशंसा की जा रही है। ठाकुर के त्याग की यह प्रशंसा केवल भाजपा समर्थक ही नहीं, बल्कि किसी भी राजनीतिक दल से जुड़े आम जनमानस और गगरेट के प्रबुद्ध नागरिक भी कर रहे हैं ।

“ सफलता आमतौर पर उन्हें मिलती है, जो इसकी तलाश में बहुत व्यस्त रहते हैं। -हेनरी डेविड थॉरो



संपादकीय

# हिमाचल के पहाड़ों में मौसम के साथ बदल रहा सियासी अंदाज

पहाड़ी राज्य हिमाचल में सर्द मौसम के गुजरने के बाद तापमान बढ़ना शुरू हो गया है। यहां तापमान के साथ-साथ सियासी पारा भी चढ़ रहा है और सियासत करने का अंदाज भी बदल रहा है। सालों तक एक पार्टी से जुड़े रहने के बाद कुछ नेता अपनी पार्टी बदलते हुए नजर आ रहे हैं। कोई पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से नाराज हैं तो किसी को सरकार का नेतृत्व रास नहीं आ रहा। अपनों से नाराज ये लोग खुशी-खुशी दूसरी पार्टी का पटका पहनकर जनता के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंच रहे हैं और इस दरबार में हाजिरी लगाने का इनका एक ही मकसद है और वह है सत्तासुख। एक ऐसा सुख, जिसकी चाह में ये लोग अपनी रातों की नींद और दिन का चैन भूल बैठे हैं। यह सत्ता का मोह ही है, जिसने इन्हें बाकी तमाम रिश्ते-नातों को तोड़ने पर विवश कर दिया है।

कभी अपनी पार्टी के लिए जोर-जोर से नारे लगाने वाले ये सत्ता प्रेमी अब उसी से नाता तोड़कर एक ऐसी पार्टी में जा बैठे हैं, जिसकी विचारधारा और नीतियों की आलोचना करते थकते नहीं थे। जिस सत्ता को पाने के लिए ये अपनी पार्टी से अलग हुए, वह सत्ता इन्हें मिलेगी या नहीं, इसका फैसला दिल्ली या किसी अन्य स्थान पर बैठे लोग नहीं, बल्कि उन लोगों ने करना है, जो चुपचाप बैठे सब कुछ देख रहे हैं। शांत बैठे इन हजारों-लाखों लोगों के मन में क्या चल रहा है, इसको भांपना किसी नेता के लिए कोई आसान काम नहीं है। यही कारण है कि तमाम जगहों पर दस्तक देने के बाद आखिरकार इन लोगों ने उस दरबार में हाजिरी लगाना शुरू कर दिया है, जहां इनकी जीत और हार का फैसला होना है। जनता इनसे कोई सफाई मांगे या न मांगे, परंतु ये लोग खुद ही अपनी सफाई देकर खुद को पाक दामन साबित करने में जुटे हुए हैं।

कोई आंसुओं से तो कोई रुंधे कंठ से लोगों की सहानुभूति पाकर उनका समर्थन प्राप्त करना चाहता है। वैसे भी आजकल इमोशनल ब्लैकमेल भी चुनावों में एक बहुत बड़ा रोल अदा कर रहा है। लोगों को बड़े-बड़े सब्जबाग दिखाना और कई प्रलोभन देकर उनका मत हासिल करना इन नेताओं को खूब आता है, लेकिन बड़ा सवाल तो यह है कि जिस पार्टी की विचारधारा और नीतियों का गुणगान कर इन लोगों ने पिछले चुनावों में लोगों का समर्थन हासिल किया था, क्या उस विचारधारा की आलोचना करने पर भी उन्हें वही समर्थन मिल पाएगा? क्या लोग इन नेताओं को पार्टी से ज्यादा अहमियत देंगे? क्या लोग भी इनकी तरह ही मौकापरस्त होकर मदतान करेंगे?

खैर, पहाड़ की जनता का फैसला जो भी हो, लेकिन इस शांत राज्य में भी वह सियासत शुरू हो गई है, जिसकी कल्पना आज से पहले शायद ही किसी ने की होगी। हिमाचल की राजनीति में यह बदलाव इस पहाड़ी राज्य के लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए ठीक नहीं है। पार्टियों में बहुत कुछ होता है और कई बदलाव भी होते रहते हैं, लेकिन अपने फायदे के लिए अपनी पार्टी से किनारा कर लेना अच्छी सियासत नहीं होती है। नुमाइंदों को अपना हित साधने की बजाय जनता के साथ किए वादों को निभाने पर पर ध्यान देना चाहिए, उनके साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए। अच्छा लोकतंत्र वही होता है, जहां लोगों को नेताओं पर विश्वास होता है। पार्टी कोई भी हो, उम्मीदवार को जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। लोगों ने जिसे अपना प्रतिनिधि बनाकर विधानसभा या संसद में भेजा होता है, उसे पांच साल तक क्षेत्र के विकास व लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए काम करना चाहिए, न कि अपने हितों को सर्वोपरि रखते हुए एक साल या फिर दो साल के बाद उपचुनाव का माहौल बनाना चाहिए।

# अंधविश्वास की ओर जाता हमारा शिक्षित समाज

वर्तमान समय में हमारा समाज अपने धर्म को भूलकर किस दिशा में जा रहा है, यह हम सभी को विधित है, जिसका शायद एक ही उत्तर होगा, वह है अपने धर्म से विमुख होकर अंधविश्वास की ओर अग्रसर होना। यह हम सभी युवाओं और समाज के लिए बहुत ही गंभीर विषय है।

आज हम किसी विशेष धर्म पर चर्चा नहीं करेंगे, बल्कि हर धर्म के धर्मांतरण और अपने धर्म से विमुख देश के उन तमाम ढोंगी बाबाओं और धर्म के सौदागरों के जाल में कहीं न कहीं फसते जा रहे हैं और जानकारी अनुसार जो वर्ग इनका सबसे ज्यादा शिकार और आश्रित हो रहा है, वह है आज का शिक्षित युवा समाज, जो कहीं न कहीं इन तमाम धर्म के सौदागरों और अंधविश्वासों के जाल में गिरफ्त हो रहा है। इस बात को आज हम सभी को समझने और चिंतन करने की परम आवश्यकता है, तो वहीं हमें अपने अपने धर्म के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और अटूट आस्था को नहीं छोड़ना चाहिए, जिस धर्म, संस्कृति, आस्था और परंपरा का हम सदियों से निर्वहन कर रहे हैं, उस अमूल्य पहचान, धर्म को नहीं छोड़ना चाहिए।

हमारे देश में आए दिन समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर खबरें प्रकाशित होती रहती हैं कि आज इस क्षेत्र में धर्मांतरण हो रहा और अगले दिन फिर सुर्खियां बन जाती हैं, तो वहीं आजकल देश के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे अनेक पाखंडी मिलते हैं, जिन्होंने पैसे कमाने के लिए धर्म को बदनाम करने और आस्था के नाम पर विभिन्न राज्यों एवं क्षेत्रों में अपनी निजी दुकानें लगा रखी हैं।

आज हम सभी को ऐसे गंभीर और चिंताजनक विषय पर अपने आप और समाज को जागृत करने की परम आवश्यकता है, जैसे कहा भी जाता है कि भारत विभिन्नताओं का देश है, जहां विभिन्न प्रकार की भाषा, विभिन्न प्रकार के धर्म, विभिन्न प्रकार की संस्कृति इत्यादि देखने को मिलती हैं, तो वहीं हमारे देश में विभिन्न धर्मों के अनुयायी और विभिन्न धर्म भी देखने को मिलते हैं, जैसे हिंदू धर्म, सिख धर्म, मुस्लिम धर्म, ईसाई धर्म इत्यादि जो अपने-अपने धर्मों को मानते हैं और उस धर्म पर चलते हैं, परंतु आज अगर हम हिंदू धर्म की बात करें तो यह एक बड़ी चुनौती और समस्या बनकर उभर रही है कि हिंदू धर्म में अपने धर्म से विमुख होकर अन्य धर्मों में अपनी गहरी आस्था रखते हैं, तो वहीं दूसरी ओर आजकल बड़े स्तर पर प्रवचनों के माध्यम से और पाखंडियों का एक बड़ा गिरोह अनेक क्षेत्रों में देखने को मिलता है, जिसमें अनेक शिक्षित युवाओं का एक खासा रुझान ऐसे झूठे साधु, संत और बनावटी योगियों पर रहता है, तो वहीं हम अपने धर्म से विमुख हो रहे हैं, जिस धर्म से हमारी पहचान, हमारा अस्तित्व माना जाता है।



हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

धर्म से विहीन व्यक्ति पशु के समान होता है। धर्म ही व्यक्ति को संसार में अपना जीवन चक्र चलाना सिखाता है। हर व्यक्ति को अपने कर्मक्षेत्र में धर्म और मर्यादा का पालन करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। धर्म से विरक्ति के कारण ही संसार में समस्याओं का जन्म हुआ है। पांडवों का उदाहरण देते हुए कहा कि सभी प्रकार के दुख उठाने के बावजूद भी उन्होंने धर्म को नहीं छोड़ा, तो अंत में पांडवों की ही महाभारत के युद्ध में विजय हुई। उन्होंने कहा कि दुनिया में वही व्यक्ति जगा हुआ है, जो सांसारिक मोह माया और आसक्तियों से दूर है। किसी भी समाज में व्याप्त अंधविश्वास व रूढ़िवादिता जैसी बुराई किसी भी देश की प्रगति को पीछे धकेल देती हैं। अंधविश्वास और रूढ़िवादिता हमारे नवयुवकों को भाग्यवादिता की ओर ले जाती है। इसके फलस्वरूप वे कर्महीन हो जाते हैं और अपनी असफलताओं में अपनी कमियों को ढूंढने के बजाय वे इसे भाग्य की परिणिति का रूप दे देते हैं। हमारे क्षेत्र मे लोग कई तरह के टोने-टोटके, झाड़-फूंक, उतारा, काला जादू और नजर से बचने के लिए नजरबट्टू आदि पर विश्वास करते हैं। यहां पर लोग अभी भी बच्चे के बीमार होने पर डॉक्टर को दिखाने से पहले किसी बाबा, मौलवी या पंडित से अपने बच्चों को दिखवाते हैं, जिससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक तनाव बढ़ता ही है।

बच्चों को बाबा बैरागी से नजर झड़वाने और उनकी सलाह से डॉक्टर को न दिखाने के कारण बच्चों की बीमारी और बिगड़ जाती है। ज्यादातर तो यही देखने को मिलता है कि अंधविश्वास के चलते लोग बीमारी का उपचार नहीं कराते और जब हालत ज्यादा खराब हो जाती है तो आखिर मे डॉक्टर के पास ही जाते हैं और उस वक्त डॉक्टर भी उसका उपचार करने मे असमर्थ हो जाता है। बीमारी की अवस्था में कई लोगों की मृत्यु अंधविश्वास के कारण ही होती है। वयस्कों के साथ-साथ युवाओं के बीच भी अंधविश्वास देखा जा सकता है। अक्सर देखने को मिलता है कि वे अपने भविष्य को लेकर बहुत चिंतित रहते हैं। भविष्य में रोजगार पाने के लिए परिश्रम न करके कई युवा अंधविश्वास का सहारा लेते हैं। अच्छी नौकरी, धनप्राप्ति के लिए लोग कछुए की अंगूठी, मेरु रिंग, नवरत्न अंगूठी और जाने क्या-क्या पहनते हैं। उनका मानना होता है कि इन अंगूठियों के धारण करने से धन की प्राप्ति होती है। कई युवा अपने विवाह से लेकर पुत्र प्राप्ति तक के लिए बाबाओं के पास जाते हैं, ऐसे कई मामलों में महिलाओं के साथ मानसिक और शारीरिक शोषण की घटनाएं भी सुनने में आती हैं। यह सब बड़े पैमाने पर गांवों और शहरों में फैला हुआ है। अंधविश्वास के कारण समाज में लोगों में एक-दूसरे के प्रति दुर्भावना भी बढ़ रही है।

लोग एक-दूसरे पर टोने-टोटके करने का आरोप लगाते हैं और इसमें भी महिलाओं और किशोरियों के साथ शोषण ज्यादा होता है। युवा परिश्रम न करके ऐसे तरीकों से सफल होने की दिशा ढूंढते हैं, जिनमें वे खुद ही उलझ कर रह जाते है। इससे उनका मानसिक तनाव बढ़ता है और अंधविश्वास के कारण वह अपनी बचत-पूंजी को दांव पर लगा देते हैं, जो कि एक चिंता का विषय है। इस प्रकार आज हम सभी को अपने धर्म से विमुख नहीं होना चाहिए, और वही पाखंडियों और धर्म के सौदागरों से दूर रहने की परम आवश्यकता है, तथा अपनी मेहनत, जज्बे और इच्छाशक्ति से अपने भविष्य को संवारने और सुरक्षित बनाने का प्रयास करना चाहिए, ताकि भविष्य में हम इन सभी कुरीतियों से बच सकें और अपने धर्म के प्रति समाज और क्षेत्र में जागरूकता बनाए रखें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# संस्कार ही इंसान की सबसे बड़ी विरासत

वर्तमान में अच्छे व संस्कारवान मनुष्य की कोई गिनती नहीं है। बुराई का सर्वत्र बोलबाला हो रहा है। आज ईमानदारों को मुख्यधारा से हाशिए पर धकेला जा रहा है। गिरगिटों व बेइमानों को गले से लगाया जा रहा है। कहते हैं दुनिया में कोई ऐसी शक्ति नहीं है, जो इंसान को गिरा सके, क्योंकि इंसान, इंसान द्वारा ही गिराया जाता है।

ईश्वर की चक्की जब चलती है, तो वह पाप व पापी को पीस कर रख देती है। मानव सेवा ही नारायण सेवा है, यह अटल सत्य है। भगवान व श्मशान को हर रोज याद करना चाहिए। किसी को दुखी नहीं करना चाहिए क्योंकि भगवान की लाठी जब पड़ती है, तो उसकी आवाज नहीं होती। ईश्वर इस धरा के कण-कण में विद्यमान है। इंसानियत व मानवता सबसे बड़ा धर्म है। दुनिया में ऐसा नहीं है कि सभी लोग बुरे हैं, इस जगत में अच्छे-बुरे लोगों का संतुलन है। इंसान खुदगर्ज बनता जा रहा है। मुंशी प्रेमचंद ने कहा था कि जहां 100 में से 80 लोग भूखे मरते हों, वहां शराब पीना गरीबों के खून पीने के बराबर है। भूखे को यदि रोटी दे दी जाए तो भूखे की आत्मा की तृप्ति देखकर जो आनंद प्राप्त होगा, वह सच्चा सुख है। आज प्रकृति से छेड़छाड़ हो रही है। प्रकृति के बिना मानव प्रगति नहीं कर सकता।



नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

प्रकृति एक ऐसी देवी है जो भेदभाव नहीं करती। आज मानव स्वार्थ की पट्टी के कारण अंधा होता जा रहा है। गाय पर अत्याचार हो रहा है। नफरत को छोड़ देना चाहिए और प्रत्येक मनुष्य की सहायता करनी चाहिए। भगवान के पास हर चीज का लेखा-जोखा है। मानवीय मूल्यों का पतन होता जा रहा है। आज संस्कारों का चीरहरण हो रहा है। खूनी रिश्ते खून बहा रहे हैं।

संस्कृति का विनाश हो रहा है। दया, धर्म, ईमान का नामोनिशान मिट चुका है। ईमानदारी कराह रही है। आत्मा सिसक रही है। अच्छाई बिलख रही है। भाईचारा, सहयोग, मदद एक अंधेरे कमरे में सिमट गए हैं। ईश्वर इस धरा के कण-कण में विद्यमान है। इंसानियत व मानवता सबसे बड़ा धर्म है दुनिया में ऐसा नहीं है कि सभी लोग बुरे हैं। इस जगत में अच्छे-बुरे लोगों का संतुलन है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

ग़ज़ल

## प्यार रोग है बन गया मुझको रुलाने के लिए



शिव सन्याल

**प्यार** होता जिंदगी भर निभाने के लिए।
रोग है यह बन गया मुझको रुलाने के लिए।
सोच सकता मैं नहीं होगी बड़ी वह बेवफा,
कर मुहब्बत वो गई मुझ को सताने के लिए।
रात भर तड़पा रही है दिललगी होती बुरी,
लोग मरते फिर सदा क्यों दिल लगाने के लिए।
पास जर था तो सभी ही यार मेरे बन गए,
कौन आता है गिरे को अब उठाने के लिए।
लुट गई दुनिया है मेरी मैं अकेला रह गया,
पास आंसू रह गए हैं अब बहाने के लिए।
कर गई बेहाल हम को अब गिला किस से करें,
हम रहे अब हैं कहां सूरत दिखाने के लिए,
चांद सी सूरत अजी है मात हम को दे गई।
आग का शोला बनी 'शिव' को जलाने के लिए।

# आरओ का घरों में इस्तेमाल करने से पानी की बर्बादी ज्यादा और लाभ कम

हिमाचल पहाड़ी राज्य होने के बावजूद यहां की जमीन से निकलने वाला पीने योग्य पानी खारा भी हो सकता है। इस बात का यकीन करना मुश्किल लगता है। खारा पानी केवल मात्र समुद्र में ही पाया जाता है। खारा पानी कपड़ों की धुलाई सही तरह से नहीं करता और अक्सर ऐसे पानी से नहाने पर सिर के बाल भी सफेद होकर रह जाते हैं। ऐसे पानी में लवणों की मात्रा अत्यधिक होने कारण उसका शुद्धिकरण किए बिना इस्तेमाल करना हानिकारक हो सकता है। क्या हिमाचल प्रदेश की जनता को यह मान लेना चाहिए उनके द्वारा रोजाना पिया जाने वाला जल खारा और नमक युक्त है? अगर वास्तव में ऐसा नहीं तो आरओ लगाने का भी कोई औचित्य नहीं रह जाता है।



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

आरओ का घरों में इस्तेमाल करने से पानी की बर्बादी ज्यादा और लाभ कम हो रहा है। अगर यही हाल रहा तो निकट भविष्य में जल संकट और भी गहराने के आसार बन सकते हैं। हिमाचल प्रदेश में सरकारों की नाक तले रिवर्स ओसमोसिस उपकरण (आरओ) बेचने वालों की तादाद बढ़ती ही जा रही है। गांव स्तर से लेकर शहरों तक एजेंट लोगों को अपने घरों में आरओ लगाने के लिए दिन-रात प्रेरित करने में लगे हुए हैं। यह उपकरण लगाए जाने की मुख्य बजह क्या सरकारों की ओर से ऐसी कोई भी जानकारी फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गई है। एजेंट लोगों को यह साबित कर रहे कि उनकी ओर से रोजाना पीये जाने वाला पानी पूरी तरह दूषित है, जो कि भयंकर बीमारियों को न्योता दे रहा है। आजकल लोग कई बीमारियों से ग्रसित होकर अस्पतालों की लंबी कतारों में खड़े देखे जा सकते हैं। यही मुख्य कारण है कि लोग एजेंटों की बातों में आकर अपने घरों में आरओ लगाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। लोगों को अब सच में विश्वास होता जा रहा कि उनके द्वारा जो जल पिया जा रहा, वह पूर्णतया दूषित है। हैरानी वाली बात यह कि जल शक्ति विभाग और स्वास्थ्य विभाग की ओर से आम जनता को इस बारे कोई सही मार्गदर्शन नहीं किया जा रहा है।

आखिर देवभूमि में किसकी अनुमति से ऐसे उपकरण बेचकर भोले-भाले लोगों को ठगने का काम दलालों की ओर से चलाया जा रहा है? कंपनी एजेंट एक लोहे की रॉड को पानी के गिलास में डालकर उसे बिजली से गर्म कर रहे हैं। कुछ ही मिनटों उपरांत गिलास के अंदर का पानी गंदा दिखना शुरू हो जाता है। यही एक मात्र बजह है कि लोग एजेंटों के मकड़जाल में फंसकर अपने स्वास्थ्य की चिंता करते हुए घरों में ऐसे आरओ लगाते जा रहे हैं।

हिमाचल की जनता को पीने के लिए परोसे जाने वाला पानी अधिकतर भौम जल है। हिमाचल में कहीं कहीं प्राकृतिक जल स्रोत झरने, बावड़ियां और कुएं ही लोगों की प्यास बुझा रहे हैं। आरओ केवल खारे पानी को मीठा ही बनाता है, जबकि न ही पूरी तरह से उसे कीटाणु रहित।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# इस बार मतदान 'इसलिए' महत्वपूर्ण है

2024 के आम चुनाव की घंटी बज चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस साल के शासन और खंडित विपक्ष की चर्चा पूरे देश में हो रही है। लगभग सभी संचार व अन्य माध्यम मोदी के लिए प्रचंड बहुमत का अनुमान लगा रहे हैं, वे भी तब जब उनके शासन के खिलाफ दो कार्यकालों से विपक्ष का झूठा विमर्श स्थापित कर विरोध चल रहा है। जब यह सब चल रहा है, तो भारतीय नागरिकों की सामान्य मानसिकता, विशेष रूप से कस्बों और शहरों में रहने वाले लोग यह मानने लगे हैं कि चूंकि प्रधानमंत्री मोदी चुनाव जीत ही रहे हैं, इसलिए हमें लाइन में खड़े होकर एक खास दिन वोट क्यों देना चाहिए, जबकि हम इसके बजाय परिवार और दोस्तों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं।

कई लोगों का मानना है कि मतदान न करने से कोई फर्क नहीं पड़ता (मेरे एक वोट से क्या फर्क पड़ेगा)। यही कारण है कि शहरों और महानगरीय क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम है, जो कोई भी भारत को सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक विकास के सभी पहलुओं में एक महान राष्ट्र के रूप में देखना चाहता है, उसे व्यापक दृष्टिकोण पर विचार करना चाहिए। हर वोट देश को मजबूत बनाने और आंतरिक और बाहरी दोनों दुश्मनों से लड़ने में मदद करता है। हमने अपने महान राष्ट्र में बहुत उथल-पुथल देखी है और हम ऐसी मानसिकता के शिकार हुए हैं, जिसे कोई नहीं चाहता। पिछले कुछ दशकों में विकसित हुई 'औपनिवेशिक मानसिकता' ने वंशवादी राजनीतिक दलों को लाभ पहुंचाया है, वे कभी नहीं चाहेंगे कि ऐसी मानसिकता बदले, जिसने उन्हें इस राष्ट्र को लूटने और कमजोर करने में मदद की है। अगर हम वास्तव में अपने आंतरिक और बाहरी दुश्मनों में डर पैदा करना चाहते हैं, तो हमें मतदान करना चाहिए। जब भी देश प्रेमी ईवीएम बटन दबाता है, तो यह दुश्मन के दिमाग में एक शॉकवेव भेजता है। हमने पिछले दो कार्यकालों में देखा है कि अगर हम चुनाव में जाते हैं और भारी बहुमत से सरकार चुनते हैं, तो देश सही दिशा में आगे बढ़ना शुरू कर देता है। हर क्षेत्र में प्रगति हो रही है। कुछ लोग तर्क दे सकते हैं कि दस साल बाद भी अभी भी बहुत सारी चुनौतियां हैं। हां, हर कोई सहमत होगा, लेकिन हमें अपने जीवन के अनुभवों का अध्ययन करने की आवश्यकता है।



लेखक : पंकज जगन्नाथ जयस्वाल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हम जो कुछ भी अब हैं, वह हमारे पूर्वजों और परिवारों की कई पीढ़ियों के प्रयासों का परिणाम है। वैसे ही, इस विशाल देश में 24 करोड़ से अधिक परिवार हैं, जिनमें विभिन्न संस्कृतियां, राजनीतिक विचारधारा और सभी स्तरों पर अलग प्रशासन हैं। इसलिए, जबकि हम जमीनी स्तर पर विकास के प्रमाण देख सकते हैं, महत्वपूर्ण बदलाव लाने में कम से कम एक दशक और लगेगा। आंतरिक और बाह्य सुरक्षा को मजबूत करना, अंतरराष्ट्रीय मंच पर अनेक अवसरों पर सम्मान और नेतृत्व की भूमिका, आर्थिक चक्र में सकारात्मक बदलाव, आत्मनिर्भर भारत के एक हिस्से के रूप में 'स्व' आधारित अनेक नीतियां और क्रियान्वयन, औपनिवेशिक मानसिकता को हटाकर 'स्व' आधारित मानसिकता का विकास, और राष्ट्र के विकास और सुरक्षा के लिए सनातन धर्म के महत्व को मान्यता देना, ऐसी सरकार को वापस चुनकर देना होगा।

इसलिए, राष्ट्र विनाशकारी मानसिकता से रचनात्मक मानसिकता में परिवर्तित हो गया है और यदि हम इस मानसिकता का निर्माण जारी रखते हैं, तो निस्संदेह हम एक या दो दशक में 'विश्वगुरु' बन जाएंगे और ऐसा होने के लिए हमें चुनाव के दिन मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। याद रखें, हमने प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत जीवन के सभी तत्वों में बढ़ने में मौलिक रूप से सहायता करने का मार्ग चुना है, फिर सामाजिक जीवन, फिर राष्ट्र का निर्माण और अंत में दुनिया को एक साथ लाने के लिए एक सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने और शांति लाने के लिए। यदि हम जीतने के बारे में आत्मसंतुष्ट होने या गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण वोट नहीं देते हैं, तो केवल अपने परिवार या पार्टी के लिए काम करने वाला उम्मीदवार हमें सभी मोर्चों पर पीछे धकेल देगा, यहां तक कि आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा करेगा। क्या आप फिर से कष्ट सहना चाहते हैं?

कुछ लोग तर्क देते हैं कि सभी पार्टियां एक जैसी हैं और नैतिकता से काम नहीं करतीं। हां, हम कुछ हद तक सहमत होंगे, लेकिन जब हम हजारों साल पीछे देखते हैं और दुनिया भर के दूसरे देशों से भी तुलना करते हैं, तो हम देख सकते हैं कि स्थिति पहले भी थी या है। हालांकि, हमारे पास 'उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ' को चुनने का विकल्प है, जिसका 'राष्ट्र प्रथम' एजेंडा है, आंतरिक और बाहरी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए काम करता है, अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए काम करता है, भ्रष्टाचार को खत्म करने का इरादा रखता है और काम करता है, भले ही भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने में दशकों लग जाएं, संस्कृति और धर्म को पुनर्स्थापित करने के लिए काम करता है,और 'स्व' आधारित मानसिकता विकसित करने के लिए काम करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# 'स्वातंर्त्यवीर सावरकर' को साकार करने में सफल रहे हुड्डा

'स्वातंर्त्यवीर सावरकर' पर रणदीप हुड्डा ने बेहतरीन फिल्म बनाई है। सच कहूं तो यह फिल्म से कहीं अधिक है। सिनेमा का पर्दा जब रोशन होता है, तो आपको इतिहास के उस हिस्से में ले जाता है, जिसको साजिश के तहत अंधकार में रखा गया। भारत की स्वतंत्रता के लिए हमारे नायकों ने क्या कीमत चुकाई है, यह आपको फिल्म के पहले फ्रेम से लेकर आखिरी फ्रेम तक में दिखेगा। अच्छी बात यह है कि रणदीप हुड्डा ने उन सब प्रश्नों पर भी बेबाकी से बात की है, जिनको लेकर कम्युनिस्ट तानाशाह लेनिन-स्टालिन की औलादें भारत माता के सच्चे सपूत की छवि पर आघात करती हैं। कथित माफीनामे से लेकर 60 रुपए पेंशन तक, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर फिल्म में दिया गया है। वीर सावरकर जन्मजात देशभक्त थे। चाफेकर बंधुओं के बलिदान पर किशोरवय में ही वीर सावरकर ने अपनी कुलदेवी अष्टभुजा भवानी के सामने भारत की स्वतंत्रता का संकल्प लिया। अपने संकल्प को साकार करने के लिए किशोरवय में ही 'मित्र मेला' जैसा संगठन प्रारंभ किया। क्रांतिकारी संगठन 'अभिनव भारत' की नींव रखी। विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। अंग्रेजों को उनकी ही भाषा में उत्तर देने के लिए लंदन जाकर वकालत की पढ़ाई की। हालांकि क्रांतिकारी गतिविधियों के कारण अंग्रेजों ने उन्हें डिग्री नहीं दी। ब्रिटिश शासन के घर लंदन में किस प्रकार वीर सावरकर ने अंग्रेजों को चुनौती दी, इसकी झलक भी फिल्म में दिखाई देती है। निसंदेह, वीर सावरकर के महान व्यक्तित्व के संबंध में फिल्म न्याय करने में सफल हुई है। एक और अच्छी बात निर्माता-निर्देशक ने स्थापित की है कि वैचारिक या सैद्धांतिक मतभेद होने के बाद भी बड़े नेता एक-दूसरे का सम्मान करते थे। जो लोग यह स्थापित करने की कोशिश करते हैं कि वीर सावरकर महात्मा गांधी के विरोधी थे, उनको अवश्य ही यह पता होना चाहिए कि दोनों की सोच अवश्य भिन्न थी, लेकिन दोनों एक-दूसरे के विरोधी नहीं थे। महात्मा गांधी ने तो यहां स्वीकार किया कि वीर सावरकर ने मुझसे कहीं पहले ब्रिटिश शासन की बुराइयों को देख लिया था। गांधी जी ने सावरकर बंधुओं को



लेखक : लोकेंद्र सिंह
हिंदुस्थान समाचार

भारत माता का सपूत भी कहा और कालापानी से उनकी मुक्ति के लिए आवाज भी उठाई। वीर सावरकर भी स्पष्ट कहते हैं, 'वे गांधीजी के विरोधी नहीं, बल्कि उनकी अहिंसा की नीति के विरोधी हैं'। महात्मा गांधी ने अस्पृश्यता को समाप्त करने के जो प्रयत्न प्रारंभ किए, वैसे प्रयत्न प्रभावी ढंग से स्वातंर्त्यवीर सावरकर ने भी किए। उस समय अछूत कहे जाने वाले बंधुओं को मंदिर में प्रवेश दिलाना, अछूत को पुजारी बनाना, सामूहिक सहभोज के आयोजन, जबरन या धूर्तता से मुस्लिम बनाए गए हिंदुओं की घर वापसी, अंधविश्वास को दूर करना और राष्ट्रीयता की भावना को पुष्ट करना, जैसे अनेक नवाचार वीर सावरकर ने कालापानी से बाहर आकर किए। इन सबकी झलक फिल्म में भी देखने को मिलती है। सरदार भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, मदनलाल ढींगरा, लाला हरदयाल, मैडम भीखाजी कामा और श्यामजी कृष्ण वर्मा सहित अनेक स्वतंत्रता सेनानियों के साथ संबंधों को भी फिल्म में दिखाया गया है। कलाकारों ने अद्भुत काम किया है। एक-एक पात्र को जीवंत किया है। विशेषकर रणदीप हुड्डा ने स्वातंर्त्यवीर सावरकर को पर्दे पर साकार कर दिया। हुड्डा अपने अभिनय से वीर सावरकर के साथ एकाकार होते हुए दिखे। कालापानी के वेदना से भरे दृश्य हों या फिर अपने घर भाइयों के साथ आत्मीय पल, सबको बखूबी दिखाया गया है। कालापानी में जब वे अपने भाई बाबाराव सावरकर (गणेश सावरकर) से मिलते हैं, तब जो भाव-भंगिमा उनके चेहरे पर दिखती है, वह दर्शकों की आंखों में आंसू लाने में सक्षम हैं। वीर सावरकर के बड़े भाई की भूमिका में अमित सियाल का अभिनय बहुत प्रभावी रहा है। स्वातंर्त्यवीर सावरकर पहले दृश्य से लेकर आखिरी दृश्य तक दर्शकों को बांधकर रखती है। अनेक प्रश्नों के उत्तर देती है तो कई प्रश्न पैदा भी करती है। फिल्म के आखिर में वीर सावरकर कहते हैं 'जब बापू पर दस दिन पहले भी हमला हुआ था तो सरकार ने उनकी सुरक्षा के बंदोबस्त क्यों नहीं किए?' यह प्रश्न अकसर मैं भी उठाता हूं, लेकिन आज तक किसी ने इसका संतोषजनक उत्तर नहीं दिया है। रणदीप हुड्डा की निर्देशक के रूप में भले ही यह पहली फिल्म है, लेकिन जिस भव्य तरीके और गहराई के साथ उन्होंने 'स्वातंर्त्यवीर सावरकर' को प्रस्तुत किया है, उसके लिए उनकी जितनी सराहना की जाए कम है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**आज** हम अपने दिन का अधिकांश समय मोबाइल फोन के साथ ही बिता रहे हैं। यह न केवल आपको उम्र से पहले बूढ़ा बना रहा है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रहा है। तकनीक में बदलाव आने के साथ-साथ हमारे लाइफ स्टाइल में भी बहुत बदलाव आया है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक मोबाइल हमारी पहली जरूरत बन गया है। स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने के कारण ही हम उम्र से पहले ही कई बीमारियों में फंसते चले जाते हैं। इनमें आंखें कमजोर होने से लेकर कई मेंटल और फिजिकल प्रॉब्लम शामिल हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपका मोबाइल चेहरे पर आने वाली झुर्रियों का कारण भी बन सकता है? इतना ही नहीं यह आपके तनाव और एंग्जाइटी बढ़ाकर मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रहा है। सेलफोन की लत से सिर्फ हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर नहीं पड़ता, बल्कि इससे हमारी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ भी प्रभावित हो सकती है। एक्सपेरिमेंटल एंड क्लिनिकल साइंस की रिसर्च में साबित हुआ है कि सेलफोन की लत रिश्तों में लड़ाई के साथ काम पर ध्यान नहीं लगने का कारण हो सकता है।

**-शिवानी नाग, शाहपुर**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# गुड फ्राइडे पर डलहौजी चर्च में उमड़े लोग

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

गुड फ्राई-डे को होली फ्राइडे, ब्लैक फ्राई-डे या ग्रेट फ्राइडे भी कहते हैं। यह त्यौहार ईसाई धर्म के लोगों द्वारा कैलवरी में ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाने के कारण हुई मृत्यु के उपलक्ष्य में मनाया है।

यह त्यौहार पवित्र सप्ताह के दौरान मनाया जाता है, जो ईस्टर संडे से पहले पड़ने वाले शुक्रवार को आता है और इसका पालन पाश्कल ट्रीडम के अंश के तौर पर किया जाता है। डलहौजी एवं डलहौजी छावनी के चर्चों में ईसाई समुदाय के लोग लोगों ने जाकर ईसा मसीह को याद करते हुए पूजा-अर्चना कर उनके बताए मार्ग और उनकी शिक्षाओं का गुणगान किया।


चर्च में विशेष सभा के दौरान मौजूद लोग।

आज मसीही लोगों का एक त्यौहार है जिसमें यह विश्वास किया जाता है कि प्रभु यीशू मसीह क्रूस पर बलिदान हुए पूरी दुनिया में मनाया जाता है डलहौजी में भी बड़ी संजीदगी से इस दिन को मनाया।

पास्टर राजन और कलवारी गोस्पेल चर्च डलहौजी कैंट के लोगों ने भी परमेश्वर का धन्यवाद किया और परमेश्वर की आराधना की।

इस आयोजन में लगी छावनी के चर्च के पास्टर राजन मसीह ने जानकारी देते हुए बताया कि गुड फ्राइडे को लेकर बीते कई दिनों से मसीह समुदाय के लोगों द्वारा रोज़े रखे जाते हैं तथा भगवान यीशु से समस्त विश्व की भलाई एवं चंगाई की प्रार्थना की जाती है। उन्होंने बताया कि ईसाई समुदाय के लोग आने वाले रविवार को ईस्टर के रूप में मनाएंगे।

# यीशु मसीह ने किया लोगों का उद्धार : शमशेर मसीह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

गुड फ्राई-डे पर ऐतिहासिक गिरजाघर चंबा में पादरी शमशेर मसीह की अगुवाई में तीन घंटे की विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें ईसाई समुदाय के लोगों ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

वहीं विशेष प्रार्थना सभा की अगुवाई करते हुए पादरी शमशेर मसीह ने पवित्र बाइबल में दिए यीशु मसीह के जीवनकाल व उन के लोगों की खातिर दी गई कुर्बानी के बारे में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यीशु मसीह ने अपने जीवन के चालीस सालों में जनकल्याण व लोगों के उद्धार के लिए कार्य किए। तत्काल कुछ धार्मिक व सियासत से जुड़े



प्रार्थना सभा की अगुवाई करते हुए पादरी शमशेर मसीह व उपस्थित ईसाई समुदाय के लोग।

लोगों ने अपनी गरिमा का साम्राज्य खत्म होता देख यीशु मसीह की लोकप्रियता को कम करने के लिए झूठा आरोप लगाते हुए उन पर झूठा केस चलाया, जिसमें उन्होंने जबरन यीशु मसीह को अपराधियों की श्रेणी में शामिल कर उनके साथ एक अपराधी की भांति व्यवहार किया, जिसमें उन्हे तीन घंटे कड़ी व कठोर सजा देने सहित उन्हें सूली पर चढ़ा दिया।

लोगों की खातिर, लोगों के पापों की क्षमा के लिए यीशु मसीह ने हंसते हंसते सूली पर कुर्बान कर दिया। उसी दौरान उनके साथ सूली पर चढ़े दो डाकूओं भी चढ़े थे। जिसमें सूली पर चढ़े एक डाकू ने यीशु मसीह से कहा कि अगर तू परमेश्वर का पुत्र है तो खुद भी बच हमें भी बचा, इस पर यीशु ने उसे जवाब दिया कि पवित्र कलाम व परमेश्वर का हुकम है कि कभी उसकी अजमाइश न कर। उसी दौरान साथ सूली पर चढ़े दूसरे डाकू ने कहा कि हम तो अपने किए की सजा पा रहे है, लेकिन आपने तो नेकियां की फिर आप क्यों इस सजा को ग्रहण कर रहे है।

उन्होंने कहा कि तुझे अपनी गलती का एहसास है तू आज ही मेरे साथ फिरदोस/स्वर्ग में होगा। मैं लोगों के पापों से उनकी मुक्ति व एक-दूसरे को माफी की मिसाल कायम कर रहा हूं, ताकि दुनिया में पाप व लोगों में एक-दूसरे के प्रति उपज रही घृणा कम हो और उनमें एक-दूसरे को क्षमा करने की भावना उत्पन्न हो।

पादरी शमशेर मसीह ने कहा कि पवित्र बाइबल हमें बताती है कि पापों से दूर रहना व दूसरों की गलती को क्षमा करने वाला व्यक्ति ही महान कहलाता है। जिसकी साक्षी पवित्र बाइबल में दिया गया यीशु मसीह का जीवन है।

## न्यूज ब्रीफ

### छुट्टी के दिन बिजली बोर्ड का कैश काउंटर रहा खुला

**चंबा।** बिजली बोर्ड के कार्यालय में अवकाश के बावजूद भी आज बिजली बोर्ड कार्यालय में स्थित कैश काउंटर को खुला रखा गया है। बिजली बोर्ड की तरफ से कुछ दिन पहले लोगों से अपील भी जारी की गई थी कि आजकल ऑनलाइन भुगतान करने में लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बिजली बोर्ड की ओर से अवकाश के दौरान बिलों का भुगतान करने में दिक्कतें पेश आ रही हैं। बिजली बोर्ड की ओर से अवकाश वाले दिनों पर भी कैश काउंटर खुला रखने का निर्णय लिया गया है। बिजली बोर्ड के अधिशासी अभियंता इंजीनियर प्रवेश कुमार ने बताया है कि 30 मार्च तक फिलहाल अवकाश के बावजूद भी कैश काउंटर को खुला रखा जाएगा।

### एसएमसी टुंडी ने हासिल किया प्रथम स्थान



चुवाड़ी। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिहुंता में वर्ष 2023-24 के खंड स्तरीय बेस्ट स्कूल प्रबंधन समिति के अवार्ड में राजकीय उत्कृष्ट विद्यालय टुंडी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर टुंडी के प्रधानाचार्य सोम दत्त ने समस्त प्रबंधन समिति सदस्यों व कार्यकारिणी सदस्यों तथा एसएमसी के अध्यक्ष राम कुमार का विशेष रूप से धन्यवाद दिया है, जिनके प्रयासों से राजकीय उत्कृष्ट विद्यालय टुंडी प्रथम स्थान पाने के लायक हुआ है।

### बनीखेत में श्री राम महायज्ञ व कथा आज से



**डलहौजी।** गुरु नाग देवता मंदिर बनीखेत में आज श्री राम कथा जय श्री राम महायज्ञ आयोजन का शुभारंभ हुआ। आयोजन की शुरुआत में सर्वप्रथम गौरी-गणेश पूजा अर्चना से की गई तत्पश्चात पुण्य: वाचन व यज्ञ के देवताओं का आह्वान किया गया। गुरु नाग देवता का विशेष पूजन भी किया गया व यज्ञ आचार्य सहित कथा व्यास एवं समस्त आए ब्राह्मण का वरण हुआ।

# ककीरा में कूड़े के लगे अंबार

## बढ़ सकता है बीमारियों का खतरा, प्रशासन करे समाधान

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

विकास खंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत ककीरा के लोक निर्माण विभाग के स्टोर के पास मोड़ पर कूड़ा-कर्कट के अंबार देखने को मिल रहे हैं।

हालांकि स्थानीय पंचायत कूड़े को लेकर काफी सजग है फिर भी स्थानीय लोग गुपचुप तरीके से अपने घरों का कूड़ा-कर्कट सीधा खुले में मोड़ के निचे नाले के हवाले कर रहे हैं, जिससे उस जगह की स्थिति नरक में तब्दील हो गई है।

गर्मियों का आगमन शुरू हो गया है और जो स्थिति बनी हुई है उससे ऐसा लग रहा है कि आने वाले समय में इस स्थान को अगर साफ सफाई नहीं करवाई गई तो यही परस्पर स्थानीय लोगों और सड़क पर गुजरने वाले लोगों को कूड़ा कर्कट से पैदा होने वाली कई भयंकर बीमारियों से ग्रस्त कर देगा।

पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि ग्राम पंचायत ने ग्राम पंचायत ककीरा में साफ-सफाई को लेकर पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाएं जिसमें उन्हें अपने घरों के कूड़े को किस प्रकार ठिकाने लगाना है उसे बारे में


ग्राम पंचायत ककीरा में लोक निर्माण विभाग के स्टोर के पास लगे कूड़े के ढेर।

जागरूक भी किया किंतु स्थानीय लोग बार-बार अपने घरों का कूड़ा सीधा नालों के हवाले कर रहे हैं जिससे भविष्य में बीमारियों का तो खतरा रहेगा साथ ही पहाड़ों की खूबसूरती में भी काले धब्बे का काम करेगा।

पंचायत प्रधान ने भी इस कूड़े को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि स्थानीय पंचायत प्रधान ने कहा कि लंबे समय से पहले से ही उड़ा यहां ही देखते आ रहे हैं बाकी और जगह हमारे पास कूड़ा फैंकने के लिए नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### सही जगह पर इकट्ठा किया जाए कूड़ा : एसडीएम

एसडीएम भट्टीयात पारस अग्रवाल ने बताया कि सही जगह पर कूड़ा इकट्ठा किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारे पास लैंड नहीं है जो भी लैंड है वह वन विभाग की है तो आगे से इसके लिए हम पूरा ध्यान रखेंगे। जगह-जगह कूड़ा बिखरा हुआ है। पारस अग्रवाल ने बताया कि यह परेशानी हर जगह आ रही है। समोट हो या और कोई पंचायत हो इसलिए आगे से इसके बारे में हम पंचायत को वीडियो साहिब के माध्यम से आगाह करेंगे, बीते कुछ से समय में आबादी लगातार बढ़ रही है। व्यवसाय को बढ़ावा मिला जिससे होटल की संख्या भी निरंतर बढ़ रही है लेकिन इस आबादी के मध्य नजर कूड़े को सही ठिकाने लगाने के लिए प्रशासन की ओर से अभी तक कोई खास इंतजाम नहीं किए गए हैं जिसका नतीजा जो लोग हैं वह अपने घरों का कूड़ा सीधा नालों के हवाले कर रहे हैं। हालांकि पंचायत द्वारा जगह-जगह चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं लेकिन उसके बावजूद भी लोग बिना किसी खौफ के कूड़ा कर्कट नालों के हवाले कर रहे हैं।

# पत्नी की हत्या के दोषी को सात साल की सजा, 25 हजार जुर्माना

**एम एम डैनियल, चंबा**

पत्नि के हत्या के प्रयास में आरोपी पति को अदालत ने दोषी करार देते हुए 7 वर्ष का कठोर कारावास सहित 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

चंबा अदालत में चले उक्त मामला 6 जून, 2021 में दायर हुआ, जिसमें अदालत ने दोनों पक्षों की ओर से बीते वर्षों में तमाम याचिकाओं व दलीलों पर गौर फरमाने के बाद अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषी करार दिया, जिसमें विशेष न्यायधीश चंबा पीआर पहाड़िया की अदालत ने हत्या के प्रयास के आरोपी समीलदीन पुत्र हसनदीन निवासी गांव छलाड़ा तहसील सिहुंता को आईपीसी की धारा 307 के तहत दोषी करार देते हुए 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा 25 हजार रुपए जुमार्ना किया है। जुमार्ना अदा न करने की सूरत में दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना पड़ेगा।



मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद समलदीन को अदालत ने दोषी करार देते हुए 7 वर्ष के कठोर कारावास और 25 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है।

## 3 अप्रैल को होगी पूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण संघ की बैठक

**मंडी।** केंद्रीय पूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण संघ मंडी की मासिक बैठक पुलिस लाइन सभागार में 3 अप्रैल को 11 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में सेवानिवृत्ति अर्ध सैनिक और उनके परिवार से जुड़े कल्याणकारी मुद्दों पर और मोबाइल कैंटीन से सामग्री की सप्लाई व प्रदेश में अर्धसैनिक बोर्ड के शीघ्र गठन की मांग पर चर्चा के उपरांत आगामी रूपरेखा तय की जाएगी।

# बेडल स्कूल में सम्मानित किए होनहार

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला बेडल में निपुण मेले और वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर रमेश कुमार ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि एवं केंद्रीय मुख्य शिक्षक नैनीखड सुमन धीमान ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित और विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। प्राथमिक पाठशाला प्रभारी राम किशन ठाकुर ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के भागीदारों को प्रोत्साहन पुरस्कार और सत्र के दौरान श्रुत लेख, कला प्रतियोगिता, पर्यावरण संरक्षण


बच्चों को सम्मानित करने के दौरान मौजूद गणमान्य।

संबंधी नारा लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने जहां समस्त कार्यक्रम की प्रशंसा की।

इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय की पाठशाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष क्रमश इंदु बाला, गुड्डी देवी के साथ सेवानिवत्त मुख्य शिक्षक देस राज ठाकुर, ललित डोगरा, वार्ड सदस्य दर्शना देवी, मंजीत सिंह, कुलदीप सिंह, दलजीत सिंह, विजय कुमार, शिवानी ठाकुर सेवानिवृत्त मुख्य शिक्षक देस राज ठाकुर, माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी सुशील धीमान आदि उपस्थित रहे।

# कॉलेज छात्रा के साथ दुष्कर्म आरोपी फरार, मामला दर्ज

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

जिला चम्बा के कॉलेज छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक फरार है। वहीं पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

पीड़िता ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि वह जंगल के रास्ते से होकर कॉलेज जाती है। वीरवार को सुबह करीब 8 बजे वह घर से कॉलेज के लिए निकली। रास्ते में उसे उक्त युवक का फोन आया और उसे रुकने के लिए कहा और उसे जबरन जंगल में ले गया। वहां उसके साथ मारपीट की और जबरन दुष्कर्म को अंजाम दिया। इसके अलावा किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी।

इसके बाद पीड़िता वन विभाग की चैक पोस्ट पर पहुंची और वहां पर गश्त कर रही पुलिस चौकी के मुख्य आरक्षी हरनाम सिंह को आपबीती बताई। इसके अलावा लिखित शिकायत भी दर्ज करवाई।

पीड़िता के अनुसार आरोपी इससे पहले भी कई बार उसके साथ दुष्कर्म कर चुका है। पुलिस आरक्षी हरनाम सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना किहार में मामला दर्ज किया है। डीएसपी किहार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर लक्की निवासी गांव घुड़ेई पंचायत किहार के विरुद्ध मामल दर्ज कर किया है। (अनंत ज्ञान)

# शराब की 26 पेटियों सहित चालक काबू

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा पुलिस दल थाना सदर द्वारा चंबा-पनेला मुख्य मार्ग पर गांव काकढौलू में नाकाबंदी के दौरान आने-जाने वाली गाड़ियों का शक के आधार पर निरीक्षण किया जा रहा था।

इसी दौरान एक महिंद्रा बोलेरो कैंपर एचपी 38इ- 6145 को तलाशी के लिए रोका गया तो बोलेरो चालक पुलिस दल को देखकर बुरी तरह से घबरा गया और स्थानीय होने की दलील देते हुए बचने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस दल ने जब बोलोरो कैंपर की तलाशी ली तो उसमें 24 पेटियां देसी शराब ऊना नंबर वन, एक पेटी अंग्रेजी इंपीरियल ब्लू, एक पेटी थंडरबोल्ट बियर यानी कुल 26 पेटियां देसी अंग्रेजी



बरामद शराब व गिरफ्तार आरोपी पुलिस टीम के साथ।

एवं बियर की पकड़ी गई।

आरोपी युवक की पहचान 23 वर्षीय अमन कुमार पुत्र किशोरी लाल निवासी गांव में डाकघर बलेरा तहसील डलहौजी जिला चंबा के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस थाना सदर में मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

इस सारे मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव द्वारा की गई है।

### सूडोकु 0017 (★★★ मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0016 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

# दक्षिण स्कॉलरशिप फाउंडेशन की परीक्षा आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा में पहली बार दक्षिण स्कॉलरशिप फाउंडेशन की परीक्षा का आयोजन किया गया। इसके तहत चंबा के जवाहर नवोदय विद्यालय में परीक्षा का आयोजन किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य राकेश कटोच ने बताया कि चंबा में पहली बार इस तरह की परीक्षा का आयोजन किया गया है।

इस परीक्षा में अगर बच्चे का चयन हो जाता है तो उन्हें मुफ्त में जेई और नीट की कोचिंग दी जाएगी। जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल में दक्षिणा फाउंडेशन का एग्जाम कंडक्ट हो रहा है जोकि क्लास 10वीं और 12वीं के बच्चों के लिए है। दो साल की रेगुलर स्टडी करवाते हैं और साथ में उनको कोचिंग भी देते हैं। क्लास 12वीं के बच्चों के लिए एक साल का प्रोग्राम रहता है, उसमें बच्चों को कोचिंग दी जाती है, दो मेन एग्जाम्स के लिए। इसमें भी कोई खर्चा बच्चो से नहीं लिया जाता।

अब चंबा के बच्चों को बाहर जाने की कोई जरूरत नहीं पड़ेगी। क्योंकि लाइफ टाइम अपॉर्चुनिटी है अगर बच्चे का सिलेक्शन दक्षिणा में हो जाता है। परफॉर्मेंस नवोदय के कोलैबोरेशन है सेंटर आफ एक्सीलेंस बनाए गए हैं।

वहीं जो हमारे स्कूल का जवाहर नवोदय विद्यालय थिस सिलेक्शन टेस्ट हुआ था क्लास सिक्स के लिए नाइंथ के लिए और 11वीं के लिए उसका रिजल्ट अभी डिक्लेअर नहीं हुआ है। उम्मीद है कि इस वीक का अप्रैल तक रिजल्ट आएगा, हम यहां अपने स्कूल के नोटिस बोर्ड पर भी लगाएंगे।

# मजदूर के बेटे की बदली किस्मत 59 रुपए लगाकर कमाए एक करोड़

**आजम डार, तीसा**

जिला चंबा में गत दो दिनों के भीतर दो युवाओं की किस्मत ड्रीम इलेवन ऑनलाइन क्रिकेट खेल से खुल गई। जहां गत दिनों चंबा के पंचायत कीड़ी के युवा ने ड्रीम इलेवन में ऑनलाइन क्रिकेट खेल में एक करोड़ पांच लाख रुपए जीते, वहीं चुराह विस क्षेत्र के एक अन्य युवा का भाग्य भी इसी खेल के दम पर चमक गया। चुराह विस क्षेत्र निवासी अमर सिंह को 59 रुपए से सीधा करोड़पति की श्रेणी में पहुंचा दिया। अमर सिंह हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा के उप मंडल चुनाव के दायरे में आने वाली ग्राम पंचायत चीह का रहने वाला है।

अमर सिंह को ड्रीम 11 एप्लीकेशन द्वारा मेल के माध्यम से सूचित किया गया। अमर सिंह ने बताया कि उसने कभी सोचा नहीं था कि वह इस खेल को खेलकर करोड़पति बन सकता है उन्होंने कहा कि मैं ड्रीम 11 में पिछले काफी समय से गेम खेलता था।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

30 मार्च, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत** : 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास** : चैत्र, **तिथि** : पचंमी : **नक्षत्र** : अनुराधा (10:03), **पक्ष** : कृष्ण, योग सिद्धि (10:44) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:00-12:50), राहुकाल 09:19 - 10:52 ।

### विशेष दिन

- 30 मार्च, 2024 : श्री रंग पंचमी आज। पंचमी तिथि समाप्त 30 मार्च को रात्रि 9:13 बजे।
- 31 मार्च, 2024 : श्री एकनाथ षष्ठी कल।

**मेष** : लोगों के व्यवहार से नाराज रहेंगे। व्यवसायिक योजनाओं में सफलता मिलेगी। धार्मिक आयोजनों में सक्रिय रहेंगे।

**वृषभ**: निजी जीवन में किए प्रयत्नों का पूरा फल नहीं मिलने से तनाव बढ़ेगा। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद समाप्त होंगे।

**मिथुन**: अपने किए कार्यों का अवलोकन करें। निर्माण कार्य को आर्थिक पक्ष प्रभावित करेगा। व्यापार में स्थिति सामान्य रहेगी।

**कर्क** : काम करने के तरीकों से लोगों को प्रभावित करेंगे। परिवार में मांगलिक आयोजनों का बजट तय होगा। मित्रों के सहयोग की अपेक्षा रहेगी। जोखिम के कामों से दूर रहें।

**सिंह** : आज का दिन आपके करियर के लिए महत्वपूर्ण है। पारिवारिक सुख-शांति कायम रखने के प्रयास करेंगे। कोर्ट-कचहरी के कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कन्या** : सुनते सबकी हैं करते मन की हैं। व्यापार में उतार-चढ़ाव व्याकुलता बढ़ाएंगे। शांति एवं दूरदर्शिता से कार्य करें। आजीविका की ओर विशेष ध्यान दें।

**तुला** : विचारों को शुद्ध रखें। रचनात्मक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। व्यापार में किए निवेश से लाभ होगा। कारोबार में प्रारंभ की आपकी योजना सफल होगी।

**वृश्चिक**: धर्म के क्षेत्र में विशिष्टजन का परामर्श आपकी स्थिति में लाभकारी परिवर्तन करेगा। वाणी में मधुरता लाना आवश्यक है।

**धनु** : किसी भी काम को करने के लिए पूरी जानकारी रखें, फिर कोई निर्णय लें। मनोस्थिति व्याकुल करेगी। आपके पारिवारिक दायित्वों में वृद्धि होगी।

**मकर**: वाहन प्राप्ति के सुखद योग हैं। व्यापार अच्छा चलेगा। मित्रों की मदद से लाभ होगा। धन-संपत्ति के मामले सुलझेंगे। परिजनों के द्वारा निंदा होगी।

**कुंभ** : मित्रों के साथ किसी नई योजनाओं को अंजाम दें। समय नष्ट न करें। कार्यस्थल पर संघर्ष अधिक रहेगा। सामाजिक कार्यों में रुचि की कमी रहेगी।

**मीन** : अपनों का साथ आगे बढ़ने में मददगार होगा। व्यापार-व्यवसाय में हो रहे नुकसान चिंता बढ़ा सकते है। संतान के कार्यों से मनमुटाव हो सकता है।

**खतरा** — रेन शेल्टर की सुरक्षा दीवार के एक हिस्से से निकले पत्थर

# जर्जर वर्षाशालिका दे रही हादसे को न्यौता

**आरके रांगड़ा, चंबा**

जिला चंबा में कैफे मार्ग पर बनी वर्षाशालिका की सुरक्षा दीवार दरक गई है। यहां हर पल हादसे का डर चंबा शहर के कैफे मार्ग पर लोगों की सुविधा हेतु स्थापित वर्षाशालिका की सुरक्षा दीवार का एक बड़ा हिस्सा दरक गया है।

इसके चलते यह कभी भी गिरकर बड़े हादसे का कारण बन सकता है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद प्रबंधन से जल्द इस हिस्से का मुरम्मत कार्य करवाकर किसी भी तरह के हादसे की संभावना को शून्य करने की मांग उठाई है।


वर्षाशालिका, जहां से पत्थर गिरे।

शहर के कैफे मार्ग पर रोजाना सुबह शाम काफी संख्या में युवा व वरिष्ठ नागरिक शहर के लिए पहुंचते हैं। सैर के उपरांत मार्ग के एक छोर पर स्थापित वर्षा शालिका में आराम के लिए बैठते हैं। मगर कैफे रोड में एक वर्षाशालिका के निचले हिस्से की सुरक्षा दीवार का एक हिस्से से पत्थर निकल गए हैं। ऐसे में यह सुरक्षा दीवार कभी भी गिर सकती है। इससे होने वाले भूस्खलन से निचले हिस्से में बसे कसाकडा मोहल्ले के रिहायशी क्षेत्र में पत्थर गिरने से काफी नुकसान

**रिहायशी क्षेत्र में पत्थर गिरने से हो सकता है नुकसान**

हो सकता है।

स्थानीय लोगों में कमल सिंह लेखराज धीमान लोकेंद्र शर्मा किशोर शर्मा विशाल आदि का कहना है कि इस वर्षा सालीका में सुबह शाम काफी तादाद में लोग आराम फरमाते हैं।

स्थानीय लोगों ने नगर परिषद प्रबंधन से जल्द इस हिस्से का मुरम्मत कार्य करवाकर किसी भी तरह की हादसे की संभावना को शून्य करने की मांग उठाई है।

## डलहौजी के जंगलों मे बुरांस के पेड़ खाली

**डलहौजी।** पर्यटक नगरी डलहौजी में इस वर्ष मार्च और अप्रैल माह के दौरान जंगलों में अपनी लालिमा बिखेरने वाले बुरांस के फूल इस बार बहुत कम मात्रा में खिले हैं। स्थानीय लोग इसकी वजह ग्लोबल वार्मिंग का परिणाम बता रहे हैं।

लिहाजा तापमान में उतार-चढ़ाव और बदलते मौसम के मिजाज का खामियाजा बुरांस के फूल को भुगतना पड़ा है। स्थानीय लोगों के अनुसार किसी वर्ष बारिश व बर्फबारी की कमी के कारण इनमें रसीलेपन का अभाव हो जाता है वहीं इस वर्ष पर्यटक नगरी मे विंटर सीजन के दौरान बहुत कम बर्फबारी हुई है। नतीजन इस वर्ष डलहौजी के जंगलों मे बुरांस से लकदक रहने वाले पेड़ खाली नजर आ रहे हैं।

# भाजपा में आने के बाद पहली बार कुल्लू पहुंचे रवि ठाकुर का ढोल-नगाड़ों से स्वागत

## लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से रवि ठाकुर को मिला है टिकट

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

अभी हाल ही में भाजपा में शामिल हुए और लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी रवि ठाकुर टिकट मिलने के बाद पहली बाद कुल्लू पहुंचे हैं। उनके यहां पहुंचने पर बजौरा से लेकर कुल्लू तक जिला भाजपा की ओर से भव्य स्वागत किया गया।

गौर रहे कि पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने कांग्रेस का साथ छोड़कर अब भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा की ओर से उन्हें लाहौल स्पीति विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है। भाजपा का टिकट लेने के बाद रवि ठाकुर पहली बार कुल्लू पहुंचे और यहां पर भाजपा की ओर से उनका स्वागत किया गया। भाजपा जिला कुल्लू ने जिलाध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में जिला के प्रवेश द्वार बजौरा में लाहौल स्पीति से उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर का ढोल नगाड़ों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने रवि ठाकुर के स्वागत में 'रवि ठाकुर आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं' के नारे लगाए।

गौरतलब है कि हिमाचल में अब 6 विधानसभाओं में उप चुनाव होने हैं तो ऐसे में रवि ठाकुर भी पहली बार अपनी गृह विधानसभा के लिए आए हैं तो भाजपा जिला कुल्लू ने भी उनके स्वागत में उनका पुष्प मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद चंदेल, महामंत्री अमर ठाकुर व बलदेव महंत, उपाध्यक्ष हेम राज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कमलेश शर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी श्याम कुल्वी,सह मीडिया प्रभारी पी के रॉयल,अजय ठाकुर,भाजपा प्रवक्ता रविंद्र जमवाल,परिवहन प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रजत जमवाल सभी मोर्चा व प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों सहित जिला भाजपा के पदाधिकारी व अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)


रवि ठाकुर का स्वागत करते हुए जिला भाजपा कुल्लू के पदाधिकारी व कार्यकर्ता

### रवि ठाकुर ने जनता के साथ की बैठक

**इस** दौरान रवि ठाकुर ने लाहौल स्पीति भाजपा के कार्यकर्ताओं सहित कुल्लू में रह रहे लाहौल स्पीति की जनता के साथ बैठक की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। वहीं, शनिवार को भाजपा के सभी पदाधिकारियों के साथ मनाली में बैठक का आयोजन कर चुनावों की रणनीति बनाई जाएगी। इस दौरान पूर्व सीएम जयराम ठाकुर भी मौजूद रहेंगे।

## अफीम की अवैध खेती के मामले में अज्ञात लोगों पर केस

**बंजार।** जिला कुल्लू पुलिस ने अलग अलग तीन मामलों में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इन तीन अलग अलग मामलों में पुलिस ने करीब 7 हज़ार 12 अफीम के पौधे बरामद करने में सफलता प्राप्त की है, जिन्हें बाद में नष्ट किया गया।

पुलिस के अनुसार स्थानीय पुलिस ने जब गश्त के दौरान ग्राम पंचायत तुंग के नाईणी में खेत में 2012 पौधों की अवैध अफीम की खेती को देखा जिस पर त्वरित कार्यवाही अमल में लाते हुए पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इसी पंचायत के नाईणी में ही दूसरे मामले में खेत से करीब 2510 अफीम के पौधों और तीसरे मामले में करीब 2500 अफीम के पौधों की अवैध खेती को पुलिस ने अपनी कार्यवाही के दौरान नष्ट कर दिया और तीनों ही मामलों में कार्यवाही करते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# मनाली के ऐतिहासिक गांव जगतसुख में चचौली मेला शुरू

## जिला खेल अधिकारी कविता ठाकुर ने की मेले की विधिवत शुरुआत


मनाली के ऐतिहासिक गांव जगतसुख में चचौली मेले के शुभारंभ मौके पर मुख्यातिथि के साथ अन्य गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

कुल्लू रियासत की पहली राजधानी जगतसुख का ऐतिहासिक चचौली मेला आज धूमधाम से शुरू हो गया। जिला खेल अधिकारी कविता ठाकुर ने मेले की विधिवत शुरुआत की। उन्होंने ग्रामीणों को मेले की बधाई दी और मेले में आयोजित खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से खेल की भावना से खेलने की बात कही। कविता ने कहा कि मेले हमारे जीवन में हर्ष, आनंद, उमंग, उल्लास, प्रेम, शांति, संतुष्टि तथा खुशियों का संचार करते हैं। इन मेलों से सामाजिक सहयोग, समरसता, सौहार्द तथा भाईचारा बढ़ता है। मेले सांस्कृतिक रूप से सभी को समृद्धि प्रदान करते हैं

मेले में देवी गायत्री, शावर्णी, शिरघन नाग, फाहली नाग, कार्तिक स्वामी, देवी पार्वती, ब्राणी महादेव तथा सजली विष्णु सहित घाटी के अन्य देवी-देवता भाग ले रहे हैं। मेला कमेटी के अध्यक्ष रोशन लाल शर्मा ने बताया कि चचौली मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए कुल्लू लोकनृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए घड़ाफोड़, चेयर रेस, जलेबी रेस होगी जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कुल्लवी लोक नृत्य और लालड़ी लोक नृत्य होगा। विजेता दलों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

शनिवार की संध्या में कुल्लवी लोकगायक डाबे राम कुल्लवी व संगीता जबकि रविवार की संध्या में स्थानीय गायक अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। शनिवार को एडी परियोजना अधिकारी जबकि रविवार को पूर्व जिला अध्यक्ष हरी चन्द शर्मा मुख्य अतिथि के रुप में शिकरत करेंगे।

# ग्लेशियर की चपेट में आए जेसीबी ऑपरेटर का शव बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के मनाली स्थित जगतसुख नाले में ग्लेशियर की चपेट में आए जेसीबी के ऑपरेटर का शव बरामद हो गया है। रेस्क्यू दल ने 24 घण्टे की भीतर यह सफलता पाई है। ग्लेशियर आने से चालक 40 फीट बर्फ के मलबे में दब गया था जिस कारण उनकी मौत हो गई है। लिहाजा प्रशासन ने सर्च अभियान पूरा कर लिया है।

गौर रहे कि वीरवार सुबह जब कालू नाले में ग्लेशियर का काफी मात्रा में मलबा आया तो यहां जेसीबी ऑपरेटर नाले में काम कर रहा था। जेसीबी के आसपास काम कर रहे लोग सुरक्षित जगह भाग गए जबकि जेसीबी ऑपरेटर बर्फ में दब गया। मृतक रमेश कुमार पुत्र देश राज गांव मोरुछ डाकघर मोह तहसील दरिणी जिला कांगड़ा का निवासी था और कालू नाला विद्युत प्रोजेक्ट में जेसीबी ऑपरेटर था। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा व डीएसपी मनाली केडी शर्मा दूसरे दिन भी मौके पर रेस्क्यू अभियान चलाया।

शव की बरामदगी के बाद पुलिस ने शव को मनाली शव गृह लाया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम ने बर्फ में दबे व्यक्ति का शव निकाल लिया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। एसडीएम रमण कुमार शर्मा ने बताया कि प्रभावित परिवार को 20 हजार फौरी राहत दी गई है।



कुल्लू-मनाली स्थित धुंधी में बिजली सप्लाई में आ रहे टेक्निकल फाल्ट को बीआरओ के जवानों ने दुरुस्त किया। अब आमजन को बिजली कट लगने से निजात मिलेगी। लोगों ने बीआरओ एवं बिजली विभाग का धन्यवाद किया है। बर्फ के बीच विद्युत लाइनों को दुरस्त करते हुए कर्मचारी।

# उद्यान विभाग केंद्रों पर नहीं मिल रहे कीटनाशक व दवाएं

## समय पर शेड्यूल के अनुसार दवाइयां न मिलने से बंजार क्षेत्र के बागवानों में रोष

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार में उद्यान विभाग द्वारा आने वाले सेब सीजन से पहले ही उद्यान प्रसार केंद्रों में अनुदान पर मिलने वाले कीटनाशकों और दवाइयों की आपूर्ति बंद कर दी है। बंजार क्षेत्र के बागवान इन दवाओं को निजी दुकानों से महंगे दामों में बाजार मूल्य पर खरीदने को मजबूर हैं, जिस कारण लोगों में सरकार और विभाग के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है।

सेब उत्पादक संघ बंजार के अध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर ने उद्यान विभाग बंजार से बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी द्वारा सुझाए गए स्प्रे शेड्यूल के मुताबिक बागवानों को समय पर दवाइयां उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि समय पर कीटनाशक व फफूंदनाशक न मिलने से बागबानो को महंगे दामों पर बाज़ार से दवाइयां खरीदनी पड़ रही है। खेती और बागवानी बढ़ते लागत मूल्य और बाजार की अनिश्चितता के चलते घाटे का सौदा बनती जा रही है। इसके लिए किसानों व बागबानों को सरकार से सुरक्षा और समर्थन की आवश्यकता है।

वहीं, स्थानीय सेब उत्पादकों ने कहा है कि बंजार घाटी में सेब सीजन शुरू हो चुका है, सेब में ग्रीन टिप स्टेज आ चुकी है। सेब में हरी कली अवस्था से ही स्प्रे शेड्यूल शुरू हो जाता है। पिछले साल सेब की फसल कम रहने से व ओलावृष्टि होने की वजह से बागबानों की आर्थिक हालत बहुत कमजोर हो गए हैं ऐसे में सरकार को बागबानो की मदद करनी चाहिए। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि कृषि बागवानी के उपकरणों पर लंबित सब्सिडी भी जल्द मुहैया करवाई जाए। मोहर सिंह ठाकुर ने कहा है कि इस बारे बंजार घाटी के बागवानों का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही एसएमएस उद्यान विभाग बंजार व उप निदेशक उद्यान विभाग कुल्लू और एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मियां से मुलाकात करेंगे और अपनी मांगों और समस्याओं के बारे में अवगत कराएंगे।

घाटी के बागवानों जीतराम, दलीप कायथ, भोले दत्त, मुरारी लाल, रणजीत सिंह, बुद्धि सिंह, रीत राम, गौतम सिंह, कौंर सिंह, सदा नंद, कुंदन लाल, खूब राम, ठाकुर दास, पूर्ण चंद, मेहर चंद, देव राज, निका राम, हीरा सिंह, चुन्नीलाल, सरनपत, दीना नाथ, देवकीनंद, रामलाल, लोत राम, बहादुर सिंह, कमल सिंह, विक्की चौहान, कबीर चंद, डूर सिंह, हमेश चौहान आदि ने बताया कि समय पर दवाइयां न मिलने से भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिस कारण लोगों में विभाग व सरकार के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है।


लाहौल-स्पीति भाजपा के प्रत्याशी रवि ठाकुर के स्वागत समारोह के दौरान भाजपा पदाधिकारी।

## गाड़ियों की पासिंग का शेड्यूल जारी

**मंडी।** जिले के सदर उपमंडल के लिए अप्रैल माह में गाड़ियों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट को लेकर शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसको लेकर जारी आदेशों के अनुसार उपमंडल में नौ, 20 व 29 अप्रैल को गाड़ियों की पासिंग की जाएगी। इसके अलावा नौ , 19 व 30 अप्रैल को ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। जानकारी देते हुए एमडीएम मंडी ओमकांत ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि उपमंडल सदर के तहत अप्रैल माह में गाड़ियों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट के लिए तिथियां निर्धारित कर दी गई है।

## लाहौल में मोटर साइकिल चालकों के कटे चालान

**कुल्लू।** लाहौल में जिला पुलिस ने मोटर साइकिल चालकों पर यातायात नियमों की तहत चालान किया गया। शुक्रवार को लाहौल स्पीति की पुलिस टीम ने जिले में आ रहे मोटर साइकिल चालकों पर यातायात नियमों की अवहेलना करने पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की कान्ट्रवेशन धारा के अधीन यातायात नियमों की अवहेलना करने पर चालान किए। जिला पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा की जिला में यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करे।

# दो लोगों की अचानक मौत, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पुलिस थाना धर्मशाला के तहत दो लोगों की अचानक मौत का मामला सामने आया है। पुलिस ने फिलहाल सीआरपीसी 174 के तहत मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है।

जानकारी के अनुसा बड़ोल निवासी राजस्व विभाग से सेवानिवृत 57 वर्षीय राजकुमार पुत्र नानक चंद की तबीयत वीरवार रात अचानक बिगड़ गई जिसके बाद उपचार के लिए परिजन उन्हें क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला ले आए जहां उनकी मौत हो गई। उधर दूसरे मामले में रामनगर निवासी नेवी में बताए जा रहे 57 वर्षीय बलजीत राणा पुत्र भागमल निवासी रामनगर की अचानक तबीयत बिगड़ गई तथा उनकी मौत हो गई। अचानक हुई मौत के दोनों मामलों में पुलिस थाना धर्मशाला की टीम ने एएसआई विजय सिंह की अगुवाई में दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

हालांकि दोनों मामलों में परिजनों में किसी प्रकार का शक होने से इंकार किया है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही लग पाएगा। उधर धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

# टैंपो से टकराई बाइक, युवक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पुलिस थाना कांगड़ा के तहत हुए एक हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खोली निवासी 20 वर्षीय अभिषेक मोटरसाइकल से कहीं जा रहा तथा इस दौरान कच्छियारी में टोयोटा शोरूम के पास उसकी एक टैंपो के साथ टक्कर हो गई।

हादसे में घायल अभिषेक को इसके बाद मेडिकल कॉलेज टांडा ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। कांगड़ा थाना के मुख्य आरक्षी रविंदर कुमार की अगुवाई में मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके के गवाहों तथा सीसीटीवी फूटेज की जांच की। जांच में पता चला कि इस मामले में मोटरसाइकल सवार ने तेज गति से गलत साईड से टैंपों को टक्कर मारी है।




पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में पुलिस थाना कांगड़ा में आईपीसी की धारा 279, 337 तथा 304ए के तहत कारवाई की जा रही है। उधर पुलिस थाना कांगड़ा के एसएचओ संजीव कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

# रजत जंबाल बने जिला भाजपा परिवहन प्रकोष्ठ के संयोजक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू शहर के वार्ड नं.-10 मियां बेहड़ निवासी ट्रांसपोर्टर रजत जंबाल को जिला भाजपा ने जिला भाजपा परिवहन प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया है।



उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने बताया कि प्रदेश व जिला के शीर्ष नेतृत्व से विचार-विमर्श करने के पश्चात यह नियुक्ति की गई है। उन्होंने आशा जताई है कि रजत जंबाल पूर्ण निष्ठा से उन्हें दी गई जिम्मदारी को निभाते हुए जिला भाजपा परिवहन प्रकोष्ठ को मजबूती प्रदान करेंगे। चंदेल ने रजत जमवाल को भविष्य में अति शीघ्र अपनी कार्यकरिणी गठित करने के भी निर्देश दिए हैं। उधर, रजत ने अपनी नियुक्ति के लिए जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल सहित जिला भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

उन्होंने बताया कि वह पार्टी द्वारा उन्हें सौंपी जिम्मदारी को पूर्ण निष्ठा से निभाते हुए पार्टी को मज़बूत करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। रजत जमवाल ने बताया कि वह जिला के शीर्ष नेतृत्व से सलाह मशवरा करके शीघ्र ही अपनी कार्यकरिणी का गठन करेंगे।

वहीं, जिला भाजपा आई टी संयोजक मधुसूदन शर्मा ने वरिष्ठ नेतृत्व से विचार -विमर्श करने के पश्चात नरेंद्र ठाकुर को बंजार भाजपा मंडल का आई टी संयोजक नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि यह नियुक्ति तुरंत प्रभाव से लागू होगी।

## अवैध शराब बरामद

**मंडी।** सराज विधानसभा के पुलिस थाना जंजैहली द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को लेकर विभिन्न स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। ताजा घटनाक्रम में पुलिस थाना जंजैहली की टीम ने जंजैहली बाजार में एक ढाबा से पुलिस थाना जंजैहली की टीम ने 5 बोतलें अवैध शराब की बरामद की है। मामले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई अमल में लाई गई है।

आरोपी ढाबा संचालिका की शिनाख्त हेमा देवी पत्नी सरन दास गांव खौली, जिला मंडी के तौर पर हुई है। मामले में पुलिस ने आरोपी ढाबा संचालिका के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने कहा कि पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि मामले में पुलिस की आगामी जांच जारी है।

**राजनीति** जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने ढालपुर प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता कर भाजपा पर बोला हमला

# अपने ही रचे षड्यंत्र में फंस गई भाजपा: सेसराम आजाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सेसराम आजाद ने कहा है कि भाजपा ने हिमाचल में केंद्र के इशारे पर पूर्ण बहुमत की सरकार को गिराने का जो षड्यंत्र रचा है उसका जवाब लोकसभा और विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को देगी।

शुक्रवार को कुल्लू के ढालपुर स्थित प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने केंद्र की मोदी सरकार के साथ मिलकर हिमाचल में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को गिराने का जो षड्यंत्र रचा था, अब प्रदेश भाजपा उस षड्यंत्र में स्वयं फंस गई है। उन्होंने कहा कि जिन छह विधानसभा और चार लोकसभा सीटों पर भाजपा ने अपने प्रत्याशी उतारे हैं वहां पर भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं में भारी अंतर्कलह का ज्वालामुखी फट चुका है। इसका नुकसान भाजपा को आने वाले चुनावों में झेलना पड़ेगा।



पत्रकारों को सबोधित करते जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सेसराम आजाद, साथ हैं अन्य।

उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार केवल चंदा दो धंधा को वाली पार्टी बन चुकी है। भाजपा ईडी, सीबीआई की आड़ में चंदा वसूली के साथ विरोधी दल के जनाधार वाले नेताओं को अपने दल में शामिल करके एक-एक सीट की भीख मांग रही है इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा का 400 पर का नारा खोखला है।

वहीं उन्होंने कहा कि हिमाचल में जिन विधानसभा चुनाव में उपचुनाव हो रहे हैं वह केवल सत्ता की लालची भाजपा के कारण ही हो रहे हैं। भाजपा को केवल सत्ता का लालच है, जनता के हितों की परवाह नहीं है। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस की सरकार जनहितैषी है और कांग्रेस ने अपने 15 माह के इस कार्यकाल में जनता से किए वादों को जहां पूरा किया है वहीं, चुनावी गारंटियों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने में लगातार प्रयासरत है, इसलिए हिमाचल की जनता को कांग्रेस सरकार पर विश्वास है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अप्रैल माह से महिलाओं को मिलने वाली ₹1500 पेंशन पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने रोकी है और इसका जवाब चुनाव में प्रदेश की महिलाएं उनको देंगी।

**बोले- कांग्रेस एकजुट, भाजपा में फूट, 4 जून को कांग्रेस के हक में होगा फैसला**

### दो अप्रैल को होगी कांग्रेस की बैठक

जिले में कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए 2 अप्रैल को जिला कांग्रेस कमेटी कुल्लू की बैठक जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी की संपूर्ण जिला कार्यकारिणी के अतिरिक्त चारों ब्लॉक अध्यक्षों चारों विधानसभा चुनाव क्षेत्र के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विभिन्न स्तर के पदाधिकारी कुल्लू जिला के सभी फ्रंटल आर्गेनाइजेशन के प्रमुख बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लेंगे, ताकि जिला कांग्रेस कमेटी आगामी 2 महीने के लिए कांग्रेस पार्टी के संगठन का वर्किंग शेड्यूल संयुक्त रूप से तैयार कर सके।

# ऑनलाइन जमा नहीं हो पा रहे बिजली बिल

## उपभोक्ताओं को परेशानियों का करना पड़ रहा सामना, बिजली बोर्ड घुमारवीं उपमंडल के तहत 25000 उपभोक्ता

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

बिजली के बिल ऑनलाइन जमा नहीं हो पाने के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बताते चलें कि सभी बिजली उपभोक्ता गूगल-पे, फोन-पे तथा अन्य यूपीआई ऐप से बिजली के बिल का भुगतान किया करते थे, लेकिन इस महीने से बिजली बोर्ड की ओर से किसी भी यूपीआई ऐप से सीधे ऑनलाइन बिल जमा करवाने की सुविधा को बंद कर दिया गया है, जिसकी वजह से बिजली के बिल ऑनलाइन जमा नहीं हो पा रहे हैं। इस कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यूपीआई ऐप से ऑनलाइन भुगतान के जरिए उपभोक्ता ऑनलाइन बिजली



बिलों का भुगतान कर लिया करते थे, लेकिन इस महीने से बिजली भुगतान की व्यवस्था संभव नहीं हो पा रही है। अब ऑनलाइन बिजली बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को मुश्किलें उठानी पड़ रही हैं क्योंकि उन्हें बिजली के बिल ऑफलाइन जमा करवाने के लिए कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। जहां पर पहले जैसी लंबी-लंबी कतारों में काफी देर तक खड़ा होने के बाद बिजली का बिल अदा कर पा रहे हैं।

उधर, बिजली बोर्ड के अधिकारियों की मानें तो बोर्ड के अधिकारी ऐप पर बिल भुगतान की सुविधा मुहैया करवाई गई है, लेकिन जागरूकता न होने के कारण उपभोक्ताओं को दिक्कतें पेश आ रही हैं। बिजली बोर्ड उपमंडल घुमारवीं के तहत करीब 25000 उपभोक्ता हैं, जो पिछले करीब दो सालों से यूपीआई के माध्यम से ही बिजली के बिल का भुगतान किया करते थे, लेकिन अब लोगों को बिजली बोर्ड के कैश काउंटर पर जाने के कारण परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

### ऑनलाइन सुविधा प्रदान करे बोर्ड

इन लोगों का कहना है कि एक तरफ तो सरकार डिजिटल इंडिया की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ बिजली बोर्ड की ओर से ऑनलाइन बिलों के भुगतान पर रोक लगाकर उपभोक्ताओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। लोगों की मांग है कि बोर्ड जल्द पूर्व की भांति ऑनलाइन बिल भुगतान की सुविधा प्रदान करे, ताकि लोगों के समय की बचत हो सके तथा वह लोग बिना किसी परेशानी के अपने बिलों का भुगतान कर सकें।

> किन्हीं कारणों से बोर्ड की ओर से सीधे यूपीआई ऐप के माध्यम से बिल जमा करने पर रोक लगाई गई है, लेकिन उपभोक्ता बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट एसपीएसईबीएल ऐप डाउनलोड करने के बाद इस ऐप के जरिए अपने बिलों का ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। लोगों को इस बारे में जागरूक किया जा रहा है, ताकि उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।
>
> **सन्नी जगोता, सहायक अभियंता, बिजली बोर्ड घुमारवीं।**

### लाइन में खड़ा होकर करना पड़ रहा लंबा इंतजार



सबसे अधिक परेशानी क्षेत्र में बुजुर्गों को आ रही है, जो घंटा लाइन में खड़ा होकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं। उपभोक्ता सुरजीत पटियाल, दुर्गादास, दीपक शर्मा, अभिषेक, अुंशल वर्मा, अमित शर्मा, अमित ठाकुर, मनोज कुमार, रिंटू कश्यप, नितेश, राकेश कुमार,सुरेश कुमार का कहना है कि बिजली के बिल ऑनलाइन जमा नहीं होने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें अपना काम छोड़कर बिजली बोर्ड के दफ्तर के बाहर खड़ा होकर बिजली के बिलों का भुगतान करना पड़ रहा है, जिससे उनका काफी समय बर्बाद हो रहा है।

# अनियंत्रित होकर पुली से नीचे गिरी कार, पांच घायल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



घुमारवीं थाना के तहत शिमला-मटौर नेशनल हाईवे पर निहारी कस्बे के समीप कार हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाल कर घुमारवीं अस्पताल ले जाया गया, जहां से एक घायल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे एम्स बिलासपुर रेफर किया गया है, जबकि बाकी सभी घायलों का घुमारवीं अस्पताल में उपचार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे कार हमीरपुर से शिमला की तरफ जा रही थी। निहारी कस्बे के समीप कार अनियंत्रित होकर पुली से नीचे गिर गई। हादसे के दौरान स्थानीय लोग व अन्य वाहन चालक मौके पर जमा हो गए। लोगों ने पुली के नीचे उतारकर गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाला व एंबुलेंस की मदद से घायलों को घुमारवीं अस्पताल पहुंचाया गया। गाड़ी में 26 वर्षीय प्रिंश कुमार चावला कॉलोनी वलभगड परिदाबाद हरियाणा, 21 वर्षीय इशांन इंद्रपुरी गाजियाबाद, 28 वर्षीय सौरभ पांडेय शालीमार बाग दिल्ली, 35 अमित सिंह हर्ष बिहार दिल्ली व 26 वर्षीय कैलाश गाजियाबाद को चोटें आई हैं। यह सभी तीन दिन के लिए हिमाचल आए हुए थे। यह सभी सत्संग करने का कार्य करते हैं वह हमीरपुर से लौटकर शिमला जा रहे थे, जहां से इन्हें दिल्ली लौटना था। पुलिस उपाधीक्षक चंद्रपाल ने कहा कि घायलों का उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किराया न मिलने पर भवन मालिक ने बैंक के एटीएम पर जड़ा ताला

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं के तहत शहर की मेन मार्केट में स्थित एक बैंक के एटीएम का किराया न मिलने के कारण भवन मालिक ने एटीएम पर ताला जड़ दिया। मकान मालिक का कहना है कि जब तक उसे किराया नहीं मिलेगा, तब तक ताला नहीं खुलेगा। शहर के तहसील रोड पर 2013-14 में एक एटीएम लगाया गया है।

इस एटीएम के लिए स्थानीय निवासी नीरज शर्मा ने अपनी एक दुकान किराये पर दी है।

बताया जा रहा है कि पिछले कई महीनों से किराये को लेकर एटीएम स्थापित करने वाली एजेंसी तथा भवन मालिक के बीच विवाद चला आ रहा था, लेकिन शुक्रवार को किराया न मिलने पर भवन मालिक ने एटीएम पर अपना ताला लगा दिया ताला लगने से ग्राहकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। भवन मालिक नीरज शर्मा ने बताया




कि 2013-14 में उसने मुंबई की एक एजेंसी एजीएस के साथ एग्रीमेंट किया था, जिसके तहत उसने बैंक एटीएम के लिए अपनी दुकान किराये पर दी थी। एग्रीमेंट के तहत यह तय किया गया था कि कंपनी किराये के रूप में उसे हर महीने की 22 तारीख को किराया देगी, लेकिन पिछले काफी समय से एजेंसी ने उसे किराया देना बंद कर दिया है। उसने इस पर संबंधित एजेंसी को लीगल नोटिस भी जारी किए, लेकिन उसका भी कोई जवाब नहीं दिया गया हालांकि उसने कई बार फोन पर बात करने की कोशिश की, लेकिन अधिकारियों द्वारा उसे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

भवन मालिक का कहना है कि एजेंसी द्वारा पिछले पांच महीने से उसे किराया का भुगतान नहीं किया जा रहा है। 50 हजार रुपए किराये के रूप में बकाया हो गया है, लेकिन एजेंसी के अधिकारी उससे फोन पर बात करने तक को तैयार नहीं हैं। हालांकि भवन मालिक का कहना है कि वह कई बार शहर में स्थित एटीएम से संबंधित बैंक के अधिकारियों से भी बात कर चुके हैं, लेकिन बैंक अधिकारियों का कहना है कि उनका एटीएम एजेंसी से कोई लेना-देना नहीं है तथा इसके बारे में उन्हें कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। नीरज शर्मा को विवश होकर एटीएम पर ताला लगाना पड़ा।

# मलारी में व्यक्ति से 6.21 ग्राम चिट्टा बरामद

**झंडूता।** पुलिस थाना तलाई की टीम ने गश्त के दौरान मलारी जंगल में एक व्यक्ति को 6.21 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम मलारी क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान मलारी जंगल के पास एक व्यक्ति पैदल बल्हसीणा से मलारी की ओर पैदल जा रहा था। पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए रोका। पुलिस को देख व्यक्ति घबरा गया। शक होने पर पुलिस ने व्यक्ति की तलाशी ली व उस दौरान व्यक्ति के कब्जे से 6.21 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपी की पहचान जगजीत सिंह (45) निवासी गांव जिज्यानी डाकघर टपरई तहसील व जिला अमृतसर के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल ने की है।

# हंसराज के गानों पर झूमा पंडाल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

झंडूता उपमंडल के अंतर्गत आने वाले लग देवा शिव मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय नलवाड़ मेले में नदौन के गायक हंसराज ने अपनी आवाज से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। पहली सांस्कृतिक संध्या गायक हंसराज के नाम रही।



इस मौके पर मुख्यातिथि सेवानिवृत्त डीएफओ तीर्थराज व विशेष अतिथि के रूप में भगवान दास मौजूद रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेला कमेटी अध्यक्ष कैप्टन ज्ञान चंद धीमान, महासचिव अमर नाथ धीमान व अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। हंसराज ने एक से एक बढ़कर गाने प्रस्तुत कर पंडाल में बैठे सभी लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, महिला मंडल, गुग्गा गाथा, दाहजा, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय कलाकारों ने भी अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम मुख्यातिथि ने कहा कि हिमचाल के कलाकारों के पास प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। मेला कमेटी के महासचिव अंमरनाथ धीमान ने कहा कि 30 मार्च को दंगल का आयोजन किया जा रहा है। दंगल तीन चरणों में होगा, जिसमें कोटधार कुमार अंडर-20, छोटी माली अंडर-20 व बड़ी माली होगी।



झंडूता उपमंडल के अंतर्गत शिव मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय नलवाड़ मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में मौजूद लोग।

# 14 जून तक आधार कार्ड करवाएं अपडेट

**बिलासपुर।** अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक हुई। इसमें जिले में आधार कार्डों की समीक्षा की गई। एडीसी ने लोगों को अपने आधार कार्ड के साथ अपने मोबाइल नंबर को अपडेट करने का आग्रह किया, ताकि आधार के तहत मिलने वाली विभिन्न योजनाओं की सूचना व अन्य लाभ लोगों को मिल सकें। एडीसी निधि पटेल ने जिले के शिक्षा, चिकित्सा और बैंकों व अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सभी संस्थान आधार सेवाओं का शत-प्रतिशत कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अन्य विभागों को भी आधार सेवाओं को सुचारु रूप से चलाने के निर्देश दिए, जो लोग 10 वर्ष पहले आधार कार्ड बनवा चुके हैं और एक बार भी इसे अपडेट नहीं करवाया है उन्हें अपने दस्तावेज आधार में अपडेट करवाने होंगे। आधार दस्तावेज अपडेट कराने की तारीख यूआईडीएआई ने 14 जून, 2024 तक बढ़ा दी गई है।

# राजभाषा का प्रयोग करने के लिए किया प्रेरित

**घुमारवीं।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर के तत्वावधान में एनटीपीसी कोलडैम स्टेशन की ओर से भारतीय चुनाव विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में भारतीय डाकघर, यूको बैंक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, भारतीय जीवन बीमा निगम, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी कोलडैम तथा केंद्रीय विद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने भाग लिया। एनटीपीसी कोलडैम के महाप्रबंधक मधुकर अग्रवाल ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विभिन्न संस्थानों से आए हुए प्रतिभागियों को शुभकानाएं दी तथा राजभाषा को अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से विभिन्न विभागों में सेवारत कर्मचारियों के विचारों के आदान-प्रदान से राजभाषा के प्रचार-प्रसार में बढ़ावा मिलेगा।

इस प्रतियोगिता में 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति बिलासपुर के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, अग्रिणी जिला प्रबंधक, यूको बैंक मंगत राम, निदेशक यूको बैंक, सुगाता दासगुप्ता आदि मौजूद रहे।

# तुलसी ने गणेश जी को दो विवाह का दिया श्राप

**अनंत ज्ञान, दधौल**

मोरसिंधी पंचायत के शिव महाकालेश्वर मंदिर बछड़ी- मसधाण में चल रही नौ दिवसीय शिवमहापुराण कथा के सातवें दिन कथा वाचक पंडित मनोहर लाल शर्मा ने कथा के प्रसंग में कहा कि एक बार भगवान गणेश तपस्या में बैठे हुए थे। तभी वहां से तुलसी गुजर रही थी।

गणेश जी को देखकर तुलसी उन पर मोहित हो गई और उन्होंने विवाह करने का प्रस्ताव रख दिया। गणेशजी ने यह कहकर उनके प्रस्ताव को



मोरसिंधी पंचायत के शिव महाकालेश्वर मंदिर बछड़ी-मसधाण में चल रही नौ दिवसीय शिवमहापुराण कथा श्रवण करते श्रद्धालु।

ठुकरा दिया कि वे ब्रह्मचारी हैं। इस बात से तुलसी रुष्ट हो गई और उन्होंने गणेशजी को श्राप दिया कि उनके एक नहीं दो-दो विवाह होंगे। गणेशजी की एक पत्नी का नाम रिद्धि और दूसरी का नाम सिद्धि है। इस पर श्रीगणेश ने भी तुलसी को श्राप दे दिया कि तुम्हारा विवाह एक असुर से होगा। एक राक्षस की पत्नी होने का शाप सुनकर तुलसी ने गणेशजी से माफी मांगी। तब गणेशजी ने तुलसी से कहा कि तुम्हारा विवाह शंखचूर्ण राक्षस से होगा, किंतु फिर तुम भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण को प्रिय होने के साथ ही कलियुग में जगत के लिए जीवन और मोक्ष देने वाली होगी, पर मेरी पूजा में तुलसी चढ़ाना अशुभ माना जाएगा, तब से ही भगवान गणेश जी की पूजा में तुलसी चढ़ाना वर्जित माना गया है।

# कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों को चुनाव जीतने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला कांग्रेस सेवादल की बैठक इंदिरा भवन जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व विधायक व जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष तिलक राज शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

इस बैठक में जिला कांग्रेस सेवादल के प्रभारी डॉक्टर विजय कपिल ने विशेष तौर पर शिरकत की। डॉक्टर विजय कपिल ने कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा व विधानसभा के उपचुनावों में कांग्रेस सेवादल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और कांग्रेस चारों लोकसभा सीटों और विधानसभा के उपचुनाव की सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी। भाजपा का चेहरा प्रदेश की जनता के सामने बेनकाब हुआ है। प्रदेश की जनता और कर्मचारी वर्ग धनबल और छल बल की राजनीति को पसंद नहीं करता है, तो ऐसे प्रदेश में कांग्रेस का परचम लहराएगा। वहीं, पदाधिकारियों को चुनाव जीतने के टिप्स दिए गए। बैठक में संदीप सांख्यान, लेखराम सेन, देव राज भाटिया, निक्का आदि मौजूद रहे।

# बच्चों को मेडल देकर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिम सर्वोदय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घुमारवीं में नर्सरी कक्षा के नन्हें-मुन्हे बच्चों की वार्षिक ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित की गई। इस आयोजन में बच्चों की पूरे सत्र भर की शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों के आधार पर मूल्यांकित किया गया।

स्कूल प्रबंधन ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले नन्हे बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रधानाचार्य राजेश कुमार गर्ग ने सभी बच्चों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। बच्चों के भविष्य निर्माण में बेहतर कार्य करने के लिए प्रबंध निदेशिका




हिम सर्वोदय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में ग्रेजुएशन सेरेमनी में मौजूद स्टूडेंट्स।

नीलम महाजन ने सभी अध्यापकों को शाबाशी दी। इस आयोजन में कक्षावार निम्नलिखित छात्रों को बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक वर्ग ने हिस्सा लिया। इस मौके पर विमल महाजन, सुनील महाजन, वाइस प्रिंसिपल राधा महाजन, मुख्याध्यापक अश्विनी कांत व अन्य उपस्थित रहे।

**ऑडिशन** घुमारवीं मेले की सांस्कृतिक संध्याओं की तैयारियां जोरों पर, चार से होगा मेला

# चार दिन में 300 कलाकारों ने दिए ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पांच से नौ अप्रैल तक राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्याओं में बेहतर स्थानीय गायकों तथा अन्य कलाकारों के चयन के लिए रखे गए ऑडिशन शुक्रवार को समाप्त हो गए।

प्रशासन की ओर से रखी गई इन ऑडिशन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया था, जिसके समक्ष 26 मार्च से लेकर 29 मार्च तक कलाकारों को ऑडिशन देना था, ताकि सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुत कार्यक्रमों से पहले कलाकारों की स्क्रीनिंग की जा सके। इन चार दिनों में कुल करीब 300 कलाकारों



घुमारवीं मेले की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए ऑडिशन देते कलाकार।

ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। ऑडिशन प्रक्रिया के दौरान इन प्रतिभागियों ने ऑडिशन के लिए बनाई गई स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष रामलाल पाठक ने बताया कि इन चार दिनों में कुल 300 कलाकारों ने भाग लिया तथा चयनित कलाकारों को जल्द ही फोन के माध्यम से अवगत करवा दिया जाएगा। ऑडिशन प्रक्रिया के दौरान प्रतिभागियों ने स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरी। इस दौरान कमेटी ने बेहतरीन प्रस्तुति पर प्रतिभागियों की पीठ थपथपाई। अंतिम दिन ऑडिशन प्रक्रिया के दौरान कई स्थानीय गायकों ने अपनी दमदार आवाज से प्रभावित किया। राज्य स्तरीय घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय कलाकारों को स्थान देने के लिए प्रशासन की ओर से छह सदस्य स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया था। इसके बाद स्क्रीनिंग कमेटी की कसौटी पर खरा उतरने वाले कलाकारों को ही इस राज्य स्तरीय मेले की सांस्कृतिक संध्याओं के मंच पर प्रस्तुति का मौका मिल पाएगा। इस ऑडिशन में जिले भर के कलाकारों ने अपने प्रतिभा दिखाई और अब चयनित कलाकारों को सांस्कृतिक संध्या में अपनी प्रस्तुतियां देने का मौका प्रदान किया जाएगा।



# सीमाओं पर आपराधिक गतिविधियां रोकने के लिए पुलिस तैयार: डीजीपी

## संयय कुंडू की लोगों से अपील-नोडल ऑफिसर से करें गैर-कानूनी गतिविधियों की शिकायत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

लोकसभा चुनाव 2024 को व्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने व अंतरराज्यीय सीमाओं पर अपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए हिमाचल के डीजीपी संजय कुंडू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय सोलन में तीन जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की।

इसमें पुलिस अधीक्षक सोलन, पुलिस अधीक्षक पुलिस जिला बद्दी, पुलिस अधीक्षक सिरमौर व अन्य पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। डीजीपी संजय कुंडू ने बैठक के दौरान तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि वे साथ लगती अंतरराज्यीय सीमाओं पर होने वाली नशा तस्करी, शराब तस्करी, अवैध खनन व अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के लिए कड़ी निगरानी करें।

डीजीपी ने कहा कि शिमला, सिरमौर और सोलन जिलों की 172 किलोमीटर सीमा, हरियाणा से 50 किमी बॉर्डर, पंजाब से 3 किमी उत्तर प्रदेश से और 180 किमी के लगभग सीमा उत्तराखंड के साथ लगती है। ऐसे में बड़ी चुनौती सीमा पार से होने वाली आपराधिक गतिविधियों को ोकना होती है। चुनावों के समय में ये सीमाएं और भी संवेदनशील हो जाती हैं।



सोलन में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते डीजीपी संजय कुंडू।

बैठक में चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की शिकायतों की निगरानी व निपटारे के लिए नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति कर दी गई है। सोलन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज कुमार, पुलिस जिला बद्दी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा एवं जिला सिरमौर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा को चुनाव से संबंधित सभी प्रकार की शिकायतों की निगरानी व समयबद्ध तरीके से निपटारे करने के लिए नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया। डीजीपी ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी गतिविधियों के बारे में उपरोक्त नोडल ऑफिसर को सूचित कर सकते हैं, शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

इसके अतिरिक्त तीनों जिला के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्राधिकार में अवैध खनन गतिविधियों की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्रवाई अमल में लाएं। तीनों जिलों में कुल 22 बॉटलिंग प्लांट की भी कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। यह सभी बॉटलिंग प्लांट बार्डर एरिया में ही हैं।

डीजीपी ने कहा कि सरकार से आग्रह किया जाएगा कि जल्द से जल्द पुलिस द्वारा चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने को धन का इंतजाम करे। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान पुलिस व होमगार्ड के जवानों की संख्या में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। तीनों जिलों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

### अंतरराज्यीय सीमाओं के थाना प्रभारियों को दिए निर्देश

**बैठक** में चर्चा के दौरान उपरोक्त तीनों जिलों के अंतरराज्यीय सीमाओं पर स्थित 9 थाना प्रभारियों को विशेष रूप से दिशा-निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्राधिकारी में अंतरराज्यीय सीमाओं पर प्रभावी पैदल गश्त करना सुनिश्चित करें तथा गश्त की कड़ी निगरानी भी करें। इसके माध्यम से सीमाओं के पास स्थित नदी व नालों से होने वाले संदिग्ध गतिविधियों पर भी नजर रखी जाएगी।

## सब्जी मंडी सोलन में बढ़ी मटर की आवक

- **शिमला मिर्च का थोक भाव 65 रुपए प्रति किलो तक पहुंचा**

**सोलन।** सब्जी मंडी सोलन में आवक बढ़ने से मटर को कल की तुलना में दो रुपए टूटकर 41 रुपए प्रति किलो का अधिकतम थोक भाव मिला। गाजर के दामों में आज पांच रुपए का उछाल देखने को मिला। बाकी सभी सब्जियां अपने कल वाले दामों पर मामूली बढ़त या घटत के साथ स्थिर बनी रहीं। आज टमाटर चार रुपए टूटकर अधिकतम 25 रुपए प्रति किलो के थोक दर पर रुका। उसे न्यूनतम 17 रुपए प्रति किलो का थोक भाव मिला। शिमला मिर्च का न्यूनतम थोक भाव 40 रुपए और अधिकतम कल ही तरह 65 रुपए प्रति किलो रहा। बीन को न्यूनतम 50 और अधिकतम 65 रुपए प्रति किलो का भाव मिला।

बाजार कल की तुलना में आज पांच रुपए किलो अधिक महंगी बिकी। उसे न्यूनतम 15 व अधिकतम 25 रुपए प्रति किलो का थोक भाव मिला। बंदगोभी न्यूनतम 10 और अधिकतम 16 रुपए प्रति किलो की थोक दर से बिकी। फूल गोभी भी कल ही ही तरह बीस रुपए प्रति किलो के अधिकतम थोक भाव से बिकी, लेकिन उसकी न्यूनतम दर गिरकर पांच रुपए रह गई।

## हनुमान मंदिर सूरजपुर में चोरी का आरोपी पुलिस ने दबोचा

### आधारकार्ड बदल कर अशरफ से बन गया साहिल रावत



चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

**अनंत ज्ञान, सोलन/अर्की**

अर्की के सूरजपुर स्थित हनुमान मंदिर में चोरी के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। सोलन एक ऐसे चोर को पकड़ा है, जो मूल रूप से उत्तराखंड का रहने वाला है, लेकिन यहां फर्जी आधारकार्ड के सहारे रह रहा था। उसने पुलिस को भी फर्जी आधार कार्ड दिखाया था, अब पुलिस ने उसके खिलाफ फर्जीवाड़े का केस भी दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी पहले आईटीबीपी में सेवारत था, लेकिन बाद में उसे वहां से डिसमिस कर दिया गया।

सोलन के एसपी गौरव सिंह के अनुसार गत 22 मार्च को चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। यह चोरी 19 मार्च को हुई थी। इसमें चोर हनुमान जी की मूर्ति, आभूषण एवं 2 हजार रुपए की नकदी ले गए थे।

मामले की जांच-पड़ताल के बाद अर्की पुलिस ने 28 मार्च को वारदात में संलिप्त आरोपी उत्तराखंड के देहरादून जिले के अंतर्गत आने वाली कालसी तहसील निवासी आरोपी अशरफ अली को जीरकपुर से गिरफ्तार किया है। 37 वर्षीय अशरफ को अदालत में पेश करके इसका 5 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ आपराधिक केसों की डिटेल निकाली जा रही है।

## सरकारी डिपो में दुर्गंध युक्त तेल मिलने की शिकायत

- **खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच के लिए कंडाघाट लैब भेजे सैंपल**

**सोलन।** सरकारी डिपो उपभोक्ता को डिपो पर मिलने वाला सरसों का तेल दुर्गंध युक्त मिलने की शिकायत के बाद संबंधित विभाग ने इसके सैंपल भरे हैं। सोलन शहर के वार्ड नंबर-9 के पार्षद शैलेंद्र गुप्ता ने इसको लेकर विभाग में शिकायत दर्ज करवाई थी। एक ग्राहक ने स्थानीय पार्षद, खाद्य सुरक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग को शिकायत कर दी है।

इसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग नगर निगम की ओर से सरसों के तेल के तीन सैंपल भरे गए हैं और इसकी गुणवत्ता जांच के लिए इन्हें सीटीएल लैब कंडाघाट भेजा गया है, जहां से 15 दिन में रिपोर्ट आने के बाद सरसों तेल की गुणवत्ता का पता लग पाएगा। नगर निगम सोलन के खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त डॉ. अतुल ने बताया कि शिकायत के बाद जांच की जा रही है।

## झूलों के नकली पास बनाने वालों पर हो कार्रवाई



पांवटा में होला मोहल्ला में लगे झूले, जिसको लेकर कुछ लोगों से नकली पास बरामद किए गए हैं। इस पर कार्रवाई की मांग की गई है।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

उपमंडल पावंटा साहिब में आयोजित होला मोहल्ला में दूर-दूर से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। यहां सांस्कृतिक संध्याओं के साथ साथ लोग झूलों का आनंद ले रहे हैं।

नगर परिषद की ओर से झूलों के लिए पास जारी किए गए हैं। यह पास झूलों के कुछ लोगों के पास उपलब्ध हैं, लेकिन कुछ लोग इसका गलत फायदा उठा रहे हैं। झूले के ठेकेदार मोहम्मद शाकीर ने बताया कि उन्होंने झूलों के नकली पास पकड़े हैं। इसको लेकर पुलिस थाना पावंटा साहिब में शिकायत भी दर्ज करवाई है।

मोहम्मद शाफिर निवासी टोका नगला ने बताया कि उन्होंने होला मोहल्ला में झूलों का ठेका लिया है। गेट्स एंट्री के पास कुछ महिलाओं से नकली फोरी कॉपी व स्कैन किए गए पास पकड़े गए हैं। उन्होंने एसएचओ अशोक चौहान से इनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जहां से लोगों ने यह पास प्रिंट किए हैं, उनके खिलाफ भी जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

### जानलेवा हमले करने के आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों की नारेबाजी

## नालागढ़ पुलिस थाने के घेराव की दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

उपमंडल नालागढ़ के मझौली पंचायत के मैसा टिब्बा गांव में पंचायत प्रधान के बेटों समेत 25 से ज्यादा लोगों द्वारा ग्रामीणों पर किए गए जानलेवा हमले के मामले में 12 दिन बाद भी मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होने नाराज ग्रामीणों ने गांव में पुलिस प्रशासन व पंचायत प्रधान के खिलाफ जमकर गुबार निकाला।

नारेबाजी करते हुए ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस जानबूझकर प्रधान के आरोपित बेटों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। विदित रहे कि 18 मार्च को हुए इस हमले में करीब 8 लोग घायल हुए थे, जिनमें से दो लोग गंभीर घायल हुए थे, जिन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया था। इस जानलेवा हमले के 12 दिन बाद भी मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहे हैं। इसको लेकर ग्रामीणों में खास रोष देखा जा रहा है। आज ग्रामीणों ने एकत्रित होकर मैसा-टिब्बा गांव में पुलिस प्रशासन और पंचायत प्रधान के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रोष व्यक्त किया, साथ ही ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन पर उचित कार्रवाई न करने के भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस बार-बार उन्हें बयान दर्ज करने के लिए बुला रही है और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और उन्हें धमकियां भी दी जा रही हैं।



मैसा टिब्बा गांव में कार्रवाई की मांग को लेकर रोष-प्रदर्शन करते ग्रामीण।

ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा है कि पुलिस ने पांच-पांच बार पीड़ितों के बयान दर्ज किए हैं, लेकिन आरोपियों को गिरफ्तार करने बजाए पुलिस पीड़ित ग्रामीणों को ही डरा-धमका रही है। पुलिस ने जिन तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था, उनमें से दो को भी छोड़ा जा चुका है।

पीड़ित ग्रामीणों का कहना है कि गांव पर उस समय हमला किया गया था, जब सभी ग्रामीण अपने-अपने घरों में थे। पहले आरोपियों द्वारा ट्रांसफार्मर पर फायरिंग करने के बाद पूरे गांव की लाइट काटी गई थी। इसके बाद जो भी गांव वाला आरोपियों के हत्थे चढ़ा, उस पर तेजधार हथियारों से हमले किए गए थे। ग्रामीणों का कहना है कि इस जानलेवा हमले में लगभग 10 लोग घायल हुए थे।

इनमें दो लोग गंभीर रूप से घायल थे। उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ में 7 दिन के बाद छुट्टी मिली है, लेकिन अभी भी मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन चेतावनी दी है कि अगर सभी आरोपियों को दो दिन के भी भीतर गिरफ्तार नहीं किया गया तो नालागढ़ पुलिस थाने का घेराव करेंगे और साथ ही नालागढ़ रोपड़ मार्ग पर चक्का जाम भी किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ईसाई समुदाय ने नाहन चर्च में मनाया गुड फ्राइडे



नाहन में गुड फ्राइडे के मौके पर प्रार्थना के लिए चर्च पहुंचे लोग।

**नाहन।** प्रभु ईशु मसीह के बलिदान दिवस पर शुक्रवार को नाहन स्थित ईसाई समुदाय के सदस्यों ने चर्च में गुड फ्राइडे मनाया। चर्च के पादरी बेला राम ने बताया कि इस मौके पर सभी सदस्यों ने विश्व में मानवता के कल्याण के लिए प्रार्थना की।

### भगानी पंचायत में भाजपा की चौपाल बैठक



भगानी पंचायत में भाजपा की युवा चौपाल की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने शिरकत की।

**पांवटा साहिब।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने युवा चौपाल की बैठक का आयोजन भगानी साहिब पंचायत में हुआ। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष चरणजीत चौधरी ने की। यह बैठक आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रखी गई थी। इस दौरान तिलक ने देश में पिछले 10 साल में जो भी भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्य किए गए हैं, उनके ऊपर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि भारत देश आज एक मजबूत हाथों में है और जो वादे भारतीय जनता पार्टी ने देशवासियों से किए थे, उन वादों को नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है। उन्होंने बताया कि जब धारा 370 हटाने की बात होती थी, तब अन्य पार्टियां इस बात पर भारतीय जनता पार्टी के लोगों का मजाक उड़ाती थीं, लेकिन इस काम को भी भारतीय जनता पार्टी ने पूरा किया है। युवा मोर्चा अध्यक्ष चरणजीत चौधरी ने प्रदेश अध्यक्ष को विश्वास दिलाया कि जो 31000 लीड का लक्ष्य पावंटा मंडल को मिला है, उसे पूरा करने में युवा मोर्चा अपनी अहम भूमिका निभाएगा।बैठक में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विनय गुप्ता युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री साकेश शर्मा, सुशील कदशोली, नरेंद्र ठाकुर, विपुल कश्यप, रणवीर ठाकुर, अरुण समरान, मंडल अध्यक्ष रमेश तोमर, मंडल महामंत्री हितेंद्र, सुभाष चौधरी, देवेंद्र चौधरी, अजय मेहता, अंजना शर्मा, भंगा सिंह , सुरजीत सिंह, अभिनाश सैनी, दीपक, शिवानी वर्मा, कृष्णा धीमान, नवीन शर्मा, तरनजीत गिल, सुनिल चौधरी, विपुल देवा नितिन शर्मा, अभिनाश झाभा, हेमराज चौधरी, राहुल चौधरी, पवन चौधरी, अनिल चौधरी, हितेंद्र कुमार, पवन पटियाल, कल्याणजी, सुदामा, केशव, संजीव कक्कड़, जीवन सिंह, विकास आदि उपस्थित रहे।

## सिरमौर में 4200 कर्मचारी 589 पोलिंग बूथों पर करवाएंगे मतदान

**अनंत ज्ञान, नाहन**

देश की 18वीं संसद के लिए हिमाचल प्रदेश में सातवें चरण में होने वाले एक जून को मतदान के लिए जिला निर्वाचन विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला के चार लाख मतदाता 589 पोलिंग बूथों पर शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी के भाग्य का फैसला करने के लिए अपने मत का प्रयोग करेंगे।

सिरमौर जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र में 4200 कर्मचारी तथा सुरक्षाकर्मी मतदान संपन्न करवाएंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर चार या पांच कर्मचारी, एक पुलिस जवान तथा एक होमगार्ड जवान सुरक्षा में तैनात होगा। इसी के साथ ही 58 पोलिंग बूथ अति संवेदनशील मतदान केंद्र की श्रेणी में है। जहां पर सीआरपीएफ के जवान तैनात होंगे। एक मतदान केंद्र पर 4 सीआरपीएफ जवानों की तैनाती होगी। इसी के साथ ही देशभर के विभिन्न राज्यों में कार्यरत केंद्रीय कार्यालय, भारतीय थल सेना, वायु सेवा और नौसेना में कार्यरत जिला 3188 कर्मचारियों को सर्विस इलेक्ट्रोल भेजा जाएगा। जिला सिरमौर में इस बार 26 पोलिंग बूथ नए बनाए गए हैं। जिला में इस बार 5 जनवरी तक 4,00,792 मतदाता पंजीकृ त हो चुके हैं। पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में 77492 वोटर, नाहन में 86029 मतदाता, श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र 74890 मतदाता, पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र में 85347 तथा शिलाई में 77034 मतदाता के वोट बने हैं, जबकि वोट बनाने की अंतिम तिथि 4 मई तक है।

सिरमौर जिले में 2 लाख 9004 पुरुष, 191785 महिला तथा तीन जेंडर मतदाता हैं। जिला सिरमौर के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में 124 मतदान केंद्र, नाहन में 121, श्री रेणुका जी में 130, पांवटा साहिब में 104 तथा शिलाई में 110 मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने वोट का प्रयोग करेंगे।

## सभी कर्मचारियों का डाटा पोर्टल पर अपलोड करना जरूरी: एसडीएम

**नाहन।** एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी नाहन सलीम आजम ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत सभी कर्मचारियों का डाटा 'डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर इलेक्शन' (डाइस) वेब एप्लीकेशन पर डालना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि डाइस वेब एप्लीकेशन में अपलोड डाटा के आधार पर ही कर्मचारियों की निर्वाचन संबंधी ड्यूटियां लगाई जाएंगी।

जिला सूचना अधिकारी सिरमौर विजय कुमार ने डाइस वेब एप्लीकेशन में कर्मचारियों के डाटा अपलोड करने के संबंध में प्रशिक्षण देते हुए बताया कि भी सभी विभागों के डीडीओ को यूजर आईडी और पासवर्ड दिए गए हैं, ताकि सभी विभाग अपने कर्मचारियों का डाटा डाइस पोर्टल पर अपडेट कर सकें।

## बीबीएन में जगह-जगह नहीं लगेगी रेहड़ी-फड़ी

### शहर के रेहड़ी-फड़ी धारकों के लिए परिषद ने किया नया स्थान चयनित

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

शहर के रेहड़ी-फड़ी धारकों को अब जल्द ही नया स्थान उपलब्ध करवाया जाएगा। लंबे समय से अपने लिए उपयुक्त स्थल का इंतजार कर रहे रेहड़ी-फड़ी धारकों को जल्द ही नगर परिषद जगह मुहैया करवाने जा रही है।

नालागढ़ शहर के वार्ड दो में स्थित टैक्सी स्टैंड के समीप रेहड़ी-फड़ी धारकों को स्थान मुहैया करवाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर नगर परिषद ने कार्य भी शुरू कर दिया है। नगर परिषद नालागढ़ ने रेहड़ी-फड़ी धारकों को अब एक स्थल पर ही बसाने का निर्णय लिया है। इससे शहर में अतिक्रमण से भी निजात मिलेगी। नगर परिषद की योजना के अनुसार नालागढ़-रोपड़ मार्ग पर टैक्सी स्टैंड के सामने परिषद के खाली पड़े स्थल को इसके लिए चिह्नित किया गया है।




नगर परिषद कार्यालय नालागढ़। (फाइल फोटो)

रेहड़ी-फड़ी धारकों के लिए पहले बनी स्ट्रीट वेंडिंग पॉलिसी-2009 को स्ट्रीट वेंडिंग एक्ट-2014 बनाया गया है, जिसके तहत रेहड़ी-फड़ी धारकों के लिए सुविधा संपन्न खोखा मार्केट तैयार की जानी है। खोखा मार्केट बनने से जहां शहर में अतिक्रमण से निजात मिलेगी, वहीं शहर की सड़कें भी खाली नजर आएंगी। शहर में अनाधिकृत तौर पर लगी रेहड़ी-फड़ियों के लगने से सड़कें संकरी हो गई हैं, ऐसे में परिषद ने शहर में रेहड़ी-फड़ी धारकों के लिए खोखा मार्केट का निर्माण राहत पहुंचाएगा।

उधर, नगर परिषद नालागढ़ के कार्यकारी अधिकारी आरएस वर्मा ने बताया कि परिषद वार्ड दो स्थित टैक्सी स्टैंड के सामने शहर के रेहड़ी- फड़ी धारकों को वेंडिंग जोन के तहत बसाया जाएगा। इस पर कार्य किया जा रहा है।

**आक्रोश** खतवाड़ में चल रही माइन को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से की शिकायत

## माइन संचालकों को एम फार्म देने पर लगाई रोक

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिले की बनोर पंचायत के गांव खतवाड़ में चल रही माइन पर स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रशासन ने कार्रवाई अमल में लाई है। प्रशासन ने माइन संचालकों को एम फार्म देने पर रोक लगाई है।

इसके बाद संबंधित माइन संचालक तिलमिलाए हैं और आज डीसी सिरमौर समेत जिला खनन अधिकारी से मिलने पहुंचे। संबंधित लोगों ने यहां शिकायतकर्ता ग्रामीणों को जहां अवैध वसूलीकर्ता बताया तो वहीं, प्रशासन से एम फार्म जारी करने की गुहार लगाई है।

पूर्व में वाइस चेयरमैन पंचायत समिति संतराम चौहान ने आरोप लगाया कि स्थानीय ग्रामीण माइन संचालकों के खिलाफ झूठी शिकायत कर रहे हैं। संबंधित गांव में हुआ नुकसान प्राकृतिक आपदा के चलते हुआ था।



माइन संचालकों के खिलाफ प्रशासन को शिकायत देने पहुंचे ग्रामीण।

6 किलोमीटर के दायरे में संबंधित शिकायतकर्ताओं का कोई घर या फिर उपजाऊ जमीन नहीं है। प्राकृतिक आपदा से जहां ग्रामीणों को नुकसान हुआ, वहीं माइन संचालकों को भी नुकसान हुआ, लेकिन कुछ ग्रामीण अपने निजी स्वार्थ के चलते अवैध वसूली करने के मकसद से झूठी शिकायतें कर रहे हैं। समस्या को लेकर ग्रामीण डीसी सिरमौर सुमित खिमटा से कई बार मिल चुके हैं, जिसमें जल्द से जल्द यहां हो रहे अवैध माइनिंग को रोकने व गांव को किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर बसाने की गुहार लगाई थी।

## जिले में फायर सीजन को लेकर वन विभाग अलर्ट

### सैटेलाइट फायर अलार्म सिस्टम एक्टिवेट, कर्मियों की छुट्टियां रद्द

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला में फायर सीजन को लेकर वन विभाग अलर्ट मोड पर है। जिले में आगजनी से वन संपदा को बचाने के लिए जहां वन विभाग ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं, तो वहीं वन कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर रात्रि गश्त जंगलों में बढ़ाने, ठीकरी पहरा देने को लेकर भी निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अलावा वन विभाग ने आगजनी की घटनाओं को देखते हुए वन परिक्षेत्र में संवेदनशील क्षेत्र चयनित कर एक रोडमैप तैयार किया है, ताकि संबंधित क्षेत्र में अगर आगजनी की अगर घटनाएं सामने आती है तो तुरंत वन संपदा को बचाने के लिए कार्य किया जा सके।

अरण्यपाल वसंत किरण बाबू ने बताया कि आगामी फायर सीजन को लेकर वन विभाग पूरी तरह से तैयार है। आगजनी की घटनाओं को रोकने के मद्देनजर टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है, ताकि आग लगने की घटनाओं की सूचना आसानी से संबंधित कर्मियों तक पहुंच सके। बीते वर्ष आगजनी की घटनाएं कम आई थीं, जिसको देखते हुए इस बार आगजनी की घटनाएं अधिक हो सकती हैं। उन्होंने खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि जंगलों में ठीकरी पहरा ग्रामीण क्षेत्रों में लगे, को लेकर डीसी को पत्र लिखा गया है।

उन्होंने बताया कि सैटेलाइट अलार्म सिस्टम भी एक्टिवेट हो गया है अगर किसी भी वनपरिक्षेत्र में आग लगती है, तो सूचना संबंधित वनकर्मी के मोबाइल नंबर पर मैसेज के माध्यम से प्राप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि करीब 70 प्रतिशत वन परिक्षेत्र फायर प्रोन एरिया है, जिसको लेकर बाकायदा एक मैप के माध्यम से क्षेत्र को चयनित किया गया है।

# आईजीएमसी में नहीं हो रहे हार्ट के ऑपरेशन

## कार्ड पर आपातकालीन में ही हो रही हार्ट सर्जरी, अभी तक लगभग 60 करोड़ से अधिक की पेमेंट पेंडिंग

रविंद्र जस्टा, शिमला

प्रदेश में चलाई जा रही हिमकेयर व आयुष्मान योजना अब हाफ गई है। ऐसे में अब मरीजों की मुश्किलें बढ़ चुकी हैं।

प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी की अगर बात की जाए, तो यहां पर इन दिनों हार्ट के ऑपरेशन नहीं हो पा रहे हैं। सिर्फ आपाताकालीन में ही मरीजों के ऑपरेशन हो रहे हैं। कारण यह है कि हिमकेयर व आयुष्मान कार्ड पर जो ऑपरेशन का सामान मिलता था वह नहीं मिल पा रही है। यह सामान व दावाइयां इसलिए नहीं मिल रही हैं कि अभी तक सरकार ने लगभग 60 करोड़ से अधिक की पेमेंट आयुष्मान व हिमकेयर को देनी है। पेमेंट न होने से अब होल सेल डिस्ट्रीब्यूटर को भी



परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। होल सेल डिस्ट्रीब्यूटर का कहना है कि अब कंपनी भी उन्हें दवाइयां देने से मना कर रही है। दवा कंपनियों की करोड़ों की पेमेंट लंबित में हैं। ऐसे में अब कंपनी भी दवाई देने से मना कर रही है। होल सेल डिस्ट्रीब्यूटर अस्पताल प्रबंधन से भी मिले हैं, लेकिन कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है। यहां पर सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि एक तरफ सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ावा देने की बात करती है दूसरी ओर अब जो मरीजों का योजनाओं के तहत निशुल्क उपचार होता है वह भी नहीं हो पा रहा है।

अस्पतालों में मरीज दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। हिमकेयर व आयुष्मान कार्ड पर मरीजों का पांच लाख रुपए तक का इलाज निशुल्क होता है। ऐसे में गरीब मरीजों को अब इलाज करवाना मुश्किल हो गया है। (अनंत ज्ञान)

### दवाइयां न मिलने से चुनाव में लगेगा सरकार को झटका

अगर हिमकेयर व आयुष्मान के तहत मरीजों को दवाइयां नहीं मिलती हैं, तो इसका खामियाजा लोकसभा चुनाव में सरकार को भूगतने को मिलेगा। मरीजों को निशुल्क दवाइयों से काफी राहत मिलती है। गरीब मरीज के पास लाखों रुपए इलाज करवाने के लिए नहीं होते हैं। ऐसे में उनके पास एकमात्र सहारा हिमकेयर व आयुष्मान कार्ड ही है। अगर यह योजना भी बंद होती है, तो जनता सरकार का विरोध करेगी। सरकार को समय से इसकी पेमेंट करनी चाहिए, ताकि मरीजों को अस्पतालों में कोई दिक्कतें न आएं।

### कंपनी से दवाइयां मंगवाना हो गया मुश्किल

होल सेल डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव पंडित, महासचिव अनुज जैन, आयोजक सचिव ने कहा कि उन्हें कंपनी से दवाइयां मंगवाना मुश्किल हो गई हैं। पहले यह पेमेंट 45 से 60 दिन के अंदर आ जाती थी, लेकिन अब करोड़ों की पेमेंट पेंडिंग है। मरीजों को दवाइयां न मिलने से काफी दिक्कतें हो रही हैं। शिमला के दवाई के होल सेल डिस्ट्रीब्यूटर को जन औषधी आईजीएमसी शिमला की ओर से लगभग एक वर्ष से पेमेंट नहीं की जा रही है। सरकार से मांग करते हैं कि जल्द ही इन समस्याओं का सामान हो, ताकि दवाइयों की खरीद समय से हो सकें और बाजार तक सही समय में पूर्ति हो सके।

### जल्द जारी होगी पेंडिंग पेमेंट : धनीराम शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल बार-बार यह कह रहे हैं कि जल्द ही हिमकेयर और आयुष्मान की लंबित पेमेंट जारी होगी। हालांकि विधानसभा सत्र के दौरान भी इस मुद्दे पर विपक्ष ने यह मामला उठाया था उस दौरान भी स्वास्थ्य मंत्री ने यह जवाब दिया था कि यह पेमेंट जल्द जारी होगी, लेकिन अभी तक पेमेंट नहीं हुई है। अब होल सेल डिस्ट्रीब्यूटर भी सड़कों पर उतरने वाले हैं। अब कभी भी अन्य दवाइयों की भी सप्लाई रुक सकती है।

# एचआरटीसी के 50 साल पूरे शिमला में बनेगा म्यूजियम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला के एचआरटीसी मुख्यालय के पास ही म्यूजियम बनाया जाएगा। हिमाचल पथ परिवहन निगम की स्थापना को 50 साल पूरे हो गए हैं।

इसी खुशी में बस संग्रहालय बनाया जा रहा है। निगम ने बसों के मॉडल बनाने शुरू कर दिए हैं। अभी तक निगम ने छह तरह की बसों के मॉडल तैयार कर दिए हैं। शिमला में एचआरटीसी मुख्यालय के पास ही उत्तर रेलवे का बाबा भलखू रेल संग्रहालय स्थित है। यहां कालका-शिमला रेलवे से संबंधित ऐतिहासिक वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है। शिमला आने वाले पर्यटकों को रेल संग्रहालय के साथ एचआरटीसी बस संग्रहालय भी देखने को मिलेगा। इसी कड़ी में अब एचआरटीसी बस संग्रहालय बनाया जा रहा है। 1974 से 2024 तक निगम में शामिल हुई हर प्रकार की बसों के मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे।

### देश का दूसरा बस संग्रहालय होगा

मुंबई के अलावा अब शिमला में बस म्यूजियम बनने जा रहा है। यह देश का दूसरा बस म्यूजियम होगा। इसे मुंबई की तर्ज पर तैयार किया जाएगा। इसमें एचआरटीसी की बसों के मॉडल, पुरानी टिकटें, बसों की पुरानी तस्वीरें और कलपुर्जे दर्शाए जाएंगे।

"प्रदेश में परिवहन निगम की सेवाओं के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य पर बस संग्रहालय बनाया जा रहा है। यहां निगम की बसों के मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे। स्थानीय लोग के अलावा सैलानियों के लिए भी यह संग्रहालय दर्शनीय होगा।

**रोहन चंद ठाकुर, प्रबंध निदेशक एचआरटीसी।**

## न्यूज ब्रीफ

### पांच वुमन आर्टिस्ट ने गेयटी में लगाई प्रदर्शनी



**शिमला।** राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में शुक्रवार को वुमन आर्टिस्ट की ओर से पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई गई। पिछले 20 साल से यह प्रदर्शनी लगाई जा रही है। यह प्रदर्शनी महिला कलाकार अमृतसर ने लगाई है। इस प्रदर्शनी में पांच महिला चित्रकारों ने भाग लिया है। इसमें भारती मल्होत्रा, कृष्णा वैनी, गुरशरण कौर, रविंद्र ढिल्लो, स्वाति सिंघानिया शामिल हैं। इस चित्रकला प्रदर्शनी में 800 से 20,000 रुपए तक के करीब 90 चित्र प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इसमें पक्षी, फूल, बुद्धा सीरीज कैनवस, राजवाड़ा, विंटेज ने और म्यूरल वर्क सहित अन्य चित्र प्रदर्शित किए गए हैं। इस प्रदर्शित में मुख्यातिथि के तौर पर ममता मौक्टा उपस्थित रही। यह प्रदर्शनी गेयटी थियेटर में तीन दिन तक चलनी है।

### लुहरी परियोजना चरण-एक का कार्य प्रगति पर



**कुमारसैन।** सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड की लुहरी जल विद्युत परियोजना कार्यालय बीथल में प्रेस मीट का आयोजन किया गया। इस दौरान लुहरी जल विद्युत परियोजना प्रमुख सुनील चौधरी ने बताया कि 210 मेगावाट की क्षमता वाली चरण-एक का कार्य जनवरी-2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। 210 मेगावाट के पहले चरण का निर्माण कार्य प्रगति पर चल रहा है। परियोजना प्रमुख सुनील चौधरी ने बताया कि यह हाइड्रो परियोजना कुल्लू और जिला शिमला के मध्य सतलुज नदी पर बनाई जा रही है। परियोजना के डायवर्शन टनल और कोफर डैम का कार्य काफी पहले पूरा किया जा चुका है। परियोजना के एचआर विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट राजेंद्र ने परियोजना की सीएसआर गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। सीएसआर के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट, महिला सशक्तिकरण, प्रोटेकशन आफ नेशनल हेरिटेज, ग्रामीण विकास, प्रोजेक्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजास्टर मैनेजमेंट के तहत विभिन्न गतिविधियां समय-समय पर की जाती हैं। परियोजना प्रमुख ने बताया कि परियोजना के 210 मैगावाट क्षमता वाले पहले चरण का कार्य जनवरी-2026 तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके लिए नीरथ में बांध निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है व परियोजना के अन्य कार्य भी चल रहे हैं। परियोजना में चल रहे निर्माण कार्यों और सीएसआर की गतिविधियों की वीडियो द्वारा भी विस्तृत जानकारी दी गई।

# विस्थापित कश्मीरियों को मतदान की विशेष सुविधा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**फॉर्म-एम और फॉर्म-12 सी भरकर इआरओ के पास करवाएं जमा**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार ऐसे समस्त विस्थापित कश्मीरी, जिनके पास राहत एवं पुनर्वास आयुक्त, संघ राज्य क्षेत्र जम्मू व कश्मीर की ओर से प्राधिकृत किया गया प्रमाण पत्र हो, उनके लिए लोकसभा चुनाव-2024 में उनके द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए विशेष सुविधा प्रदान की है।

ऐसे विस्थापित कश्मीरी नागरिक ऐरो नेट के माध्यम से फॉर्म-एम या फॉर्म 12-सी भरकर विस्थापित प्रमाण पत्र सहित जहां कहीं भी वह निवास कर रहे हैं संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के माध्यम से केवल परिवार के मुखिया की ओर से समस्त योग्य परिवार के अन्य सदस्यों का पंजीकरण फॉर्म-एम या फॉर्म 12-सी भरकर करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त उक्त मतदाताओं के पास यह सुविधा भी उपलब्ध रहेगी कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग आयोग द्वारा स्थापित विशेष मतदान केंद्रों, जोकि दिल्ली, उधमपुर तथा जम्मू में आयोग की ओर से स्थापित किए जाएंगे। फॉर्म-एम पर मतदान की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे या फार्म 12-सी के माध्यम से पोस्टल बैलेट की सुविधा का भी लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने समस्त विस्थापित कश्मीरी नागरिकों से अनुरोध करते हुए कहा कि वह उक्त प्रयोजनार्थ अपना मोबाइल नंबर भी उपलब्ध करवाएं, ताकि उक्त नंबर को उनके मतदाता पंजीकरण के साथ जोड़ा जा सके।

# शिमला के क्राइस्ट चर्च में मनाया गुड फ्राइडे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला





शिमला के क्राइस्ट चर्च में गुड फ्राइडे के अवसर पर प्रार्थना करते पादरी और समुदाय के लोग।

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान के साथ लगते क्राइस्टचर्च में शुक्रवार को गुड फ्राइडे मनाया गया।

बाइबिल के अनुसार प्रभु ईसा मसीह ने शुक्रवार के दिन ही अपने जीवन का बलिदान दिया था। इसलिए उनकी याद में गुड फ्राइडे मनाया जाता है। ईसाई समुदाय के लोगों की ओर से प्रभु ईसा मसीह के बलिदान को याद करते हुए विश्व शांति के लिए मौन रखा गया और प्रार्थना की गई। प्रार्थना सभा के बाद भगवान मसीह की शिक्षाओं पर सभा का आरंभ हुआ। इस मौके पर सैकड़ों ईसाई धर्म के अनुयायी चर्च में एकत्रित हुए और दीप प्रज्वलित किए। चर्च में मानवता के कल्याण के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। गुड फ्राइडे को होली फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे और ग्रेट फ्राइडे के नाम से भी जाना जाता है। यहूदियों ने मसीह की ओर से अपने आप को परमेश्वर का पुत्र कहे जाने पर मसीह को प्राण दंड की सजा दी।

शिमला के क्राइस्ट चर्च की प्रीस्ट विनीता रॉय ने बताया कि गुड फ्राइडे के दिन ही प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था। इसलिए लोग इस दिन को शोक के रूप में भी मनाते हैं। इस दिन प्रभु यीशु के शिक्षाओं का स्मरण किया जाता है और प्रार्थना की जाती है। 12 बजे से तीन बजे तक मानव जाति के कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी लोगों ने प्रदेश और विश्व की शांति के लिए प्रार्थना की।

### 1857 में बना था क्राइस्ट चर्च

शिमला का क्राइस्ट चर्च सन् 1857 में निओ गौथिक शैली में बना था। कर्नल जेटी बोयलियो ने 1844 में इसका डिजाइन बनाया था। इसका निर्माण 13 साल बाद किया गया। चर्च पर लगी बड़ी घंटी 1860 में कर्नल डमबेल्टन ने दान की थी। हर साल गुड फ्राइडे मनाया जाता है।

# संजीवनी सहारा समिति ने लड़की के इलाज के लिए किया आर्थिक सहयोग

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू सदैव ही जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए तैयार रहती है, जो गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद करती आ रही है।

समिति ने कुटाड़ा गांव की निर्मला की आर्थिक मदद की। निर्मला गंभीर बीमारी से झूस रही है और आईजीएमसी शिमला में आईसीयू में भर्ती है। संजीवनी सहारा समिति ने निर्मला के इलाज के लिए 5000 रुपए की आर्थिक मदद की। समिति के अध्यक्ष



संजीवनी सहारा समिति लड़की के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग देते हुए।

गोपाल चौहान ने बताया कि संस्था में 220 के करीब सदस्य हैं, जिन सभी के सहयोग से संस्था निरंतर सामाजिक कार्य कर रही है। इस मौके पर कोषाध्यक्ष हरिंद्र वालिया, प्रेस सचिव रविंद्र शर्मा, प्रीतम ब्राक्टा व अशोक सिंघानिया विशेष रूप से मौजूद रहे।

# अवैध डंपिंग पर नगर निगम सख्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला शहर में अवैध डंपिंग के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इससे शहर में परेशानी बढ़ती जा रही है, लेकिन नगर निगम शिमला अवैध डंपिंग को लेकर सख्त हो गया है।

कुछ समय बाद निगम डंपिंग के लिए साइट्स का चयन करेगा और केवल उन्हीं चिन्हित जगहों पर डंपिंग की जाएगी। अगर इसके अलावा कोई भी व्यक्ति अवैध डंपिंग करता नजर आता है, तो उस पर निगम सख्त कार्रवाई करेगा। शहरवासियों को निगम द्वारा तय की गई फीस देनी होगी, उसके पश्चात ही लोग डंपिंग कर सकते हैं। अवैध डंपिंग से जंगलों और पर्यावरण को बहुत ज्यादा नुकसान हो रहा है। इस कारण बरसात के दौरान नाले रुक जाते हैं। ड्रेनेज सिस्टम ब्लॉक होते हैं। इसे लेकर फॉरेस्ट एक्ट बहुत स्ट्रांग है और उसमें भारी पेनल्टी का भी प्रावधान है। साथ ही निगम के एक्ट में भी सख्त कार्रवाई को लेकर बदलाव किए जाएंगे। महापौर की ओर से फॉरेस्ट विभाग को भी लिखा गया है कि फ्लाइंग स्क्वायड बनाएं और ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करें।

### अवैध डंपिंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

वार्डों के निरीक्षण में देखा जा रहा है कि कहां पर वार्डों प्वाइंट बनाए जा सकते हैं। निगम आपके मुहिम के तहत महापौर लोगों की समस्याओं के साथ अवैध डंपिंग से छुटकारे का समाधान भी निकाल रहे हैं। डंपिंग प्वाइंट के अलावा यदि इसके बाद भी कोई अवैध तरीके से डंपिंग करता हुआ पाया जाता है, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एजेंसी करेगा हायर

डंपिंग के लिए कुछ साइट्स का चयन होगा, जिसमें निगम की ओर से एफसीएस का केस बनाया गया है। इस केस के अप्रूव होने के बाद निगम की ओर से आउटसोर्स या टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से एजेंसी को हायर किया जाएगा।

# जुन्गा के स्कूलों में लगाए जाएंगे सामुदायिक आउटरीच शिविर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुन्गा

चायल कोटी कॉलेज के सौजन्य से जनेडघाट स्कूल और कोटी में सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर लगाए गए, जिसमें उच्च शिक्षा के महत्व बारे कॉलेज के प्रोफेसरों ने बच्चों को जानकारी दी।

कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. दीप शिखा भारद्वाज ने बताया कि कॉलेज प्रशासन की ओर से सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम नामक एक नई पहल की गई है, जिसके तहत जुन्गा क्षेत्र के सभी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में चरणबद्ध तरीके से शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसे



जनेडघाट स्कूल में आयोजित आउटरीच कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्टूडेंट्स व अन्य।

भविष्य में भी जारी रखा जाएगा, ताकि उच्च शिक्षा के महत्व को आमजनता तक पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम के तहत कॉलेज के प्राध्यापक वर्ग स्कूलों में जाकर जमा दो के छात्रों को उच्च शिक्षा के महत्व बारे जानकारी देंगे। इसके अतिरिक्त चायल कोटी कॉलेज के नवनिर्मित भवन में आधुनिक सुविधाओं जैसे डिजिटल पुस्तकालय, स्मार्ट अध्ययन कक्ष, खेल मैदान, वाईफाई कैंपस आदि बारे जानकारी दी जा रही है, ताकि बच्चे इस कॉलेज की सुविधाओं का लाभ उठा सके। यह कॉलेज कसुंपटी विधानसभा क्षेत्र का एक मात्र कॉलेज है, जो स्थानीय जनता एवं राजनीतिक नेतृत्व के लंबे संघर्ष के परिणाम स्वरूप मिला है।

## निचार के मिनी स्टेडियम शोठाधारी में क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

# भगवती वॉरियर्स निचार टीम विजेता

अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ

निचार गांव के मिनी स्टेडियम में शोठाधारी वारियर्स निचार की ओर से आयोजित अंडर-23 वर्षीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भगवती वॉरियर्स निचार टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मीरू गांव की टीम उपविजेता रही। मिनी स्टेडियम निचार में अयोजित आठ दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में 20 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें फाइनल मुकाबले में मीरू की टीम ने टॉस जीतकर कर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया।

पहले बैटिंग करते हुए निचार टीम 64 रन बनाकर ऑल आउट



विजेता टीम को मुख्यातिथि ट्रॉफी देते हुए व साथ में उपविजेता टीम।

बदले में मीरू की टीम आठ ओवर में 65 रन के लक्ष्य को पार नहीं कर सकी। विजेता को मुख्यातिथि दिनेश नेगी व विशेष अमंत्रित अथिति उपप्रधान पंचायत निचार जगदेव सिंह व रमेश नेगी ने ट्रॉफी के साथ 15 हजार रुपए नकद दिए। उपविजेता को ट्रॉफी सहित सात हजार रुपए नकद पुरस्कार दिया गया। साथ ही उन्होंने सफल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करने पर आयोजकों को 21 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दिए। इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच आलोक को दिया गया, जबकि बेस्ट कीपर का खिताब सैम को दिया गया।

# सेवानिवृत्त शिक्षक प्रेम सिंह चौहान व कई लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल



धानसर गांव के सेवानिवृत्त शिक्षक प्रेम सिंह चौहान व अन्य कांग्रेस पार्टी में शमिल होते हुए।

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

जुब्बल क्षेत्र की पंचायत झाल्टा के धानसर गांव के सेवानिवृत्त अध्यापक प्रेम सिंह चौहान के साथ युवक मंडल धानसर के प्रधान संदीप चौहान, बद्री मालदार, हुकम सिंह चौहान, मुकेश चौहान, ज्ञान सिंह नानटा, राजेश करशेटा, मेहर चंद व भोपिंद्र नानटा ने अपने परिवार सहित शिक्षा मंत्री की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस दौरान जोन अध्यक्ष खनाशनी मनोज रांगटा और क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता कौशल चौहान व बूथ अध्यक्ष मनोज चौहान एवं बटाड़गल्लू के जोन अध्यक्ष लोकपाल जस्टा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने कांग्रेस पार्टी पर विश्वास व्यक्त करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई आपका कांग्रेस पार्टी में विश्वास प्रकट करने पर हार्दिक स्वागत व अभिनंदन करती है।

**मांग** हरियाणा की तर्ज पर सात हजार वेतन की मांग, पंजाब सरकार की तर्ज पर 10 के बजाए 12 महीने का वेतन दिया जाए

# मिड-डे मील वर्कर्स को समय पर नहीं मिल रहा वेतन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मिड-डे मील वर्कर्स को समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है। वर्कर्स ने हरियाणा की तर्ज पर सात हजार रुपए वेतन की मांग की। राजधानी शिमला के सीटू कार्यालय में शुक्रवार को मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन सीटू राज्य कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

सीटू के प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने कहा कि हिमाचल उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार व पंजाब सरकार की तर्ज पर 10 के बजाए 12 महीने का वेतन दिया जाए। पंजाब सरकार के मिड-डे मील व प्रदेश में आंगनबाड़ी की तर्ज पर 12 से 20 छुट्टियों की सुविधा दी जाए।





सीटू कार्यालय में मिड-डे मील वर्कर्स की ओर से आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते पदाधिकारी और उपस्थित सदस्य।

उन्हें साल में दो वर्दी दी जाए व मल्टी टास्क भर्ती में मिड-डे मील कर्मियों को प्राथमिकता दी जाए। बंद किए गए स्कूलों में अन्य स्टाफ की तरह मिड-डे मील कर्मियों को भी दूसरे स्कूलों में समायोजित किया जाए। उनके लिए नौकरी से संबंधित 25 बच्चों की शर्त को हटाया जाए। उनसे चुनाव के समय पोलिंग पार्टी को खाना बनाने का कार्य न करवाया जाए। प्रत्येक स्कूल में अनिवार्य रूप से दो मिड-डे मील वर्कर्स की नियुक्ति की जाए। 45वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिश अनुसार मिड-डे मील कर्मियों को मजदूर का दर्जा दिया जाए व उन्हें नियमित किया जाए। केंद्र में रही सरकारों ने वर्ष-2009 के बाद मिड-डे मील कर्मियों के वेतन में एक रुपए की भी बढ़ोतरी नहीं की है। केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लेकर आई है, जिसके चलते बड़े पैमाने पर निजीकरण होगा। यह सब करके भाजपा सरकार मिड-डे मील कर्मियों के रोजगार को खत्म करना चाहती है। प्रदेश में कई स्कूल बंद कर दिए गए हैं व कई कर्मियों को नौकरी से बाहर किया जा चुका है।

इस बैठक में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, उपाध्यक्ष जगत राम, रमाकांत मिश्रा, बालक राम, यूनियन प्रदेशाध्यक्ष इंद्र सिंह, महासचिव हिमी देवी, बलबिंद्र कौर, सुदेश, शांति, बलबिंद्र कौर, मीरा, जगदीश, सरिता, निरथ, वीरेंद्र, गुरदास वर्मा आदि मौजूद रहे।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### यह संभवतः मेरा सर्वश्रेष्ठ अंतिम ओवर रहा : आवेश

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश खान को लगता है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा चरण में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जो अंतिम ओवर डाला था, वह 'डेथ ओवरों' में संभवतः उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास था। आवेश को अंतिम ओवर में 17 रन का बचाव करना था और वह आराम से ऐसा करने में भी सफल रहे, जिसमें उन्होंने एक के बाद एक यार्कर डालकर प्रतिद्वंद्वी टीम को महज चार रन ही दिए। इससे राजस्थान ने दिल्ली कैपिल्स पर 12 रन से जीत हासिल की। लखनऊ सुपर जायंट्स ने 'ट्रेड' करके आवेश को राजस्थान रॉयल्स को दिया है। आवेश आठ वनडे और 20 टी20 मैच खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, ''ऐसा नहीं है कि मैंने पहली बार अंतिम ओवर डाला है। पिछले साल मैंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ ऐसा किया था। जब मैं दिल्ली के लिए खेलता था तो वहां भी अंतिम ओवर डाला था, लेकिन जहां तक कार्यान्वयन की बात थी तो उस लिहाज से यह मेरा सर्वश्रेष्ठ ओवर रहा। सभी गेंद एक ही जगह 'वाइड यार्कर' रहीं।''



### कनाडा के खिलाफ टी-20 में एंडरसन यूएसए की टीम में

**ह्यूस्टन।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर कोरी एंडरसन को कनाडा के खिलाफ 7 अप्रैल से होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए यूएसए की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। एंडरसन के अलावा, हरमीत सिंह, मिलिंद कुमार, एंड्रीज़ गॉस, शैडली वान शल्कविक और नितीश कुमार यूएसए टीम में अन्य नए चेहरे हैं। एंडरसन आखिरी बार 2018 में न्यूजीलैंड के लिए खेले थे, और अब मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) की घोषणा के दौरान देश में प्रवास के बाद यूएसए के लिए खेलने के लिए पात्र हैं।

### चीन की राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के पूर्व कोच पर चल रहा मुकदमा

**वुहान।** चीन की राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच ली टाई पर वीरवार को मध्य चीन के हुबेई प्रांत के इंटर-मीडिएट पीपुल्स कोर्ट ऑफ जियानिंग में मुकदमा चलाया गया। सिन्हुआ के अनुसार ली पर राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच के रूप में काम करने के साथ-साथ स्थानीय फुटबॉल क्लबों के लिए काम करने के दौरान रिश्वत देने और लेने का आरोप लगाया गया था। अभियोजकों के अनुसार 2019 से 2021 तक, ली ने राष्ट्रीय टीम और राष्ट्रीय चयन टीम के मुख्य कोच के रूप में अपने पदों का लाभ उठाते हुए, राष्ट्रीय टीम के लिए खिलाड़ियों के चयन, मैच, और क्लबों के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर करने जैसे मामलों में संबंधित संगठनों और व्यक्तियों को सहायता प्रदान की।

### अमृतसर में एक ड्रोन और एक किलो से अधिक हेरोइन बरामद

**अमृतसर।** बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि 28 मार्च, 2024 को सतर्क बीएसएफ के सैनिकों ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में अपने ड्यूटी पोस्ट के पास असामान्य आवाजें सुनीं। उन्होंने कहा कि तेजी से कार्रवाई करते हुए, बीएसएफ जवानों ने संदिग्ध क्षेत्र में गहन तलाशी अभियान शुरू किया। खोज के दौरान, उन्होंने अमृतसर जिले के डोके गांव के पास एक खेत से छोटे काडकॉप्टर ड्रोन (डीजेआई माविक) 3) को बरामद कर लिया। एक अन्य घटना में बीएसएफ की खुफिया इकाई ने अमृतसर जिले के नीमावर्ती क्षेत्र में नशीले पदार्थ ले जा रहे दो अज्ञात व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधि की सूचना दी। बीएसएफ के जवान घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन संदिग्ध भागने में सफल रहे। उनके भागने के बावजूद, बीएसएफ जवानों ने गहन तलाशी ली और श्मशान घाट, गांव नागालंब, जिला-अमृतसर के पास से एक किला से अधिक हेरोइन बरामद की।

### एलआईसी के कार्यालय 30 और 31 मार्च को रहेंगे खुले

**मुंबई/नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के कार्यालय 30 और 31 मार्च को खुले रहेंगे। एलआईसी ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि करदाताओं को चालू वित्त वर्ष 2023-24 की समाप्ति से पहले कर बचाने की प्रक्रिया पूरी करने की सुविधा देने के लिए 30 और 31 मार्च को अपने कार्यालय खुले रखेगा। बीमा कंपनी एलआईसी का यह कदम बैंकों की उस घोषणा के बाद आया है, जिसमें उनकी शाखाएं शनिवार और रविवार को खुली रहने की जानकारी दी गई थी। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी ने कहा कि बीमा नियामक आईआरडीएआई की सलाह के मुताबिक एलआईसी ने पॉलिसी धारकों के लिए इस विशेष उपाय का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है।

### पाकिस्तान में चीन की एक और कंपनी ने कामकाज किया बंद

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक जलविद्युत परियोजना पर आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों के मारे जाने के दो दिन बाद चीन की एक कंपनी ने इसी अशांत प्रांत में एक अन्य जलविद्युत परियोजना में निर्माण कार्य रोक दिया और सैकड़ों श्रमिकों को काम से हटा दिया है। चीनी कंपनी पावर कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन ऑफ चीन (पीसीसीसी) ने शांगला जिले में आत्मघाती हमले में चीनी नागरिकों की मौत के बाद प्रांत के स्वाबी जिले में तारबेला जलविद्युत विस्तार परियोजना में निर्माण संबंधी कार्यों को निलंबित कर दिया है। यहां 2,000 से अधिक श्रमिकों को काम से हटा दिया है।

### टोल टैक्स की नई दरें एक अप्रैल से होंगी प्रभावी

**महोबा।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर फर्राटा भरने वाले भारी वाहनों को एक अप्रैल से टोल के रूप में अतिरिक्त जेब ढीली करनी होगी। नई दरें 31 मार्च एवं एक अप्रैल की दरमियानी रात 12 बजे के बाद से प्रभावी हो जाएंगी। भारी वाहन डंपर, बस, ट्रक आदि में 5 रुपए की वृद्धि की गई है। कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग के खन्ना स्थित टोल प्लाजा से गुजरने वाले भारी वाहनों को अब टोल टैक्स के रूप में पांच रुपए अतिरिक्त देने होंगे। टोल प्लाजा के मैनेजर प्रवेंद्र सिंह राठौड़ ने शुक्रवार को बताया कि एक अप्रैल से टोल टैक्स की नई दरें प्रभावी हो रही हैं।

**आईपीएल-2024** पंजाब किंग्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स को जीत के लिए करने होंगे आल राउंड प्रयास

# गब्बर ब्रिगेड का सामना सुपर जायंट्स से

**एजेंसी, लखनऊ**

केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम जब शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

लखनऊ सुपर जायंट्स को चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में 20 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में क्रुणाल पंड्या को छोड़कर लखनऊ के सभी गेंदबाजों ने रन लुटाए थे और वे प्रभावित नहीं कर सके। मार्क वुड और डेविड विली की अनुपस्थिति में एलएसजी के तेज गेंदबाज कमजोर दिखे जिसमें मोहसिन खान, नवीन उल हक और यश ठाकुर से जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद थी। आगामी टी-20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की मुहिम में जुटे रवि बिश्नोई टीम के आईपीएल में शुरुआती मैच में साधारण दिखे।

साथ ही वह उम्मीद करेंगे कि उनकी सलामी जोड़ीदार क्विंटन डिकॉक पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी करे। टीम को देवदत्त पडिक्कल, आयुष बदोनी, दीपक हुड्डा और क्रुणाल से भी निचले क्रम में अच्छे प्रदर्शन की आस होगी। वहीं पंजाब किंग्स ने अभी तक दो में एक में जीत हासिल की, जबकि एक में उसे हार मिली। शिखर धवन की अगुआई वाली टीम को पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत है और ऐसा तभी होगा जब पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो धमाकेदार बल्लेबाजी करें। सिर्फ आईपीएल में खेलने वाले धवन को भी आगे अपने स्ट्राइक रेट में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने खुद ही स्वीकार किया था कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बल्लेबाजी धीमी रही थी। उपकप्तान जितेश शर्मा भी टी-20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटे हैं लेकिन राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को लुभाने के लिए उन्हें भी अच्छा प्रदर्शन दिखाना होगा।



#### इस प्रकार हैं टीमें

**लखनऊ सुपर जाइंट्स**

केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरण, आयुष बडोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मोहम्मद अरशद खान

**पंजाब किंग्स**

शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कागिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी, रिले रोसोऊ।

### चोट के बाद गेंदबाज नोर्किया को लय में आने में लगेगा समय : होप्स

**जयपुर।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स को लगता है कि टीम के आलोचनाओं से घिरे तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया समय के साथ बेहतर होते जाएंगे क्योंकि उन्होंने छह महीने के बाद हाल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है। राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग ने वीरवार रात को अंतिम ओवरों में नोर्किया की गेंदों की धज्जियां उड़ा दीं, जिससे उन्होंने अपने चार ओवर में 48 रन लुटा दिए। राजस्थान ने अंत में यह मैच 12 रन से जीत लिया। नोर्किया सितंबर 2022 के बाद से ही क्रिकेट से बाहर थे और इस महीने के शुरू में तीन घरेलू टी-20 मैच खेलने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने लगे, लेकिन वह अभी तक अपनी मशहूर यार्कर और 'हार्ड लेंथ' गेंद डालने में विफल रहे हैं। होप्स ने अपनी टीम की हार के बाद कहा, ''मैं गेंदबाजों के बारे में ज्यादा बुरा नहीं कहूंगा। उन्होंने योजनाओं पर तामील करने की कोशिश की।



### बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी मियामी ओपन पुरुष युगल के फाइनल में

**एजेंसी, मियामी**

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। आस्ट्रेलियाई ओपन के विजेता बोपन्ना और इबडेन को वीरवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1, 6-4 की जीत के दौरान जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा।

फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को 6-4, 6-7, 10-7 से मात दी। बोपन्ना दुबई चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में मिली हार और इंडियन वेल्स मास्टर्स के राउंड 32 से बाहर होने से युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए थे लेकिन इस जीत से उन्हें सोमवार को अपडेट होने वाली रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंचने में मदद मिलेगी।



### मई में आयरलैंड का दौरा करेगा पाकिस्तान

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को पाकिस्तान के आयरलैंड दौरे के कार्यक्रम की घोषणा की। पाकिस्तान आयरलैंड दौरे पर तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। तीनों मैच क्रमशः 10, 12 और 14 मई को डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। यह श्रृंखला संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्ट इंडीज में टी-20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की 12 मैचों की तैयारी का हिस्सा है। पाकिस्तान के आयरलैंड रवाना होने से पहले, न्यूजीलैंड पांच टी-20 मैच खेलने के लिए अप्रैल में पाकिस्तान पहुंचेगा, जिसका पहला मैच 18 अप्रैल को होगा। अंतिम मैच 27 अप्रैल को होगा। इसके बाद, पाकिस्तान इंग्लैंड के चार टी-20 मैचों के दौरे पर जाएगा, जो 22 मई से शुरू होगा।

**मियामी ओपन**

### दिमित्रोव ने क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय अल्काराज को हराया

**एजेंसी, मियामी गार्डंस ( अमेरिका )**

आठवें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव ने मियामी ओपन के क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीय कार्लोस अल्काराज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। दिमित्रोव की यह करीब पांच वर्ष में शीर्ष पांच रैंकिंग के खिलाड़ी पर पहली जीत है। अब वह शुक्रवार को सेमीफाइनल में चौथे वरीय एलेक्जैंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे, जिन्होंने वीरवार रात को गैर वरीय फैबियन मारोजसान पर 6-3, 7-5 से जीत हासिल की। दूसरे वरीय यानिक सिनर का सामना दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी रैंकिंग के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव से होगा, जो पिछले साल के फाइनल का दोहराव होगा जिसमें मेदवेदेव विजेता रहे थे। महिला वर्ग में चौथी वरीय एलीना रिबाकिना को फिर से तीन सेट से गुजरना पड़ा और अंत में उन्होंने सेमीफाइनल में विक्टोरिया अजारेंका पर 6-4, 0-6, 7-6 (2) से जीत हासिल की। अब रिबाकिना का सामना गैर वरीय डेनिलय कोलिंस से होगा जिन्होंने 14वें नंबर की एकैटरीना एलेक्यांद्रोवा को 6-3, 6-2 से हराया।



### स्काई रूट एयरोस्पेस ने किया विक्रम-1 रॉकेट के दूसरे चरण का सफल परीक्षण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंतरिक्ष क्षेत्र से संबंधित स्टार्टअप और रेंकिट लांच करने वाली भारत की पहली प्राइवेट कंपनी स्काई रूट एयरोस्पेस ने विक्रम-1 रॉकेट के दूसरे चरण का सफल परीक्षण किया है। कंपनी ने गुरुवार को उम्मीद जताई कि इस वर्ष के अंत तक इसकी मदद से एक उपग्रह को कक्षा में स्थापित भेजा जाएगा। कंपनी के बयान के अनुसार, विक्रम-1 रॉकेट के दूसरे चरण को कलाम-250 नाम दिया गया है।

कलाम-250 हाई पावर कार्बन मिश्रित रॉकेट मोटर है। 2 यह रॉकेट को वायुमंडलीय चरण से बाहरी अंतरिक्ष के वैक्यूम तक ले जाएगा। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से कलाम-250 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। यह परीक्षण 85 सेकंड तक चला। डाइनामाइट न्यूज़ संवाददाता के अनुसार रॉकेट में चार चरण होते हैं। कंपनी के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी पवन चंदना ने कहा, यह भारतीय अंतरिक्ष उद्योग के लिए मील का पत्थर है। यह भारतीय प्राइवेट क्षेत्र द्वारा डिजाइन और निर्मित अब तक की सबसे बड़ी प्रणौदन प्रणाली का सफल परीक्षण है।




### म्यांमार में सड़क हादसा, 27 घायल एक की मौत

**यांगून।** म्यांमार के मांडले क्षेत्र में कई वाहनों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एक कार ने पहले एक साइकिल को टक्कर मारी और फिर कपड़ा फैक्ट्री के कर्मचारियों को ले जा रहे दूसरे वाहन से टकरा गई। दोनों वाहनों के कुल 27 लोग घायल हुए हैं। वहीं, मृतकों में एक महिला शामिल थी। मायोसेट थिट मायट पारामी बचाव संगठन के एक अधिकारी क्याव को को ने सिन्हुआ को बताया कि दोनों वाहनों के कुल 27 लोग घायल हुए हैं।




### सरकारी ऑनलाइन मंच जीईएम पर खरीदारी चार लाख करोड़ रुपए के पार

#### जेईएम से प्राप्त सेवाओं में 205 फीसदी की वृद्धि दर्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की अधिक खरीद गतिविधियों से सरकारी ऑनलाइन मंच जीईएम पर चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अभी तक की खरीददारी चार लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गई है।

जेईएम से प्राप्त सेवाओं में 205 फीसदी की वृद्धि है। इसमें 21 लाख विक्रेता और सेवा प्रदाता शामिल हुए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अभी तक सरकारी मंच जीईएम के जरिए वस्तुओं तथा सेवाओं की खरीद चार लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गई है। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए सरकारी ई-मार्केट (जीईएम) मंच की शुरुआत नौ अगस्त, 2016 को की गई थी। जीईएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीके सिंह ने बताया कि 28 मार्च, 2024 तक खरीद चार लाख करोड़ रुपए को पार कर गई, जो ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में खरीद मूल्य 1.06 लाख करोड़ रुपये था, जो पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में दो लाख करोड़ रुपए को पार कर गया।

सिंह ने कहा कि मंच से सेवाओं की खरीद वित्त वर्ष 2022-23 में 66 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अभी तक 2.05 लाख करोड़ रुपए हो गई है।

### न्यूयार्क ऑटो शोः हुंडई टक्सन से उठा पर्दा

#### डेब्यू के बाद जून महीने तक डीलरों के पास पहुंचेगी गाड़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हुंडई ने न्यूयार्क इंटरनेशनल ऑओ शो में हुंडई टक्सन को पेश किया है। यह एसयूवी कॉस्मेटिक बदलावों और फीचर एडिशन के साथ अनवील की गई है।

टुशों का नया 2.5एल मॉडल जून 2024 में अमेरिकी डीलरशिप पर पहुंचेगा, जबकि 1.6एल टर्बो हाइब्रिड और प्लग-इन हाइब्रिड मॉडल 2024 की गर्मियों के अंत में उपलब्ध होंगे ( हालांकि भारत में नई टुशों के आने की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। संभावना है कि यह इस साल के अंत तक या अगले साल इंडियन मार्केट में एंट्री कर सकती है। 2025 हुंडई टक्सन में पैरामीट्रिक ज्वेल थीम और अपडेटेड सिग्नेचर एलईडी डीआरएल के साथ एक अपडेटेड फ्रंट ग्रिल है। आगे और पीछे के बंपरों को फिर से डिजाइन किया गया है और इनमें नई स्किड प्लेट्स लगाई गई हैं, जो टुशों को चौड़ा बनाती हैं। अन्य विजुअल अपडेट में नए अलॉय व्हील और एनोडाइज्ड एल्यूमीनियम बैजिंग शामिल हैं।



### कच्चा तेल 87 डॉलर प्रति बैरल पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी का रुख है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 87 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए, डीजल 87.62 रुपए, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए, डीजल 92.15 रुपए, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपए, डीजल 90.76 रुपए, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपए और डीजल 92.34 रुपए प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 1.59 डॉलर, यानि 1.86 फीसदी के उछाल के साथ 87 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर है।

### केंद्र ने एक अप्रैल से गेहूं स्टॉक की अनिवार्य घोषणा करने का दिया आदेश



**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को एक अप्रैल से गेहूं की स्टॉक स्थिति की अनिवार्य घोषणा का आदेश जारी किया है। सरकार ने यह कदम जमाखोरी और सट्टेबाजी रोकने के लिए उठाया है।

सभी श्रेणियों की संस्थाओं की ओर से चावल के स्टॉक की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने जारी एक आदेश में कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रोसेसरों को एक अप्रैल से प्रभावी सरकारी पोर्टल पर गेहूं की अपनी स्टॉक की स्थिति घोषित करनी होगी। वर्तमान में गेहूं की स्टॉक सीमा जारी करने की तिथि 31 मार्च को समाप्त हो रही है। मंत्रालय के मुताबिक सरकार की ओर से जारी आदेश में आगे कहा गया है कि हर संस्था को पहले पोर्टल https://evegoils.nic.in पर पंजीकृत करना होगा। इसके उपरांत हर शुक्रवार को गेहूं और चावल के स्टॉक का खुलासा करना होगा। मंत्रालय के मुताबिक देश में खाद्य वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने और आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गेहूं और चावल की स्टॉक स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

**जमाखोरी और सट्टेबाजी रोकने के लिए सरकार ने उठाया यह कदम**

**बाजार** एफकांस इंफ्रास्ट्रक्चर ने सात हजार करोड़ के आईपीओ के लिए डीआरएचपी की फाइल

## आईपीओ लाने की तैयारी में शापूरजी पल्लेनज समूह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश में इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में अब तक का सबसे बड़ा प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) आने वाला है। शापूरजी पल्लोनजी समूह की प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर फर्म, एफकांस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने सात हजार करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए डीआरएचपी फाइल की है।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि शापूरजी पल्लोनजी समूह की प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग और कंस्ट्रक्शन कंपनी एफकांस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एआईएल) ने आईपीओ के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। कंपनी के शेयर की फेस वैल्यू 10 रुपए प्रति इक्विटी शेयर होगी। इस पब्लिक इश्यू में आईपीओ के साथ-साथ ओएफएस, यानि ऑफर फॉर सेल को शामिल किया गया है। कंपनी के आईपीओ का साइज सात हजार करोड़ रुपए का है, जो इंफ्रा सेक्टर में अबतक का सबसे बड़ा इश्यू साइज है। इस इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग के जरिए कंपनी 1250 करोड़ रुपए के फ्रेश इश्यू जारी करेगी। इसके अलावा इस इश्यू में 5750 करोड़ रुपए का ऑफर फॉर सेल भी शामिल होगा। इसमें गोस्वामी इंफ्राटेक की ओर से 5750 करोड़ रुपए के शेयर जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही योग्य कर्मचारियों के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था होगी। उल्लेखनीय है कि एफकांस पांच प्रमुख बुनियादी ढांचा व्यवसाय क्षेत्रों में कारोबार करता है। इसमें समुद्री और औद्योगिक, जिसमें बंदरगाह, सूखी गोदी, एलएनजी टैंक और सामग्री प्रबंधन प्रणाली जैसी परियोजनाएं हैं। वहीं, भूतल परिवहन, जिसमें राजमार्ग, इंटरचेंज, खनन अवसंरचना और रेलवे शामिल है। शहरी बुनियादी ढांचा, जिसमें मेट्रो कार्य, पुल, फ्लाइओवर और ऊंचे गलियारा क्षेत्र के लिए काम करती हैं।

इसके अलावा पनबिजली और भूमिगत, जिसमें बांध, सुरंगें और पानी से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं। तेल और गैस, तेल और गैस क्षेत्र में अपतटीय और तटवर्ती परियोजनाएं शामिल हैं।

